

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी निफ्टी सेंसेक्स ऊपर चढ़े - 12



युद्ध से आपूर्ति संकट... देश में एलपीजी की खपत में हुई 17 प्रतिशत की गिरावट - 12



टीएमसी बंगाल में 291 सीटों पर लड़ेंगी चुनाव - 13



पत्नी के सीधे सरल सवाल ने बदल दिया सूर्यकुमार यादव का करियर- 14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.21
सूर्यास्त 06.25

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 08:25 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2083

बुधवार, 18 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 349, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# हमले में ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और टॉप कमांडर सुलेमानी मारे गए

## इजराइल के रक्षा मंत्री ने की पुष्टि, खामेनेई के मारे जाने के बाद लारीजानी ने संभाली थी कमान

**चीन की बड़ी पहल**

- **ईरान, लेबनान व पड़ोसी देशों को इमरजेंसी मानवीय मदद की घोषणा**
- **इजराइली सेना ने ईरान के कई शहरों पर किए हमले**

यरूशलम/दुबई/बीजिंग, एजेंसी







संयुक्त अरब अमीरात में ड्रोन के ईधन के टैंक से टकराने के बाद उठता धुएं का गुबार। इनसेट में मारे गए लारीजानी व सुलेमान।

इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी सेना ने रात भर किए गए हमले में ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और रिवोल्यूशनरी गार्ड के स्वयंसेवी बल बासिज के प्रमुख गुलामरजा सुलेमानी को मार गिराया है। इस बल को ईरान में प्रदर्शनों को दबाने के लिए एक अहम बल माना जाता है। बहरहाल, ईरान ने अभी तक सुलेमानी की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

इजराइली सेना ने कहा, बासिज बल ईरानी आतंकी शासन की सशस्त्र व्यवस्था का हिस्सा है। उसने कहा, ईरान में आंतरिक विरोध प्रदर्शनों के दौरान, खासकर हाल के समय में जब प्रदर्शन तेज हुए तो सुलेमानी के नेतृत्व में बासिज बलों ने दमन की मुख्य कार्रवाई की, जिसमें भीषण हिंसा, व्यापक गिरफ्तारियां और असैन्य प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग शामिल था। इजराइली सेना ने ईरान के कई शहरों में हमले किए। इजराइली ने दावा किया है कि हमले में बसीज फोर्स के 300 सैनिकों की मारे गए हैं। इस बीच ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि पहले अमेरिका और इजराइल से हिसाब लिया जाएगा, उसके बाद ही शांति की बात की जाएगी। वहीं, चीन ने भीषण संघर्ष के बीच मानवीय संकट को कम करने के लिए ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। प्रवक्ता ने कहा कि युद्ध ने ईरान तथा इस क्षेत्र के अन्य देशों के नागरिकों के लिए असहनीय मानवीय आपदा पैदा कर दी है।

### ईयू नहीं देगा अमेरिका का साथ, कहा- ये हमारी लड़ाई नहीं, ट्रंप नाराज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि हॉर्मुज स्ट्रेट मार्ग को सुरक्षित करने के लिए उन्होंने जिस गठबंधन का प्रस्ताव रखा है, उसके प्रति सहयोगियों में उत्साह की कमी है। ट्रंप ने सोमवार देर रात ओवल ऑफिस में कहा कि ईरान के साथ संघर्ष जल्द ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस हफ्ते किसी समाधान की संभावना कम है। उन्होंने इस सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जरूरी था। ट्रंप ने कहा, यह अभियान जल्द ही खत्म हो जाएगा। हमारी दुनिया कहीं ज्यादा सुरक्षित होगी। यूरोपीय यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि यूरोप के देशों में होर्मुज स्ट्रेट में युद्धपोत भेजने को तैयार नहीं हैं। कोई भी अपनी जनता को खतरे में डालना नहीं चाहता।

### शीर्ष अमेरिकी अधिकारी केंट का इस्तीफा, कहा- मेरा दिल ईरान युद्ध का समर्थन करने की गवाही नहीं देता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी केंद्र के निदेशक जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि उनका दिल इस बात की गवाही नहीं देता कि वह ट्रंप प्रशासन के ईरान युद्ध का समर्थन करें। केंट ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान से हमारे देश को कोई तात्कालिक खतरा नहीं था, और यह स्पष्ट है कि हमने इस युद्ध की शुरुआत इजराइल तथा उसकी शक्तिशाली अमेरिकी लॉबी के दबाव के कारण की। गत जुलाई में 44 के मुकाबले 52 मतों से केंट को उनके पद पर नियुक्त किया गया था।

# धार्मिक यात्रा में श्रद्धा सर्वोपरि पर्यटन बाद में : मुख्यमंत्री



कैलाश मानसरोवर तीर्थ के दर्शनार्थियों को लखनऊ में वित्तीय सहायता राशि के वितरण कार्यक्रम में श्रद्धालु को चेक देते मुख्यमंत्री योगी।

- **कैलाश मानसरोवर की यात्रा से लौटे 555 लोगों को एक-एक लाख रुपये दिए**
- **योगी बोले- धार्मिक स्थलों पर बढ़ती भीड़ चुनौती के साथ अवसर भी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तीर्थ यात्राएं केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। धार्मिक यात्राओं में श्रद्धा सर्वोपरि होनी चाहिए, जबकि पर्यटन और मनोरंजन बाद में आते हैं। उन्होंने सचेत किया कि यदि यह संतुलन बना रहे तो तीर्थ स्थलों की पवित्रता और मर्यादा सुरक्षित रह सकती है और आने वाली पीढ़ियां भी इन मूल्यों से जुड़ी रहेंगी।

वे मंगलवार को लोकभवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे 555 श्रद्धालुओं को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि वितरित करने बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में तीर्थ यात्रा व्यक्ति को संस्कार, अनुशासन और सामाजिक एकता का बोध कराती है। आदि शंकराचार्य द्वारा चारों दिशाओं में पीठों की स्थापना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय राजनीतिक विविधता के बावजूद भारत सांस्कृतिक रूप से एक था और आज भी उसी भावना को बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थ स्थलों पर सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। वर्ष 2017-18 में गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां यात्रियों को यात्रा से पूर्व आवश्यक सुविधाएं मिलती हैं।

सीएम ने बताया कि वर्ष 2025 में प्रदेश के विभिन्न धर्मस्थलों पर 164 करोड़ श्रद्धालुओं का आगमन हुआ, जिनमें से 66 करोड़ प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचे। काशी, अयोध्या और मथुरा-वृंदावन जैसे प्रमुख स्थलों पर बढ़ती भीड़ जहां व्यवस्थाओं के लिए चुनौती है, वहीं यह पर्यटन, रोजगार व आर्थिक गतिविधियों के विस्तार का अवसर भी प्रदान करती है। सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मजबूत कर रही है। अयोध्या, काशी, प्रयागराज, चित्रकूट, विंध्याचल और नैमिषारण्य जैसे तीर्थस्थलों पर बीते वर्षों में व्यापक विकास कार्य हुए हैं। साथ ही सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

**ब्रीफ न्यूज**

### एयर इंडिया के बोइंग 777-300 ईआर विमान ने 6 साल बाद भरी उड़ान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के पुराने बोइंग 777-300ईआर विमान ने छह साल से अधिक समय तक सेवा से बाहर रहने के बाद फिर से उड़ान भरना शुरू कर दिया है। एयरलाइन ने मंगलवार को बताया कि विमान वीटी-एएलएल को फिर से उड़ान के लायक बनाने के लिए 3,000 से अधिक नए प्रमुख पुर्जे लगाए गए और 4,000 से ज्यादा मरम्मत कार्य पूरे किए गए। ये सभी काम एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (एआईईएसएल) के नागपुर स्थित मरम्मत एवं रखरखाव (एमआरओ) केंद्र में हुए। एयरलाइन ने कहा कि यह विमान फरवरी, 2020 में कई तकनीकी खामियों और पुराने हो चुके पुर्जों के कारण सेवा से हटा दिया गया था।

### यूपी रेरा ने 13 जिलों में 24 रियल एस्टेट परियोजनाएं की मंजूर

**ग्रेटर नोएडा।** उप्र भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने मंगलवार को 13 जिलों में 24 रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी जिनमें गौतमबुद्ध नगर जिले की सबसे अधिक पांच परियोजनाएं शामिल हैं। यूपी-रेरा की 198वीं बैठक में स्वीकृत इन परियोजनाओं में फ्लैट, विला, भूखंड और दुकानों को मिलाकर कुल 7,830 इकाइयों का विकास किया जाएगा। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि आवासीय, वाणिज्यिक और मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी।

# अब 24 घंटे के अंदर मिलेगा पीएनजी का नया कनेक्शन

- **पाइपलाइन बिछाने के लिए तमाम मंजूरियों की जरूरत नहीं**

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने पाइप के माध्यम से रसोई गैस का पीएनजी कनेक्शन लेने वालों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू करने के साथ- साथ नए आवेदनों को 24 घंटे में मंजूरी देने का निर्णय लिया है।

उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध कराने के लिए सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ व्यापक अभियान चला रही है । इसके तहत पिछले कुछ दिनों में देश भर में लगभग 12,000 छापे मारे गए हैं और लगभग 15,000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा घरेलू एलपीजी का उत्पादन भी 38 प्रतिशत बढ़ गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मंगलवार को बताया कि केन्द्र सरकार वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी में स्थानांतरित करने की कोशिश कर रही है। केंद्र ने राज्य सरकारों को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है कि पीएनजी की नई पाइपलाइन बिछाने के लिए सभी अनुमतियां स्वीकृति मानी जाएं और स्थानीय प्राधिकरण द्वारा लगाए जाने वाले सड़क पुनर्स्थापन और अनुमति शुल्क को माफ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जीएएल अथॉरिटी ऑफ इंडिया पहले ही सभी सीजीडी कंपनियों के साथ बैठक कर चुकी है। इसके अलावा, पीएनजी आरबीआई ने भी एक परामर्श जारी किया है। शर्मा ने कहा, हमारी सीजीडी कंपनियां जैसे आईजीएल, एमजीएल, जीएएल इंडिया और बीपीसीएल ने उन कंपनियों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन घोषित किए हैं जो पीएनजी कनेक्शन लेना चाहती हैं।

### युद्ध क्षेत्र से दूसरा एलपीजी टैंकर भारत पहुंचा, 22 अन्य जहाजों को लाने के प्रयास जारी



**नई दिल्ली।** भारतीय ध्वज वाला दूसरा एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकलने के बाद मंगलवार तड़के स्वदेश पहुंच गया। युद्ध क्षेत्र में फंसे अन्य 22 भारतीय जहाजों को सुरक्षित लाने के प्रयास जारी हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी टैंकर नंदा देवी, मंगलवार तड़के लगभग 2 :30 बजे गुजरात के कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। सोमवार को पहला जहाज, शिवालिक गुजरात के मुंदड़ा बंदरगाह पर पहुंचा था। दोनों जहाज पर लगभग 92,712 टन एलपीजी हैं। यह देश में एक दिन की खाना पकाने की गैस की आवश्यकता के बराबर है।

# बदायूं गोलीकांड: हत्यारोपी की 11 दुकानों पर गरजे बुलडोजर

- **प्रशासन की देखरेख में की गई दुकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई, भारी फोर्स रही मौजूद**
- **52 और दुकानें निशाने पर, साजिश में शामिल ड्राइवर सहित दो और गिरफ्तार**

संवाददाता, दातागंज/म्याऊं/ बदायूं



सैंजनी गांव स्थित दुकानों को ध्वस्त करते बुलडोजर।

**अमृत विचार :** एचपीसीएल प्लांट में सरेआम दो अफसरों की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह और उसके परिवार की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। मंगलवार को प्रशासनिक टीमों ने सैंजनी गांव स्थित 11 दुकानें पुलिस-पीएसी की सुरक्षा के बीच जमींदोज करा दीं।

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई गईं 52 और दुकानें भी खाली करा दी गई हैं, जिन पर कभी भी बुलडोजर गरज सकता है। वहीं, पुलिस ने प्लांट के गैस किट ऑपरेटर मुनेन्द्र विक्रम सिंह व गाड़ी ड्राइवर धर्मेन्द्र यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह दोनों भी हमलावर अजय प्रताप सिंह के साथ गोलीकांड की साजिश में शामिल पाए गए हैं। बदायूं में थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी में स्थित प्लांट में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा की हत्या को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है। एसएसपी, सीओ का तबादला और थाना प्रभारी व हल्का इंचार्ज का निलंबन पहले ही किया चुका है। पुलिस एनकाउंटर में घायल होने के बाद हमलावर अजय सिंह भी सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। डीएम अवनीश राय और नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा की निगरानी में पुलिस और प्रशासनिक टीमें सख्ती से आगे की कार्रवाई में जुटी नजर आ रही हैं। अफसरों का कहना है कि आरोपी के परिवार की 52 और दुकानें भी अतिक्रमण को लेकर जांच के दायरे में हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जांच में प्लांट के दो और कर्मचारी षड्यंत्र में शामिल निकले। प्लांट की बुलेरो गाड़ी चलाने वाला कांसपुर, दातागंज निवासी धर्मेन्द्र यादव और गैस किट ऑपरेटर ग्राम बिहारीपुर अजब निवासी मुनेंद्र विक्रम सिंह ने खूनी कृत्य में हमलावर अजय का पूरा साथ दिया था। ड्राइवर ने वारदात कर भागने के लिए गाड़ी अजय सिंह को दी थी।

### हरदीप पुरी की बेटी को एप्स्टीन से जोड़ने वाली सोशल मीडिया सामग्री हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी को दोषी अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से जोड़ने वाली सोशल मीडिया सामग्री को 24 घंटे के भीतर हटाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा ने उपयोगकर्ताओं को सोशल मीडिया मंचों पर किसी भी तरह से ऐसी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित करने से भी रोका। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि उपयोगकर्ता पोस्ट नहीं हटाते हैं, तो मंच ऐसी सामग्री को हटा देंगे या उस (सामग्री) तक पहुंच को अवरुद्ध कर देंगे।

# दरोगा 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



- **देर शाम आरोपी दरोगा को निलंबित किया गया, स्वार कोतवाली में था तैनात**

**संवाददाता स्वार(रामपुर)।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने मंगलवार को स्वार कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। देर शाम दरोगा को निलंबित कर दिया गया।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के सीगनखेड़ा गांव निवासी यशपाल का अपनी दूसरी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। दूसरी पत्नी ने कुछ दिन पूर्व स्वार कोतवाली में तहरीर दी थी जिसकी जांच उप निरीक्षक ओमकार नाथ कर रहे थे। कुछ दिन पूर्व उप निरीक्षक ने सफाई कर्मी को बुलाया और मामले के निस्तारण के लिए 10 हजार रुपए मांगे। सफाई कर्मी ने एक हजार रुपए देकर शेष पैसे बाद में देने की बात कही। शुक्रवार को उसने एंटी करप्शन ब्यूरो मुरादाबाद में शिकायत की। मंगलवार को एंटी करप्शन की इंस्पेक्टर राखी के नेतृत्व में टीम स्वार कोतवाली पहुंची। यशपाल ने दरोगा को फोन कर मिलने की बात कही। दरोगा ने उसे मिशन शक्ति केंद्र में बुलाया। यशपाल ने जैसे ही दरोगा को 10 हजार रुपये दिए वैसे ही टीम ने दबोच लिया।

दरोगा के हाथ धुलवाए, तो पानी का रंग गुलाबी हो गया। टीम आरोपी को लेकर अजीमनगर थाने आ गई और मुकदमा दर्ज कराया। आरोपी उपनिरीक्षक मूल निवासी हरदोई का है, वर्तमान में आशुतोष सिटी इज्जतनगर बरेली रहता है।

# लोकसभा के आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सदन ने कहा- सुचारू संचालन के लिए लक्ष्मण रेखा होना जरूरी**

लोकसभा ने मंगलवार को उन आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जिन्हें संसद के वर्तमान बजट सत्र के पहले चरण में सदन की अवमानना के मामले में निलंबित किया गया था। इसके साथ ही, सदन में इस बात पर जोर दिया गया कि सदन के सुचारू रूप से संचालन के लिए सदस्यों के लिए लक्ष्मण रेखा होना जरूरी है।

सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने आसन से निलंबन रद्द करने का अनुरोध किया और विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद भी जताया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने निलंबन खत्म करने का प्रस्ताव सदन में रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। कांग्रेस नेता सुरेश ने आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन खत्म करने का आग्रह करते हुए कहा, हम आसन के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं...सत्तापक्ष की तरह हमें भी बराबर का मौका मिलना चाहिए। समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा, सारे सदस्यों की जिम्मेदारी बनती है कि सदन की मर्यादा का पालन करते हुए सदन को चलाएं... सत्तापक्ष के लोग संकल्प लें तभी सदन सुचारू तरीके से चलेगा। उनका यह भी कहना था कि सदन के सुचारू संचालन के लिए 'भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को अपना आचरण सुधारना होगा। इस पर निशिकांत दुबे ने आपत्ति जताई और कहा कि मैंने जीवन में कभी लोकतंत्र और संसद की मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, देश में एक संदेश जाना चाहिए कि हम एक-दूसरे का सम्मान करते हुए सदन चला रहे हैं और हम सब देश की सेवा के लिए यहां आए हैं। जनता दल (यू) के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि ताली दोनों हाथ से बजती है तथा ऐसे में विपक्ष को भी लोकतांत्रिक परंपरा का पालन करना चाहिए।

**ऐतिहासिक फैसला** — सुप्रीम कोर्ट ने मातृत्व लाभ की आयु सीमा खत्म की

# तीन माह से बड़े बच्चों को गोद लेने पर भी मिलेगी मैटरनिटी लीव

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020'' के उस प्रावधान को रद्द कर दिया, जो केवल तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली माताओं को ही मातृत्व लाभ देने की अनुमति देता था। अदालत ने इस प्रतिबंध को मनमाना और संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन करार दिया है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की।

पीठ ने माना कि बच्चा तीन महीने से कम का हो या अधिक का, गोद लेने वाली मां की भूमिका और जिम्मेदारियां एक समान होती हैं।



गोद लिए गए बच्चे की जरूरतें जैविक बच्चे से अलग नहीं होतीं। न्यायालय ने कहा कि केवल बच्चे की उम्र के आधार पर माताओं के बीच भेदभाव करना कृत्रिम है और इसका कोई ठोस आधार नहीं है। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश में कानूनी रूप से गोद लेने की प्रक्रिया पूरी होने तक बच्चा अक्सर तीन महीने की उम्र पार कर चुका होता है। ऐसे में पुराना नियम अधिकतर माताओं को इस लाभ से वंचित कर रहा था। न्यायालय के इस फैसले का परिणाम यह होगा कि बच्चा गोद लेने वाली सभी माताएं और कमीशनिंग मदर्स (सरोगेसी के मामले में) बच्चे के सुपुर्दगी की तारीख से 12 सप्ताह के मातृत्व लाभ की हकदार होंगी। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि बच्चे की उम्र अब मातृत्व लाभ के लिए बाधा नहीं बनेगी। न्यायालय ने माना कि गोद लेने के बाद बच्चे और माता-पिता के बीच भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक तालमेल बिठाने के लिए शुरुआती समय और सरकारी सहायता अनिवार्य है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को पितृत्व अवकाश पर भी विचार करने का दिया सुझाव

उच्चतम न्यायालय ने इस फैसले के साथ एक कदम आगे बढ़ते हुए केंद्र सरकार को पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने पर विचार करने का सुझाव दिया। न्यायालय ने कहा कि देखभाल की जिम्मेदारी केवल माता की नहीं होती, इसलिए पिता के लिए भी अवकाश का प्रावधान होना चाहिए जो बच्चे और माता-पिता दोनों की जरूरतों के अनुरूप हो। यह फैसला 'मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961' और बाद में सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020' में शामिल हुए पुराने प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है।

## ब्रीफ न्यूज

### वीडियो बनाने से रोका तो युवतियों को पीटा

स्वार, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरापुर निवासी मीना नगर पालिका कॉम्प्लेक्स स्थिब्यूटी पार्लर में काम करती है। आरोप है कि मंगलवार की दोपहर में एक युवती अपनी दो तीन सहेलियों के साथ पार्लर पर पहुंची और मोबाइल से वीडियो बनाने लगी। मीना ने विरोध किया तो युवतियां भड़क उठीं और उसके साथ मारपीट की। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### स्कूली वाहनों पर कसेगा शिकंजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले में बिना टैक्स और फिटनेस के चल रहे स्कूली वाहनों पर अब परिवहन विभाग एक अप्रैल से कार्रवाई करेगा। एआरटीओ प्रशासन आंज्नेय कुमार ने बताया कि कई स्कूलों द्वारा संचालित वाहन बिना वैध फिटनेस, टैक्स और प्रदूषण प्रमाणपत्र के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हो सकते हैं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन और वाहन मालिकों के खिलाफ चालान, सीज और अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### रेल ब्लॉक के चलते कई ट्रेनें प्रभावित

मुरादाबाद, अमृत विचार : ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक कार्य उत्तर रेलवे की रायवाला–देहरादून सिंगल लाइन पर होने के चलते गाड़ी संख्या 14119 काठगोदाम–देहरादून एक्सप्रेस 18 मार्च को 30 मिनट के अंतर से 60 मिनट देर से मुरादाबाद पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 15119 बनारस–देहरादून 18 मार्च को 30 मिनट और गाड़ी संख्या 12401 कोटा–देहरादून एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित रहेगा।

### बिलासपुर के युवक से बरेली में लूट

बिलासपुर, अमृत विचार : गांव मुल्लाखेड़ा निवासी अंकुर कुमार मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। परिजनों के अनुसार रविवार की सुबह वह मजदूरी करने के लिए पीलीभीत रवाना हुआ था। रोडवेज़ बस से जब वह बरेली पहुंचा, तो रास्ते में किसी ने उसे निशाना बना लिया। उसे नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर बेहोश कर दिया। बाद में बदमाश ने उसकी जेब में रखे तीन हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए।

# अपहरण की साजिश नाकाम, पांच बदमाश गिरफ्तार

## एक बड़े व्यापारी का अपहरण कर फिरौती में मोटी रकम वसूलने की योजना थी

- आरोपियों के पास से पिस्टल, तमंचा कारतूस, चाकू, मोबाइल, सिम बेहोशी के इंजेक्शन बरामद किए

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

अमृत विचार: मैनाठेर थाना पुलिस और एसओजी ने अपहरण की साजिश रचने के दौरान ही के पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से अवैध हथियार, कार व अन्य सामान बरामद किए गए हैं। 16 मार्च की देर रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान फरीदपुर अंडरपास के पास घेराबंदी कर बदमाशों को पकड़ा।

सोमवार की देर रात मैनाठेर पुलिस को किसी व्यक्ति के अपहरण करने की सूचना मिली। जिसके बाद मैनाठेर पुलिस व एसओजी टीम ने बताए गए स्थान उमरी-सब्जीपुर रोड स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी कर ली। कुछ ही दूरी पर पुलिस को एक सफेद रंग की कार खड़ी दिखाई पड़ी जिसमें कुछ व्यक्ति बैठे थे। पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगे। जिस पर टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



बदमाशों के बारे में जानकारी देते एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह। ● अमृत विचार


अपराधियों से बरामद हथियार व अन्य सामान।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सारिक उर्फ लाला, इमरान, जाने आलम, रिजवान उर्फ बड़ा और इमरान दूसरे के रूप में हुई है। सभी आरोपी मुरादाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने बताया कि वह आर्थिक तंगी के कारण "डिजाइन वर्ल्ड एनआईसी फर्म के मालिक याहया के अपहरण की योजना बना रहे थे, जिससे उनसे फिरौती की मोटी रकम वसूली जा सके। मैनाठेर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह ने बताया किपकड़े गए बदमाशों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### पकड़े गए बदमाशों से यह हुई बरामदगी

तलाशी के दौरान पुलिस ने सफेद कार जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई और इसके अलावा आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल .32 बोर, तीन तमंचा 315 बोर, नौ कारतूस, एक चाकू, बेहोश करने के लिए इंजेक्शन व सीरिंज, रस्सी, दुपट्टा, मास्क, सेलोटेप, पेचकश, तीन मोबाइल फोन, एक फर्जी आरसी तथा 8,160 रुपये नकद बरामद किए गए।

### फैक्ट्री कर्मी ने ही कराई थी रेकी

फैक्ट्री में काम करने वाले इमरान ने ही फैक्ट्री मालिक की रेकी कराई थी। बदमाशों ने बताया कि उन्होंने पकडे जाने से बचने के लिए गाडी पर फर्जी नंबर प्लेट लगा दी थी और फिरौती मांगने के लिए अलग से मोबाइल व सिम का इंतजाम किया था।

# सिविल लाइन पुलिस ने तीन शातिर बदमाश दबोचे


सिविल लाइन पुलिस की गिरफ्त में शातिर बदमाश। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- आरोपियों के पास से अवैध हथियार, फर्जी नंबर प्लेट वाली कार बरामद

अमृत विचार: सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनके पास से अवैध हथियार और एक संदिग्ध कार बरामद की गई है जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी।

प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि मंगलवार को थाना पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कांठ रोड स्थित पुल के नीचे कुछ व्यक्ति किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़े हैं और उनके पास अवैध हथियार मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने कार में बैठे तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से तीन तमंचा और तीन कारतूस बरामद किए गए। साथ ही एक कार भी बरामद हुई, जिसकी नम्बर प्लेट बदली हुई थी। पकड़े गए बदमाशों की पहचान हरेन्द्र भाटी, हिमांशु निवासी ग्राम लदावली थाना छजलैट, प्रियांश चौधरी गांव शेरुआ धर्मपुर थाना सिविल लाइन के रूप में हुई।

# 14 वर्ष की किशोरियों को लगेगा टीका

मुरादाबाद, अमृत विचार: जनपद में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की किशोरियों का एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार किशोरियों को गार्डासिल-4 वैक्सीन के माध्यम से टीका लगाया जाएगा। यह टीकाकरण अभिभावकों की लिखित सहमति के बाद ही किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे विद्यालयों में पात्र किशोरियों की सूची तैयार कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। स्कूलों में अभिभावकों की सहमति प्राप्त करने के लिए पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अभिभावकों को जागरूक करेंगे। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को मदरसों में पढ़ने वाली किशोरियों को इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। जिला सूचना विभाग को प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# महराना में 40 बीघा सरकारी जमीन कराई मुक्त

- गांव में पशुचर व खलिहान की 65 बीघा सरकारी जमीन पर किया गया था कब्जा

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: तहसील संभल के गांव महराना में राजस्व विभाग की टीम नेपशुचर व खलियान की करीब 65 बीघा सरकारी भूमि को चिन्हित कर उसमें से 40 बीघा जमीन को कब्जामुक्त करा लिया। जबकि शेष भूमि पर बने 22 मकानों को चिन्हित कर उन पर निशान लगा दिए गए।

थाना नखासा क्षेत्र के गांव महराना में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत ग्रामीण रविराज द्वारा की गई थी। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर एसडीएम निधि पटेल ने कब्जामुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए।


महराना गांव में सरकारी जमीन की पैमाइश करती राजस्व टीम। ● अमृत विचार

इसके लिए नायब तहसीलदार बबलू कुमार के नेतृत्व में दो कानूनगो और आठ लेखपालों की टीम गठित की गई। मंगलवार दोपहर टीम गांव पहुंची और शाम तक भूमि की पैमाइश की। गाटा संख्या 78, 79, 82 (कल्याण) तथा 81, 76, 68, 71, 77, 85, 83 पर अवैध कब्जा पाया गया। कुल 65 बीघा भूमि चिन्हित होने के बाद प्रशासन ने 40 बीघा जमीन में खड़ी गेहूं की फसल जुतवाकर जमीन को कब्जामुक्त करा दिया। प्रशासन ने 22 मकानों की पैमाइश कर उन्हें चिन्हित करते हुए लाल निशान लगा दिए। कार्रवाई के दौरान गांव में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए थाना पुलिस के साथ पीएसी व आरआरएफ बल भी मौके पर तैनात रहा।

### गांव की राजनीति से पैदा हुआ आशियाना उजड़ने का खतरा

महराना गांव में राजस्व टीम ने कार्रवाई की तो गांव के लोग यह कहते दिखे कि गांव की आपसी राजनीति की वजह से ही फसल उजड़ी है वहीं तमाम लोगों के घर टूटने का खतरा भी पैदा हो गया है। कहा जा रहा है कि ग्राम प्रधान पद को लेकर शुरु हुई राजनीति में गांव के लोग दो धड़ों में बंटे हैं और इसी वजह से विरोधी गुट को झटका देने के लिए जमीन को लेकर शिकायतें शुरू हुई थीं।

# आईएसआईएस से जुड़े छात्र के दोस्तों रिश्तेदारों से की जा रही पूछताछ

- कई जिलों में खंगाले जा रहे आरोपी छात्र के संपर्क
- एंटी टेररिस्ट स्क्वाड ने विस्तृत किया जांच का दायरा

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

अमृत विचार: आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से जुड़े बीडीएस छात्र की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। सोमवार को मुरादाबाद स्थित उसकी यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार किए गए छात्र हारिश अली से पूछताछ के बाद अब एटीएस उसकी गतिविधियों, संपर्कों और संभावित नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

एटीएस की टीम फिलहाल मुरादाबाद में ही डेरा डाले है और आरोपी के नजदीकी दोस्तों,रिश्तेदारों व परिचितों से लगातार पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसी को आरोपी के मोबाइल फोन और लैपटॉप से कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। इन डिवाइसों से प्राप्त डाटा के आधार पर संदिग्ध मोबाइल नंबरों और सोशल मीडिया संपर्कों की जांच की जा रही है। आरोपी छात्र ने अपने संपर्क में कुछ अन्य युवाओं को भी जोड़ा था। एटीएस अब इन युवाओं की पहचान कर उनकी गतिविधियों की पड़ताल कर रही है। इसी कड़ी में विद्यालय परिसर में उसके साथ रहने वाले साथियों और करीबी मित्रों से भी गहन पूछताछ की गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी की विचारधारा और गतिविधियों से कौन-कौन प्रभावित था। जांच का दायरा अब मुरादाबाद तक सीमित नहीं रहा है। एटीएस की टीमें रामपुर और संभल जिलों में भी सक्रिय हो गई हैं, जहां आरोपी के संभावित संबंधों और संपर्कों की जानकारी जुटाई जा रही है। इन जिलों में भी उसके परिचितों और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जाएगी।

एटीएस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों की पुष्टि की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद विद्यालय परिसर और आसपास के इलाकों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। स्थानीय पुलिस और खुफिया एजेंसियां भी एटीएस के साथ समन्वय बनाकर काम कर रही हैं। एटीएस द्वारा की जा रही इस व्यापक जांच से आने वाले दिनों में और अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## पहले भी पकड़ा जा चुका है आतंकी संगठनों का नेटवर्क

- 2008 में आतंकी गतिविधियों में सक्रियता पर संभल के आसिफ को ले गई थी लखनऊ की एटीएस

मुरादाबाद,अमृत विचार: आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के लिए भर्ती कराने के आरोप में बीडीएस का छात्र पकड़ा गया है। आतंकी संगठनों से मंडल के मुरादाबाद ,संभल और रामपुर के तार जुड़े होने का खुलासा पहले भी कई लोगों के पकड़े जाने से हुआ था।

2008 में संभल, मुरादाबाद जनपद की तहसील हुआ करता था। तब थाना नखासा के मोहल्ला दीपा सराय में आसिफ को एटीएस लखनऊ ने पकड़ा था। आसिफ पर लड़कों को बरगला कर आतंकी संगठनों से जोड़ने और वहां तक पहुंचाने की बात का खुलासा हुआ था। उस समय संभल के कई नौजवानों के अचानक गायब होने चर्चा थी। कई नौजवानों के दूसरे मुल्कों में रहने का भी खुलासा हुआ था। वहीं मुरादाबाद में संदिग्ध आतंकी पकड़े जा चुके हैं। हिजबुल. मुजाहिदीन के आतंकी उल्फत हुसैन और आईएस, लश्कर-ए-तैयबा का भी बड़ा नेटवर्क का खुलासा हुआ था। मुगलपुरा थाना क्षेत्र में 27 अक्टूबर 2017 को एटीएस और पुलिस की संयुक्त टीम ने गोधरा कांड के आरोपी और लश्कर-ए- तैयबर के सदस्य फरमान को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि उस छह अगस्त 2017 में दिल्ली की टीम ने पोटा मामले में गिरफ्तार किया था। 2009 में दिल्ली हाई कोर्ट से वह जमानत पर छूट गया था कोर्ट में उसका पासपोर्ट जब्त करने के साथ विदेश जाने पर रोक लगाई थी। सिद्धार्थनगर जनपद के शोहरतगढ़ निवासी फरमान मुरादाबाद आ गया था मुरादाबाद में ड्राइविंग लाइसेंस और राशन कार्ड बनवाकर मुगलपुरा क्षेत्र में किराए पर के मकान में रह रहा था उसने ड्राइविंग लाइसेंस और राशन कार्ड बनवा लिया था। पासपोर्ट और वीजा बनवाया और कुवैत भाग गया था। मूंढापांडे के मिलक गुलड़िया निवासी अहमद रजा उर्फ शाहरुख जयपुर स्थित मदरसे में पढ़ाई करने गया था। दीनी तालीम हासिल करने बादे वह वहीं मदरसे में पढ़ाने लगा था इस दौरान हिजबुल मुजाहिदीन के अनंतनाग निवासी आतंकी फिरदौस के संपर्क में आ गया था। 3 अगस्त 2023 को गिरफ्तार हुआ अहमद रजा ने अनंतनाग में जाकर हथियार चलाने की ट्रेनिंग मिली। 3 अगस्त को गिरफ्तार होने वाला अहमद उर्फ शाहरुख मूंढापांडे का रहने वाला था।

# पीतल की मूर्तियों पर महंगाई की मार

- गैस सिलेंडर महंगे होने और कारीगरों की मजदूरी बढ़ने से कीमतों में उछाल, सप्लाई भी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अंकुर।


कक्कू अरोरा।

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र 19 से शुरु होगी। इसके चलते पीतल की मूर्तियों की मांग बढ़ गई है। कारोबारियों को महंगाई और कच्चे माल की किल्लत का सामना करनी पड़ रहा है। बाजार में 150 ग्राम से लेकर 15 किलो तक की माता रानी के विभिन्न स्वरूपों की मूर्तियां तैयार कराई गई हैं। मुरादाबाद से आसपास के जिलों के साथ ही मुंबई, दिल्ली, झांसी, गुजरात, उत्तराखंड, कोलकाता और हिमाचल प्रदेश तक इन मूर्तियों की सप्लाई की जा रही है।

कारोबारियों का कहना है कि हर साल नवरात्र के दौरान मांग में बढ़ोतरी होती है, लेकिन इस बार लागत बढ़ने के कारण कारोबार प्रभावित हुआ है। मंडी चौक के व्यापारी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि पीतल मूर्तियों की ढलाई और वेल्डिंग के लिए भट्ठियों में एलपीजी सिलिंडर का उपयोग होता है, जिसकी कीमतें दोगुनी होने के साथ ही समय पर उपलब्ध भी नहीं हो पा रहे हैं।

व्यापारी कक्कू अरोरा का कहना है कि बढ़ती लागत का सीधा असर कारीगरों की मजदूरी पर भी पड़ा है। पहले जिस काम के लिए 100 रुपये देने पड़ते थे, अब उसी काम के लिए 180 रुपये तक खर्च करना पड़ रहा है। इसके चलते मूर्तियों की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत तक की वृद्धि करनी पड़ी है। कारोबारियों के अनुसार, अन्य शहरों के रिटेल व्यापारी भी इस बार पहले की तुलना में कम माल उठा रहे हैं, जिससे बाजार की रफ्तार कुछ धीमी पड़ी है।

### पश्चिम एशिया में युद्ध का असर

पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का असर भी पीतल मूर्ति उद्योग पर साफ दिखाई दे रहा है। गैस और कच्चे माल की आपूर्ति बाधित होने से उत्पादन लागत बढ़ गई है। ऐसे हालात में कारोबारियों को उम्मीद है कि नवरात्र के दौरान मांग बढ़ने से कुछ राहत मिल सकती है।

# गैस एजेंसी संचालकों को बैकलॉग जल्द क्लीयर करने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीएम ने कहा, बुक कराए गए सिलेंडर में हॉकर न करें हेरफेर

अमृत विचार: रसोई गैस की किल्लत को दूर करने के लिए प्रशासन सख्त है। गैस व अन्य पेट्रोलियम पदार्थों जैसे पेट्रोल, डीजल आदि की कृत्रिम किल्लत उत्पन्न करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश जिलाधिकारी अनुज सिंह ने संबंधित अधिकारियों को दिया है।

इन दिनों कुकिंग गैस सिलेंडर की बुकिंग के नये नियम के अनुसार पिछली डिलीवरी के दिन से 25 दिन बीतने पर ही गैस बुक हो रहा है। इसको देखते हुए कई परेशान उपभोक्ता गैस वितरण करने वाले हॉकरों से सीधा संपर्क साध रहे हैं। उनसे किसी तरह गैस सिलेंडर पहुंचाने के लिए कह रहे है। ऐसे में कई जरूरतमंद उपभोक्ता गैस सिलेंडर न मिलने से परेशान भी हो रहे हैं। ऐसी स्थिति न बढ़े इसके लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों व गैस एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिया है कि बुक कराने उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्राथमिकता पर सुनिश्चित हो। ऐसा न करने वाले हॉकरों पर भी कड़ी नजर रखें। उन्होंने एजेंसियों से जल्द से जल्द बैकलॉग समाप्त कर सुचारू रूप से गैस आपूत्रि सुनिश्चित करने के लिए कहा है। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि गैस एजेंसियों के स्टॉक व बैकलॉग की नियमित मानीटरिंग की जा रही है। जहां भी शिकायत मिलेगी जांच कर कार्रवाई होगी।

# मूंढापांडे हादसा: घर में अकले कमाने वाले थे अनिल नेगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अनिल का बेटा सातवीं और बेटी 12 वीं कक्षा में पढ़ती है


मृतक अनिल नेगी।

अमृत विचार: मूंढापांडे क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क हादसे में जान गंवाने वाले चौथे व्यक्ति की पहचान देर रात अनिल नेगी के रूप में हुई। परिजनों ने मंगलवार सुबह मूंढापांडे थाने पहुंचकर जानकारी ली। परिवार वालों ने बताया कि अनिल रविवार की सुबह बच्चों और अपनी मां के पास आए थे और सोमवार को वापस जा रहे थे। वह परिवार में अकेले कमाने वाले थे।


उनके पड़ोसी संजय भट्ट ने बताया कि अनिल मूल रूप से मथुरा के रहने वाले हैं। एक दशक पहले टाटा स्टील में हल्द्वानी ब्रांच में नौकरी शुरू की थी। इसके बाद अनिल ने पीली कोठी सर्वोदय कॉलोनी फेस टू में अपना घर बनाया था जिसमें वह अपनी मां और बीवी बच्चों के साथ रहते थे। उन्हें कंपनी ने गाजियाबाद में मार्केटिंग मैनेजर बना दिया था। अनिल का बेटा अभी सातवीं कक्षा और बेटी 12 वीं कक्षा में पढ़ती है। उनके घर में उनके अलावा कोई कमाने वाला नहीं है। सोमवार सुबह करीब 6 बजे रामपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी थी जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है।

# 30 भवन व प्रतिष्ठान सील, वसूले 87.21 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गृहकर व जलकर के बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचीं नगर निगम की टीमें

अमृत विचार: गृहकर व जलकर के बड़े बकाएदारों के खिलाफ मंगलवार को भी नगर निगम की टीमों ने अभियान चलाया। बकाया जमा न करने वाले 30 से अधिक बड़े बकाएदारों के भवन व प्रतिष्ठान सील किए गए। टीमों ने कुल 87,21,132 रुपये की धनराशि वसूल की।


टैक्स के बकाएदार का प्रतिष्ठान सील करते नगर निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीमों ने बकाएदारों पर सख्ती की। टीमों ने गांधी नगर स्थित जगमोहन सबरवाल पर 3,69,103.30 रुपये बकाया होने के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिया। असालतपुरा इस्लामनगर के अकील अहमद के प्रतिष्ठान पर 37,86,479.91 रुपये की बकाएदारी के चलते सील किया गया। सराय गुलजारी मल के प्रबन्धक देवकी नन्द गुप्ता पर 1,71,529.69 रुपये का बकाया था जिसमें 10,000 रुपये जमा किया गया लेकिन पूरा बकाया न चुकाने पर टीम ने उसे सील कर दिया।

हाजी अब्दुल राशिद पुत्र सराय गुलजारी मल पर 6,90,16.01 रुपये का बकाया था और सुरेन्द्र कुमार निवासी सीधी सराय के ऊपर 3,41,977.80 रुपये बकाया था जिसमें मात्र 50,000 जमा किया गया इसके चलते प्रतिष्ठान सील किया गया। दीवान का बाजार निवासी मो. फैजान के प्रतिष्ठान पर 1,25,419.28 रुपये की बकाएदारी के चलते सील किया गया। असालतपुरा के मो. नईम पर 3,00,890 रुपये का टैक्स बकाया था जिसमें 30,000 जमा किया गया लेकिन फिर भी सीलिंग की कार्रवाई हुई। अशोक नगर के विकासपुरी पर 2,18,643.61 रुपये बकाया था जिसमें से सिर्फ एक लाख रुपये जमा करने के चलते सील कर दिया गया। सर सैय्यद नगर के जुल्फिकार के प्रतिष्ठान पर 1,57,643.47 रुपये बकाया था। जिसमें से मौके पर 50,000 रुपये जमा करने के बाद भी पूरा चुकता न करने पर प्रतिष्ठान सील किया गया। रहमतनगर के मो. मुशाहिद पर 3,81,759.82 रुपये की बकाएदारी के चलते सीलिंग की कार्रवाई की गई। मो. असलम रेहाना पर 1,05,674.40 रुपये की टैक्स की अदायगी बाकी थी जिसके चलते प्रतिष्ठान सील हुआ। वहीं रहमतनगर के ही राजी उल्ला पर टैक्स का 1,34,837.02 रुपये बकाएदारी पर प्रतिष्ठान सील कर दिया गया। ठठेरा मोहल्ला, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली, कांठ और रामपुर रोड पर 17 भवनों की सीलिंग की गई। कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापडा के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक, संग्रहकर्ता व ईटीएफ के जवान उपस्थित रहे।

# आजम खान का संदेश देने वाले यूसुफ पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मुस्लिमों से ईद पर काले कपड़े पहन विरोध की अपील की थी

अमृत विचार: जेल में बंद आजम खान का संदेश फैलाना सपा नेता युसूफ मलिक को महंगा पड़ गया। उनके ऊपर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

आजम खान के हवाले से सपा नेता ने मुसलमानों से अपील की थी कि वेईद के दिन खुशियां न मनाएं काले कपड़े पहनें और हाथों पर काली पट्टियां लगाएं। यह अपील उन्होंने अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले किए जाने और इस आक्रमण में 160 स्कूली बच्चियों की मृत्यु हो जाने को लेकर की। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए रामपुर के थाना गंज में पुलिस उप निरीक्षक की ओर से युसूफ मलिक के विरोध एक एफआईआर दर्ज कर दी गई है।

सपा नेता मोहम्मद आजम खान रामपुर की जेल में बंद है। उनसे मिलने आजम खान की पत्नी के साथ सपा नेता युसूफ मलिक भी पहुंचे थे। मुलाकात के बाद बाहर निकाल कर उन्होंने मीडिया से आजम खान की अपील साझा की थी। कहा कि मुसलमानों से आजम खान ने अपील की है कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के आक्रमण के दौरान 160 स्कूली बच्चियों की मौत हो जाने के विरोध में मुस्लिम आने वाली ईद को काले कपड़े पहंने, काली पट्टियां बंधे और ईद की खुशियां न मनाएं।

अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि मुरादाबाद निवासी युसूफ मलिक के खिलाफ थाना गंज में एक अभियोग पंजीकृत कराया गया है। पुलिस इसकी विवेचना कर रही है।



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| बुधवार | गुरुवार |
| सुन्नी : 06.28 | सुन्नी : 04.57 |
| शिया : 06.39 | शिया : 04.52 |

## शहर में आज

- धर्म जागरण समन्वय के द्वारा भारत माता बंधन व पूजन कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सुबह 8:00 बजे
- अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा पीतलबस्ती रोडवेज डिपो के समीप स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर मासिक भंडारा दोपहर 12:00 बजे
- डिस्ट्रिक्ट इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन की मीटिंग सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में शाम 6:00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### पोर्टल ठप, जिला अस्पताल में मैनुअल पर्चों से हुआ इलाज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मरीजों के पर्चा बनाने वाले ऑनलाइन पोर्टल की कनेक्टिविटी सोमवार शाम से बाधित होकर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे तक बहाल हो सकी। मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए दो काउंटर पर मैनुअल पर्चा बनाने की व्यवस्था की गई। मरीजों को पर्चा बनवाने में सामान्य से अधिक समय लगा, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल भी देखने को मिला। मरीज मुस्तकफिरा ने बताया कि सुबह से लाइन में लगे हैं, पर्चा बनने में काफी समय लग रहा है, लेकिन इलाज जरूरी है इसलिए इंतजार करना पड़ रहा है। तीमारदार अजय सैनी ने बताया कि ऑनलाइन व्यवस्था बंद होने से परेशानी बढ़ गई है, मैनुअल काम में समय ज्यादा लग रहा है। अपर निदेशक व प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि पोर्टल की कनेक्टिविटी में तकनीकी दिक्कत आई थी, जो दोपहर एक 12 तक ठीक हो सकी। मरीजों के इलाज पर इसका असर न पड़े, इसके लिए वैकल्पिक रूप से मैनुअल पर्चे बनाने की व्यवस्था की गई।

# कई पदाधिकारियों की इच्छापूरी तो कइयों के अरमान टूटे

- देर रात पदाधिकारियों की सूची में 18 नाम किए गए घोषित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति से महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने महानगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। लंबे इंतजार के बाद कार्यकारिणी घोषित होने पर पदाधिकारियों की इच्छा पूरी हुई तो कई के अरमान टूट गए।

कार्यकारिणी में आठ में से छह महानगर उपाध्यक्ष, तीन महानगर महामंत्री और आठ महानगर मंत्री और जिला कोषाध्यक्ष को नामित किया गया है। कार्यकारिणी में महानगर उपाध्यक्ष के छह पदों पर नवदीप टंडन, अशोक सैनी, हेमराज सैनी, गेत्रपाल सिंह, मंगलसेन राजपूत, कपिलदेव जाटव को बनाया गया है। जबकि विशाल त्यागी, शम्मी भटनागर और अमित शर्मा को महानगर महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा सुनीता शर्मा, वनीता मेहरोत्रा, सिमरन कौर जाटव, अभिषेक चौबे, विजयलक्ष्मी पंडित, दीपक चौधरी, दीक्षांत चौधरी और मनीष गुर्जर को महानगर मंत्री नामित किया गया है। वहीं दीपक बाबू गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पदाधिकारियों के मनोनयन पर पार्टी के जन प्रतिनिधियों, नगर निगम के भाजपा पार्षदों और महानगर मीडिया प्रभारी राहुल सेठी ने बधाई देकर संगठन को और मजबूत कर पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा की है। बहरहाल भाजपा महानगर कार्यकारिणी में कई पुराने चेहरों को जगह मिलने से कई कार्यकर्ता खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

### कच्चे माल की आपूर्ति बाधित, पाली प्रोपाइलीन महंगा होने और शिपिंग कॉस्ट बढ़ने का असर

# युद्ध का असरः सर्जिकल उत्पाद, सिरिंज से लेकर ग्लब्स तक महंगे

- कारोबारियों के अनुसार 15 प्रतिशत तक कीमतों में उछाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर अब स्वास्थ्य सेवाओं पर भी साफ दिखाई देने लगा है। इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते टकराव की आंच सर्जिकल उत्पादों के बाजार तक पहुंच गई है। डिस्पोजेबल सिरिंज, आईवी सेट, कैथेटर, ब्लड कलेक्शन बैग, यूरिन बैग और सर्जिकल ग्लब्स जैसे जरूरी उत्पादों की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

जिले में हर माह करीब 100 करोड़ रुपये का दवा और सर्जिकल कारोबार होता है, जिसमें सर्जिकल उत्पादों की हिस्सेदारी पांच से छह करोड़ रुपये के आसपास है। बीते कुछ दिनों में इन उत्पादों के थोक दाम तेजी से बढ़े हैं। कुछ विक्रेताओं ने पुराने स्टॉक पर भी पांच से 10 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा दी हैं। कारोबारियों के मुताबिक सर्जिकल उत्पादों के निर्माण में उपयोग होने वाला कच्चा माल पेट्रोकेमिकल आधारित होता है। कच्चे तेल और गैस की कीमतों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतार-चढ़ाव के चलते पाली प्रोपाइलीन (प्लास्टिक दाना) की कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। इसके साथ ही शिपिंग और माल ढुलाई खर्च में वृद्धि से उत्पादन लागत और बढ़ गई है।

कई देशों से कच्चे माल की आपूर्ति बाधित होने से बाजार में कमी की स्थिति भी बन रही है। अस्पतालों ने फिलहाल पुराने स्टॉक के सहारे स्थिति संभाल रखी है, लेकिन यदि यही हालात बने रहे तो इलाज की लागत बढ़ना तय माना जा रहा है। वहीं, बाजार में अवैध स्टॉक कर मुनाफाखोरी की आशंका भी जताई जा रही है।


यूरिन बैग और सर्जिकल ग्लब्स जैसे जरूरी उत्पादों पर 15 प्रतिशत तक की वृद्धि। ● फाइल फोटो

### इस तरह बढ़े हैं दाम (रुपये में)

- सिरिंज 3 एमएल (प्रति सैकड़ा) : 96-100 से बढ़कर 120
- सिरिंज 5 एमएल (प्रति सैकड़ा) : 120 से 145
- सिरिंज 10 एमएल (प्रति सैकड़ा) : 230 से 260
- आईवी सेट (प्रति पीस) : 3.60 से 4.50
- सक्शन कैथेटर : 10.50 से 11.50
- आईवी कैनुला : 6.00 से 7.50
- सर्जिकल ग्लब्स (50 जोड़ी) : 120 से 140
- यूरिन बैग : 24 से 26

"कच्चे माल की कमी ने बाजार पर सीधा असर डाला है। प्लास्टिक दाना के दाम दोगुने हो गए हैं। व्यापारी भी दबाव में हैं और ग्राहकों। ऐसे में महंगाई का असर होना लाजिमी है।
– **विपुल अग्रवाल**, थोक विक्रेता

"कच्चे माल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और आयात प्रभावित होने के कारण सर्जिकल उत्पाद महंगे हो रहे हैं। यदि सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो आने वाले समय में कीमतें और बढ़ सकती हैं।
– **संजय अग्रवाल**, थोक विक्रेता

# कन्फेक्शनरी व पकौड़ी सेंटर में पकड़े घरेलू व कमर्शियल सिलेंडर

### पूर्ति विभाग की टीम ने सिलेंडर जब्त कर पाकबड़ा थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

- टीमों के कागजात मांगने पर नहीं दिखा पाए प्रतिष्ठान संचालक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग व व्यवसायिक प्रयोग को रोकने के लिए सख्ती के बीच पूर्ति विभाग की टीम ने पाकबड़ा क्षेत्र में कार्रवाई की। एक कन्फेशनरी की दुकान व पकौड़ी सेंटर में अवैध तरीके से घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग करते पकड़े जाने पर संचालक के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मौके पर मिले सिलेंडर को जब्त कर लिया गया।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आनन्द प्रगु सिंह, तहसील सदर की पूर्ति निरीक्षक विशाखा, सत्यजीत सिंह पूर्ति निरीक्षक महानगर और पूर्ति लिपिक नवीन कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक कार्यों में दुरुपयोग रोकने के संबंध में पाकबाड़ा स्थित रेस्टोरेन्ट एवं मिष्ठान भंडारों की जांच की। पाकबाड़ा के मोहल्ला जुम्मेरात का बाजार में एजाजी कन्फेक्शनरी एण्ड पकौड़ी सेंटर में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक कार्य में उपयोग पकड़ा गया। टीमों ने दुकान में एचपी के तीन घरेलू गैस सिलेंडर और एक कामर्शियल सिलेंडर पाया। दुकान मालिक कोई वैध कागजात नहीं दिखा पाया। जिससे स्पष्ट हुआ कि एजाजी कन्फेक्शनरी एंड पकौड़ी सेंटर के मालिक / स्वामी मो. अतीक निवासी जुम्मेरात का बाजार पाकबाड़ा के द्वारा अवैध तरीके से धन अर्जित करने के लिए घरेलू व व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की खरीद-फरोख्त करते घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग करते पाया गया। जो द्रवित पेट्रोलियम गैस (रेग्युलेशन ऑफ सप्लाई एण्ड डिस्ट्रिब्यूशन) के प्राविधानों का उल्लंघन है। इसके क्रम में आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत्त दण्डनीय अपराध होने के कारण जिलाधिकारी की अनुमति के बाद टीम ने दुकान स्वामी मोहम्मद अतीक के खिलाफ पाकबाड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में रेस्टोरेन्ट/ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक कार्य में दुरुपयोग रोकने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।


अवैध तरीके से गैस सिलेंडर उपयोग करते मिलने पर कार्रवाई करती टीम।

# घरों में पड़ी पुरानी वस्तुओं से तैयार करें आकर्षक सामग्री

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को वार्ड 16 बुद्धि विहार में आर्यन स्कूल के सामने फेज एक में आरआरआर अभियान में नागरिकों को जानकारी दी गई।

वहीं दूसरी ओर निगम की आईईसी टीम ने वार्ड 20 में वेस्ट टू आर्ट गतिविधि के माध्यम से नागरिकों को बताया कि वह अपने घरों में पड़ी पुरानी एवं अनुपयोगी वस्तुओं का फिर उपयोग कर आकर्षक एवं उपयोगी सजावटी सामग्री तैयार कर सकते हैं। इसका उद्देश्य कचरे को कम करना एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। वार्ड 55 लालबाग (काली माता मंदिर के निकट) में आईईसी टीम के सदस्यों ने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे मे दुकानदारों को जागरूक किया। उन्हें कागज की थैलियों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। वहीं 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र को देखते हुए नागरिकों व दुकानदारों से टीमों ने अपील की कि कि मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें। गंदगी न फैलाएं और कचरे को केवल नगर निगम की निर्धारित गाड़ियों के आने पर ही दें।

# कौशल्या इंटर कॉलेज जूनियर बालिका बास्केटबाल चैंपियन



जूनियर बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- फाइनल में आर्यंस एकेडमी को 27-19 से हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में मंगलवार को जूनियर बालिका बास्केटबाल जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ उप्र ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय विक्रम पाठक ने किया। कौशल्या इंटर कॉलेज की टीम ने फाइनल जीत लिया।

प्रतियोगिता के पहले मैच में कौशल्या इंटर कॉलेज की टीम ने मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज को 8-0 से हराकर जीत दर्ज की। दूसरे मैच में आर्यंस एकेडमी ने मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज को 18-2 से पराजित किया। फाइनल मुकाबला कौशल्या इंटर कॉलेज और आर्यंस एकेडमी के बीच खेला गया, जिसमें कौशल्या इंटर कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 27-19 के स्कोर से जीत हासिल कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों को जिला बास्केटबाल संघ के संयुक्त सचिव फिरोज खान, जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव योगेंद्र गौतम ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सोनिया, सोनू कुमार, तैय्यबा, आरती चौधरी, अमित दिवाकर, अंकिता कौशिक, राम कृपाल, प्रदीप कुमार सक्सेना, अंकित अग्रवाल आदि रहे।

# प्रतियोगिता के लिए 15 मॉडल चयनित

- पारकर इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन पारकर इंटर कॉलेज में किया गया। 25 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर 77 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने मॉडलों को देखकर छात्रों से उनके प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को समझने और उन्हें प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया। कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करती हैं। जिला समन्वयक मनोज प्रभाकर ने कहा कि विज्ञान करके सीखने का विषय है और मॉडल के माध्यम से इसके सिद्धांतों को आसानी से समझा जा सकता है। मॉडलों का मूल्यांकन डॉ. भारत भूषण अग्रवाल, डॉ. क्षितिज सिंघल, डॉ. राजुल मिश्रा एवं डॉ. दीपक मेहंदीरत्ता की समिति ने किया। थम पुरस्कार के रूप में पांच हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार दो हजार रुपये नगद दिए गए।दो प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपये के सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। 15 उत्कृष्ट मॉडलों का चयन मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के लिए किया गया। संचालन जिला समन्वयक मनोज प्रभाकर ने किया। अध्यक्षता वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा ने की। प्रधानाचार्य एसके. नेथन, सह-समन्वयक बबीता महरोत्रा सहित स्वाति अग्रवाल, सोनिया प्रभाकर, ऐलन विशाल, सैय्यद दराब अली, अभिषेक कुमार, फैसल मसरूर सिद्दीकी, जसबंत सिंह, सुमित विलियम एवं अतुल कुमार का सहयोग रहा।


विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते जिला विद्यालय निरीक्षक। ● अमृत विचार

# टिकट चेकिंग में यात्रियों से 1.47 लाख रुपये वसूले

- रेलवे स्टेशन पर चला अभियान 21 गाड़ियों की चेकिंग की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** अधिकृत रेल यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा और रेल राजस्व की क्षति रोकने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इसमें सीआईटी भावेश शर्मा व विजयंत शर्मा के नेतृत्व में 20 टिकट चेकिंग स्टाफ और रेलवे सुरक्षा बल के पांच स्टाफ के सहयोग से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान के अन्तर्गत 21 गाड़ियों की चेकिंग की गई। इसमें बिना टिकट यात्रा के 112 लोग पकड़े गए जिनसे 63,730 रुपये और अनियमित यात्रा के 189 केस पकड़े जाने पर 82,960 रुपये जुर्माना के रूप में वसूला गया। गंदगी फैलाने में पांच लोगों का चालान कर 650 रुपये रुपये सहित कुल 306 केस में रेलवे की टीमों ने 1,47,340 रुपये का राजस्व अर्जित किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि समय समय पर मंडल के अलग-अलग स्टेशनों और गाड़ियों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया जाता है। इसलिए सभी से अपील है कि प्लेटफॉर्म पर प्लेटफॉर्म टिकट, रेल यात्रा टिकट लेकर ही जाएं और गाड़ी में बिना टिकट यात्रा न करें। साथ ही जिस श्रेणी/ दर्जा का टिकट है, उसी कोच में यात्रा करें। स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में गंदगी व धूम्रपान न करें।

## सिटी डायरी



### संघ लोक सेवा आयोग में चयनित युवाओं को किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वंदे भारत (संस्कार संस्कृति संवाहक) की ओर से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में चयनित होने वाले महानगर के देवांश गुप्ता और ऋषभ शर्मा के आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने दोनों को मां भारती का चित्र, अंगवस्त्र और माला भेंट की। दोनों सफल अभ्यर्थियों की माताओं आभा शर्मा और किरण साहू को भी पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। विमलेंद्र शर्मा ने कहा कि इस सफलता के पीछे युवाओं की मेहनत के साथ ही उनके माता-पिता के आशीर्वाद और मार्गदर्शन का भी अहम योगदान है। धवल दीक्षित ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल परिवार, बल्कि पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर गोपाल हरि, राजीव ढल, विशाल अग्रवाल, अवधेश पाठक, अरविंद शर्मा आदि मौजूद रहे।



### 31 में कुष्ठ रोग की पुष्टि, 851 संभावित मरीज

**मुरादबाद, अमृत विचार :** कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के नौवें दिन तक स्वास्थ्य विभाग की 2787 टीमों ने घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए लोगों की जांच की। टीमों ने शरीर पर त्वचा के रंग से हल्के या गाढे रंग के निशान, जो की सुन्न हों, जिसमें पसीना न आता हो और खुजली न होती हो ऐसे लक्षणों की पहचान की। 21,50,125 व्यक्तियों की जांच में 851 संभावित रोगी चिह्नित किए गए। इसमें 31 में कुष्ठ रोग की पुष्टि हो गई है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल, एनएमएस विनोद कुमार पाल व अन्य ने टीमों के कार्यों का निरीक्षण किया। मंगलवार को पाकबड़ा क्षेत्र में कार्य कर रही टीमों का निरीक्षण भी इन्होंने किया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता ने बताया कि टीमों ने अभी तक 21,50,125 व्यक्तियों की जांच की, जिसमें 851 संभावित रोगी चिह्नित किए गए हैं।



### भजनों में लीन हुए भाजपाई, किया सुंदरकांड का पाठ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के पूर्व मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के बुद्धि विहार कार्यालय पर भजन व सुंदरकांड का पाठ किया गया। बालाजी संकीर्तन मंडल के मोहन कपूर व अर्चना कपूर के मधुर भजनों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता रम गए। सभी ने सुंदरकांड पाठ में सहभागिता की। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, कार्यक्रम संयोजक एवं महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, पूर्व सांसद वीर सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, राज्य गोसेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, राजू कलरा, संतोष सिंह, मनीष सिंह, साध्वी गीता प्रधान, निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, अर्चित गुप्ता, महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, शम्मी भटनागर, अमित शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष नवदीप टंडनव अन्य मौजूद रहे।



### समस्याओं को लेकर उद्यमियों ने जीएम डीआईसी से की मुलाकात

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी (यस) के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नेशनल चेयरमैन विशाल अग्रवाल के नेतृत्व में जीएम डीआईसी दीपेंद्र से मुलाकात की। औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने इंडस्ट्री को आ रही दिक्कतों, खासकर इंडस्ट्रियल गैस की उपलब्धता में हो रही परेशानी को प्रमुखता से उठाया। इस पर जीएम डीआईसी ने आश्वासन दिया कि वह इस संबंध में जिलाधिकारी से वार्ता कर जल्द समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री के विकास के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। बैठक में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी का मुद्दा भी उठाया गया। यह भी सहमति बनी कि डीआईसी द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें उद्यमियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में यस के सचिव पुनीत आर्य, रजत सिंघल, अंकित यादव और गगन दुग्गल शामिल रहे।

# क्रिकेट ट्रायल में चमके युवा चयनकर्ताओं ने परखी प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की अंडर-16 टीम के लिए डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन (डीएसए) द्वारा चयन ट्रायल में युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एमपीएस पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित इस ट्रायल में मुरादाबाद, अमरोहा और संभल जनपद के पंजीकृत खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अंडर-16 आयु वर्ग के इस ट्रायल में मंगलवार को 160 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चयन समिति में पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, सतीश शर्मा और जॉइंट सेक्रेटरी बदरूद्दीन सिद्दीकी शामिल रहे। उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिभा का बारीकी से मूल्यांकन करते हुए अधिक से अधिक खिलाड़ियों का चयन किया। नजाकत अली, मोहम्मद हसीन, मिर्जा दानिश आलम, मोहम्मद शाहिद, ऋषिका यादव, सलीम खान, रोहित चौधरी, अतुल भटनागर आदि मौजूद रहे।

### छूटे खिलाड़ियों को मिलेगा एक और मौका

पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि परीक्षाओं के कारण अंडर-16 व अंडर-19 आयु वर्ग के कई खिलाड़ी 16 व 17 मार्च को आयोजित ट्रायल में हिस्सा नहीं ले सके। खिलाड़ियों, कोच और अभिभावकों के अनुरोध पर डीएसए ने ऐसे खिलाड़ियों को एक और अवसर देने का निर्णय लिया है। अब 22 मार्च सुबह 11 बजे एमपीएम के क्रिकेट मैदान पर ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इसमें सिर्फ वही पंजीकृत खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे, जो पूर्व ट्रायल में अनुपस्थित रहे थे। इसके बाद अवसर नहीं दिया जाएगा।

# ईद की खरीदारी से बाजारों में रौनक

- टाउनहॉल से अमरोहा गेट तक लगा रहा जाम, रेंगते गुजरे वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईद करीब होने पर मंगलवार को शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। टाउनहॉल से लेकर अमरोहा गेट तक खरीदारी करने के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। कई स्थानों पर दोपहिया वाहन भी रेंग-रेंग कर चलते नजर आए।

खरीदारों ने कपड़े, जूते-चप्पल, इत्र, टोपी, सेवइयां और सजावटी सामानों की जमकर खरीदारी की। दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ के चलते दुकानदार भी उत्साहित रहे। बच्चों और युवाओं में ईद की खरीदारी के लिए उत्सुकता रही। मकबरा, मंडी चौक और जामा मस्जिद क्षेत्र सहित मुस्लिम बहुल इलाकों में शाम के समय खास चहल-पहल रही। रोशनी से सजे बाजारों में लोग परिवार के साथ खरीदारी करते नजर आए। सड़क किनारे लगी अस्थायी दुकानों पर भी अच्छी बिक्री हुई, जिससे छोटे व्यापारियों के चेहरे खिले दिखे। प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिली।


ईद की तैयारी को लेकर बाजार में खरीददारी करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### इबादत में भी जुटे रोजेदार

ईद की तैयारियों के साथ-साथ इबादत का सिलसिला भी जारी है। रोजेदार दिनभर रोजा रखने के बाद शाम को नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत में जुट रहे हैं।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more

9582831744, 9258116087

8679315050, 8679415050

www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस

सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# बिना केवाईसी और ओटीपी के नहीं मिलेगा किसी को सिलेंडर

## अफवाहों पर प्रशासन सख्त, अधिकारियों ने कहा-एलपीजी की नहीं है कोई कमी

- भावना भारत गैस एजेंसी पर प्रशासन की मौजूदगी में गैस वितरण
- गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने कई बार किया हंगामा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



भावना गैस एजेंसी पर पांचवें दिन भी सिलेंडर लेने वालों की लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में गैस सिलेंडर को लेकर उठ रहे विवाद और बार-बार हो रहे हंगामों के बीच प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि बिना केवाईसी व ओटीपी कराए गैस का सिलेंडर नहीं मिलेगा। व्यवस्था लागू कर दी है। पूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह व कंपनी के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गैस की कोई कमी नहीं है, बल्कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

इधर पांचवें दिन भी भावना भारत गैस एजेंसी पर प्रशासन की मौजूदगी में सिलेंडर का वितरण कराया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने कई बार हंगामा किया। वे व्यवस्थाओं को लेकर क्षोभ जताते रहे। बहरहाल प्रशासन के अनुसार अब किसी भी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर तभी दिया जाएगा, जब वह अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी बताएगा। बिना ओटीपी के सिलेंडर वितरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य कालाबाजारी, अनियमित वितरण और फर्जी तरीके से सिलेंडर उठाने पर रोक लगाना है।

ज्ञात हो कि बीते दिनों कुछ गैस एजेंसियों पर निर्धारित समय से पहले, अधिक कीमत पर सिलेंडर देने और सही उपभोक्ताओं को गैस न मिलने की शिकायतें सामने आई थीं। इन मामलों को लेकर कई बार उपभोक्ताओं ने एजेंसियों पर हंगामा भी किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। इन्हीं हालातों को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए ओटीपी प्रणाली लागू की है, ताकि हर सिलेंडर सही उपभोक्ता तक पहुंचे और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तुरंत रोक लगाई जा सके। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे गैस की किल्लत जैसी अफवाहों पर ध्यान न दें और अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर को चालू रखें।

यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें। प्रशासन का मानना है कि इस नई व्यवस्था से न केवल वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित होगा।

## भाजपा की मूल शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता

**बिलारी, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी बिलारी मण्डल द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय महा अभियान के तहत प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के जिला एवं क्षेत्र स्तर के पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य तथा सभी मोर्चों के अध्यक्ष मौजूद उपस्थिति रहे। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मूल शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

विश्वास यादव लवली, नरेश गुप्ता, डॉ विजय शर्मा, श्रीकांत गुप्ता, निहाल सिंह, किशन लाल प्रजापति, राजीव सैनी, तरुण प्रजापति, नवनीत यादव, मनोज प्रजापति, हेमंत शर्मा, निशा त्यागी, प्रीति शर्मा, अमित कुमार, त्रिलोक, दिलीप शर्मा, वीरपाल कोहली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल तथा संचालन मनोज ठाकुर ने किया।

## हाईवे पर मीडियन ओपनिंग की मांग, ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन



निर्माणाधीन हाईवे पर कट को लेकर भाजपा नेता को ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- तीन गांव के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव असलेमपुर सहित तीन गांव के ग्रामीणों ने हाईवे पर मीडियन ओपनिंग (कट) न होने से हो रही परेशानी को लेकर प्रशासन से समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में एक प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी को भेजा। साथ ही भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह को भी पत्र सौंपते हुए हाईवे पर मीडियन ओपनिंग की मांग उठाई।

ग्राम प्रधान शीनू देवी ने बताया कि ग्राम असलेमपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हाईवे निर्माण कराया गया है। हाईवे के बीच मीडियन ओपनिंग को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पहले यहां से ग्रामीणों के आवागमन के लिए रास्ता था, लेकिन मीडियन बंद होने के कारण लोगों को खेतों तक जाने, बाजार आने-जाने तथा दैनिक कार्यों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ग्रामीणों ने इस समस्या को उठाया, लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। प्रार्थना पत्र पर आशिक त्यागी, संजय कुमार, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, जयपाल सिंह, नेत्रपाल सिंह, महिपाल सिंह, सुशील कुमार, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, अमित कुमार, अजय कुमार, राहुल कुमार, मो. शहजाद, मोहम्मद आरिफ, आरिफ, श्रीराम सिंह, जयप्रकाश सिंह, सुरेश कुमार, हरपाल सिंह, विनोद कुमार, पप्पू लाल, अमीन कुमार, मोहन अली, चौधरी राजपाल सिंह, तौफीक अहमद, और अन्य ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए।

## गुरु जंभेश्वर शोभायात्रा निकाली



शोभायात्रा में सम्मिलित संत। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** गुरु जंभेश्वर शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई।

मंगलवार को गौतम पेट्रोल पंप पीएसी से भीम गौडा हरिद्वार के मंहत संत प्रणवानंद के नेतृत्व में शोभायात्रा प्रारंभ की गई। बिश्नोई समाज के धर्म प्रेमियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शोभा यात्रा हरथला मार्ग से होते हुए लोदीपुर धाम पहुंची जिसमें मेरठ, गाजियाबाद, हरियाणा दिल्ली, नगीना, कांठ आदि स्थानों से धर्म प्रेमियों ने गुरु जंभेश्वर का उद्घोष किया। कांठ व नगीना के अखाड़े ने अपने करतब दिखाए। संजय बिश्नोई, श्रीओम बिश्नोई, इंद्रजीत सिंह, ओमकार सिंह बिश्नोई, डॉक्टर विनय बिश्नोई, सौरभ बिश्नोई, डॉक्टर अतुल एडवोकेट, महेंद्र सिंह एडवोकेट, प्रदीप कुमार बिश्नोई बड़ी संख्या में बिश्नोई समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपाल में किसानों ने बताईं समस्याएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** चकबंदी अधिकारी मुरादाबाद तृतीय विनय कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को ठाकुरद्वारा तहसील के सैजनी मुस्तहकम गांव में ग्राम चौपाल में किसानों की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई की। गांव के लोगों ने मुख्य मार्ग, रास्ता, आंगनबाड़ी केंद्र और पानी की टंकी, ग्राम पंचायत भवन व अन्य सार्वजनिक कार्य के लिए भूमि आरक्षित करने की मांग की। जिस पर उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंबेडकर पार्क, श्मशान, कब्रिस्तान आदि के लिए भूमि आरक्षित की गई है। उन्होंने बताया कि इस गांव में धारा 20 का प्रकाशन हो चुका है। उन्होंने बताया कि गांव में चक निर्माण किया जाएगा। इस कार्य में चक निर्माण, नाली व सार्वजनिक रास्ता बनाया जाएगा।

# पर्वों पर कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



थाना ठाकुरद्वारा, डिलारी, भोजपुर, भगतपुर की समीक्षा करते सीओ आशीष प्रताप सिंह।

- सीओ ने समीक्षा बैठक में लंबित विवेचनाओं और प्रार्थना पत्रों की स्थिति जानी
- क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बल के साथ कस्बा भोजपुर में पैदल गश्त की
- कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**अमृत विचार :** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने थाना भोजपुर पहुंचकर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान ठाकुरद्वारा, डिलारी, भगतपुर, भोजपुर क्षेत्र के उपनिरीक्षकों के साथ ओआर (ऑर्डरली रूम) किया गया, जिसमें लंबित विवेचनाओं और प्रार्थना पत्रों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर न्याय मिल सके और थाने पर अनावश्यक लंबित प्रकरणों का बोझ न बढ़े। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य में तेजी लाते हुए पारदर्शिता बनाए रखना अनिवार्य है। साथ ही जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बल के साथ कस्बा भोजपुर में पैदल गश्त की। इस दौरान बाजार, मुख्य मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। पुलिस की इस सक्रियता से जहां आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है, वहीं असामाजिक तत्वों में भी हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपाइयों ने एसडीएम को बताईं समस्याएं

- गैस संकट और जाम की समस्या भी उठाई
- एसडीएम ने दिया समाधान का आश्वासन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



गैस को लेकर एसडीएम प्रीति सिंह से बात करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर व आसपास के क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की लगातार किल्लत और जाम की समस्या को लेकर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने एसडीएम प्रीति सिंह से मुलाकात कर आमजन की परेशानियों को उठाया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि क्षेत्र में गैस आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। लोगों को घंटों इंतजार के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिससे नाराजगी बढ़ती जा रही है। एसडीएम प्रीति सिंह ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इसके साथ ही भाजपा पदाधिकारियों ने नगर के कमालपुरी चौराहे पर लगने वाले जाम का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने बताया कि जाम के कारण राहगीरों, व्यापारियों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यस्त समय में स्थिति और भी विकट हो जाती है। समाधान के लिए प्रतिनिधिमंडल ने चौराहे पर नियमित पुलिस ड्यूटी लगाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने जैसे सुझाव भी दिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दीपक बाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र बंधु गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 190 पेड़ काटने की शिकायत पर दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में 190 पेड़ काटने की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर निवासी अनुज कुमार ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 फरवरी की रात को करीब 12:00 बजे 190 पेड़ करीब पॉपुलर के काट दिए गए। शिकायत करने पर आरोपियों ने गाली गलौंज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## सीएचसी कांठ में 19 को लगेगा नसबंदी शिविर

**कांठ, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कांठ में 19 मार्च को नसबंदी शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें महिला एवं पुरुषों की नसबंदी की जाएगी।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नसबंदी लक्ष्य को पूरा करने के लिए आशा कार्यकर्ता, संगिनी, एएनएम, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, बीपीएम व सीपीएम को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं कि वे शिविर में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने बताया कि 19 मार्च को आयोजित यह वर्ष का अंतिम नसबंदी शिविर है, इसलिए सभी संबंधित कर्मचारियों व आमजन का सहयोग आवश्यक है।

# माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी सख्ती

- ईद को लेकर थाना प्रभारी ने की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक
- ईद का पर्व भाईचारे के साथ मनाने की अपील

संवाददाता, मूंढापाण्डे



बैठक में पुलिस अधिकारियों के साथ कस्बे के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में ईद उल फितर के त्योहार पर शांति और सौहार्द की अपील की।

थाना प्रभारी मूंढापांडे मोहित चौधरी ने थाना क्षेत्र में आने वाली सभी 27 ईदगाहों में नमाज़ अदा करने के समय की उलेमाओं से जानकारी करते हुए कहा कि लोग ईदुल फितर के त्योहार को शांति पूर्वक मनाएं। नमाज सिर्फ ईदगाह या मस्जिद के अंदर ही अदा की जाए न कि बाहर सड़क पर अगर किसी ने भी सरकार की गाइडलाइन से हटकर, नमाज़ पढ़ी तो क़ानूनी कार्रवाई की जा सकती है। ग्राम प्रधानों ने समस्याएं थाना प्रभारी के सामने रखीं। थाना प्रभारी ने प्रधानों को आश्वासन दिया कि ईद से पहले इन समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। थाना प्रभारी ने बढ़ते सड़क हादसों को लेकर लोगों से अपील की है कि अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें और खुद भी बिना हेलमेट पहने वाहन न चलाएं। सलीम प्रधान, इरफान अली प्रधान, चिराग अली भाजपा नेता, ज़ाहिद प्रधान, फारूक प्रधान, मुनीश प्रधान, फरीद प्रधान, रिजवान पोता प्रधान, इमाम अब्दुल हन्नान, आरिफ हुसैन, उमर अली आदि लोग उपस्थित रहे

## सिटी डायरी



### भाजपा कार्यालय में नामित सभासदों का किया स्वागत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका में हाल ही में नामित सभासदों का भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह नियुक्तियां पार्टी नेतृत्व के विश्वास का प्रतीक हैं और सभी सभासदों को जनसेवा की भावना से कार्य करना चाहिए। आशुतोष अग्रवाल, सुधीर नायक, हेमेंद्र प्रताप, मोनिका रानी एवं अंशुवर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ठाकुर अजय प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दीपक बाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, आफताब हाशमी, ओमपाल सैनी, सत्यप्रकाश गुप्ता, नागेंद्र लांबा, संजीव चौहान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### सदका- ए - फितरा देने से ही नहीं होता हक अदा



**चौधरपुर, अमृत विचार :** कस्बा चौधरपुर की जामा, मस्जिद मदीना मस्जिद, नूरानी मस्जिद, गौसिया मस्जिद, नसीरी मस्जिद, हुसैनी मस्जिद में तारहवीं की नमाज में कुरान मुकम्मल हुआ। जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती हाफिज राहिल ने कहा, आप ये न समझें कि आपने सदका –ए – फितरा देकर अपना हक अदा कर दिया। जब अल्लाह की राह में देने की बात आती है तो हमें कंजूसी नहीं करनी चाहिए। गरीबों की मदद करना और दूसरों के काम आना भी इबादत है। कहा कि सबसे बेहतर वह इंसान है जो कुरान स सीखता और दूसरों को सिखाता है। मस्जिद में मुफ्ती हाफ़िज राहिल ने कुरान सुनाया और हाफिज मोहम्मद हसन ने सुना। इस दौरान नमाजी और मस्जिदों के इमामों ने दुआओं में शिरकत की और आपसी भाईचारे और देश दुनिया में अमन चैन के लिये दुआ कराई गई।

### 35 लाख 10 हजार में मुशर्रफ के नाम हुआ बाजार का ठेका

**चौधरपुर, अमृत विचार :** गांव चौधरपुर में ग्राम पंचायत भवन में इकट्ठा हुए बोलीदाताओं से नियम नियमनुसारएक लाख की जमानत राशि जमा कराई गई। ग्राम विकास अधिकारी नेपाल सिंह ने नियम और शर्तें बताते हुए कहा की नीलामी ठेके की धनराशि स्वीकृत ठेकेदार दो किस्तों में ग्राम निधि के खाते में जमा कराएगा। तहबाजारी की वसूली शासन दर के अनुसार की जाएगी। नीलामी की अवधि 31 मार्च 2027 को समाप्त हो जाएगी। यदि किसी प्रकार की अनियमितता ठेकेदार द्वारा पाई जाती है तो बिना कारण बताए नीलामी को रद्द किया जा सकता है। इसके बाद पहली बोली अशरफ अली ने 15 लाख 1 हजार से शुरू की। मकबूल ने 23 लाख, वली हसन ने 28 लाख, शमीम अहमद ने 28 लाख 6 हजार, नज़ाकत अली ने 35 लाख 6 हजार बोली लगाई। एक के बाद एक बोली बढ़ती गईं और आखिर में 35 लाख 10 हजार रुपये की मुशर्रफ अली की बोली के बाद बोली नहीं लगी और मुशर्रफ के नाम ठेका हो गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मकबूल चौधरी, शमीम अहमद, राहिल अली, नामे अली, वसीम अहमद फुरकान अली, आदि मौजूद रहे।



### 300 बेटियों को दिखाई केरला स्टोरी 2

**कांठ, अमृत विचार :** श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान, मुरादाबाद द्वारा वेव सिनेमा, रामगंगा विहार में लगभग 300 बेटियों को नि:शुल्क फिल्म 'केरल स्टोरी 2' दिखाई गई। संस्थान के संस्थापक अरविंद चौधरी गुरुजी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सभी बेटियों ने फिल्म को बहुत व्यवस्थित और सभ्य तरीके से देखा। फिल्म देखने के बाद कई बेटियां भावुक नजर आईं और इस फिल्म से उन्हें प्रेरणा मिली। विपिन चौधरी, आचार्य धीर शांत, राजेश रस्तोगी, अनिल सिक्का, उदय चौधरी, पारस चौधरी, इंद्रपाल सिंह, बिट्टू प्रजापति सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### भाजपा के पांच नामित सभासदों का स्वागत

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिका परिषद में पांच नामित सभासदों का जोरदार स्वागत किया गया। इनमें मनोज ठाकुर, गीता कोहली, हेमंत शर्मा, दिनेश प्रजापति एवं श्रीकांत गुप्ता शामिल हैं। जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल द्वारा सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सशक्त संगठनात्मक पार्टी है, जो पूर्ण रूप से कार्यकर्ताओं के आधार पर संचालित होती है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने बूथ अध्यक्ष से लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों तक सभी को सम्मान देते हुए उन्हें जिम्मेदारी प्रदान की है, जो कार्यकर्ताओं के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें।



**इफ्तार** 18 मार्च
सुन्नी: 06.29
शिया: 06.36

**सहरी** 19 मार्च
सुन्नी: 04.49
शिया: 04.50

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों को किया गया जागरुक

**सैफनी, अमृत विचार :** मंगलवार को क्षेत्र के चन्द्रपुरकलां गांव में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के वित्तीय समावेशन निधि के अंतर्गत रामपुर जिला सहकारी बैंक की ओर से वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस दौरान जादूगर के माध्यम से किसानों को बैंक की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई ।इसके अलावा किसानों को जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक ज्ञान प्रकाश सिंह के द्वारा किसानों को पुरस्कार दिये गये ।इस दौरान सैकड़ों की तादाद में किसानों ने भाग लिया पुरस्कार पाकर किसान गदगद हो गए। इस दौरान वीर सिंह, रामबहादुर यादव, रामस्वरूप लोधी, नत्थू लाल, महेंद्र सिंह रहे ।

### पालिका ने दिया मटर फैक्ट्री को नोटिस

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर मटर फैक्ट्री द्वारा फैलाए गए चिकने पदार्थ के कारण हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। दो दिनों पहले हुई बारिश के दौरान हाईवे पर फैक्ट्री से निकले चिकने अवशेषों के कारण सड़क पर भारी फिसलन हो गई थी। इस फिसलन की वजह से नैनीताल हाईवे से गुजरने वाले दर्जनों बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़े, जिससे कई लोग चोटिल हो गए थे ।मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका ने फैक्ट्री को नोटिस जारी कर चेतावनी दी। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल का कहना है कि सड़क पर इस तरह से गंदगी या चिकना पदार्थ बहाना जन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। यदि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा पाई गई, तो फैक्ट्री के खिलाफ भारी जुर्माना लगवाने और सीलिंग की कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी घोषित, युवाओं और महिलाओं पर दिया गया विशेष ध्यान

## प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की संस्तुति के बाद गठित हुई कार्यकारिणी

- बोले जिलाध्यक्ष अनुभव और युवा शक्ति के समन्वय से पार्टी को मिलेगी मजबूती
- कुंवरबहादुर सहित आठ बने उपाध्यक्ष, अर्जुन रस्तोगी सहित तीन बने महामंत्री


कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की संस्तुति के बाद रामपुर में सोमवार रात नई जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई। भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी में युवाओं और महिलाओं को तरजीह दी गई है। चार महिलाओं को कार्यकारिणी में शामिल किया है। कुंवर बहादुर लोधी सहित आठ को उपाध्यक्ष बनाया है, जबकि जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी सहित तीन महामंत्री, आठ जिला मंत्री और एक कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को नए पदाधिकारियों के स्वागत समारोह हुआ। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि युवाओं की शक्ति और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव से पार्टी और मजबूत होगी। इस बार महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ी है, जिससे न सिर्फ भाजपा का महिला सशक्तिकरण का नारा बुलंद होगा, बल्कि महिलाओं का अपार समर्थन भी मिलेगा। स्वागत समारोह में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला प्रभारी राजा वर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का मालाएं एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों पर आगामी चुनावों की पूरी जिम्मेदारी है। ऐसे में सभी अपने दायित्व की महत्वता को समझें और पार्टी हित में दिनरात कार्य करें। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।



भाजपा कार्यालय में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



भाजपा कार्यालय मे नई कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत करते पदाधिकारी।

### पांच सभासद नामित

रामपुर नगर पालिका में नामित पांच सभासद पीयूष श्रीमाली, पूजा शर्मा, विवेक विश्नोई, मुकेश आर्य और अजय अरोड़ा का भी पार्टी कार्यालय पर माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बिलासपुर नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, मिलक नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, पूर्व जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, अर्चना गंगवार, सुभाष भटनागर, भारत भूषण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### मनोनीत पदाधिकारी

कुंवर बहादुर राजपूत, विकास दीक्षित, सुनील मौर्य, संतोष सिंह खैरा, विवेक रूहेला, करतार सिंह लोधी, पारूल अग्रवाल एवं प्रदीप गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। जबकि जगपाल सिंह यादव, रविंद्र सिंह रवि एवं अर्जुन रस्तोगी को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। श्वेता शर्मा, श्रेया मदान, गंगादेवी दिवाकर, अमृता रंधावा, श्यामल मिर्धा, पवन विश्वकर्मा, पंकज सैनी एवं दीपक गुप्ता को जिला मंत्री बनाया है। इसके अलावा ओमप्रकाश लोधी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

# केमरी पुलिस ने मुठभेड़ में तीन को दबोचा

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** थाना केमरी पुलिस ने गोकशी के तीन आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चाकू, 2 तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस, मोटरसाइकिल व गोकशी के उपकरण बरामद हुए हैं। थानाध्यक्ष केमरी हिमांशु चौहान पुलिस बल ग्राम सईदाबाद तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे, चैकिंग के दौरान बाइक सवार तीन व्यक्ति दिखे। जिन्हें रोका गया तो पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए तीन आरोपी राशिद निवासी ग्राम नौगाम थाना शहजादनगर, सत्तार, जाहिद निवासी ग्राम खानपुर कदीम थाना केमरी को गिरफ्तार कर लिया। राशिद के पैर में गोली लगी है। राशिद पर अलग अलग धाराओं में छह मुकदमे दर्ज हैं, जबकि सत्तार पर एक मुकदमा दर्ज है।



मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार बदमाश।

### आंबेडकर पार्क पर कब्जे के विरोध में प्रदर्शन

**स्वार, अमृत विचार :** ग्राम रायपुर चुन्नावाला में आंबेडकर पार्क की जमीन पर कब्जे के प्रयास को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील स्वार पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी अमन देओल को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि आंबेडकर पार्क के समीप स्थित भूमि को जल निकासी एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए खाली छोड़ा गया था, जिसका उपयोग पूरे गांव के लोग करते आ रहे हैं। आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग लोग इस जमीन पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पार्क को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। प्रदर्शन में मुन्नी लाल, विनीत कुमार, अतर सिंह, धीरेंद्र सिंह, मोहम्मद रफी, शिवहरण, इमरत सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# एथलेटिक्स और भारोत्तोलन में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

- 100 मीटर दौड़ में कुलदीप और रोशनी प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर मंगलवार को जूनियर बालक-बालिकाओं की एथलेटिक्स, बैडमिंटन और भारोत्तोलन प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी स्वदीप कन्नौजिया ने किया।

100 मीटर दौड़ में कुलदीप प्रथम, मोहम्मद समीर द्वितीय और पवन तृतीय रहा। बालिका वर्ग में रोशनी प्रथम स्थान पर रही। मुख्य अतिथि ने कहा कि खिलाड़ियों को अपना भविष्य संवारने में खेल अहम भूमिका निभाता है। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट किया। 200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रीति ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में कुलदीप पहले स्थान पर रहे। जबकि 400 मीटर बालिका वर्ग में गुंजन प्रथम और बालक वर्ग में अजय प्रथम स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में माही प्रथम और बालक वर्ग में चंदन प्रथम स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ बालक वर्ग में हुई जिसमें चंदन प्रथम रहे। लंबी कूद में प्रीति प्रथम रहीं। विजयी प्रतिभागियों को प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार, आरएस रावत, डॉ. अनूप सिंह, अरविंद भास्कर ने पुरस्कृत किया। निर्णायकों की भूमिका में फरहत अली खां, नितिन, शादाब मियां, सऊद गुल, गरिमा रावत, रहमाना, मनोज कुमार शामिल रहे।

# जिले की पांच पालिकाओं में नामित हुए 25 सभासद

- शासन द्वारा सोमवार रात जारी की गई सूची

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रामपुर नगर पालिका सहित टांडा, स्वार, बिलासपुर, मिलक नगर पालिकाओं में उप्र शासन द्वारा 25 सभासदों को नामित किया है। सोमवार रात सूची जारी हुई तो नामित सभासदों को बधाईयों का दौर शुरू हो गया।

इनमें रामपुर नगर पालिका के लिए विवेक बिश्नोई, पूजा गुप्ता, पीयूष श्रीमाली, मुकेश कुमार आर्य, अजय अरोड़ा, स्वार से राजीव वर्मा, राजेश कुमार शर्मा, मुनीश कुमार, ऊषा रानी, जमील अहमद, बिलासपुर से दिनेश चंद्र शर्मा, मधुबाला, अनित मदान, रमेश चंद्र व परविंदर को सभासद नामित किया है। वहीं मिलक नगर पालिका के लिए चंद्रभान मित्तल, बृजेश गंगवार, हरीश गोस्वामी, पूजा देवी, अल्का सक्सेना और टांडा से उमेश चंद्र सैनी, शोभा, मेवाराम सागर, योगेश सैनी, शरीफ अहमद को सभासद नामित किया गया है। सभी सभासदों में दो मुस्लिमों को जगह मिली है।



मिलक में नामिक सभासदों का स्वागत करतीं दीक्षा गंगवार व अन्य भाजपा नेता।

### मिलक में नामित सभासदों का हुआ स्वागत

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक नगर पालिका में नामित सभासद बनाए जाने पर चंद्रभान मित्तल एवं बृजेश गंगवार, हरीश गोस्वामी, अलका सक्सेना, पूजा सागर का स्वागत किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दीक्षा गंगवार एवं वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार के आवास पर कार्यक्रम हुआ, जहां पांचों नव-नामित पार्षदों को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर भाजपा मंडल मंत्री बसंत कुमार एडवोकेट, ग्राम प्रधान सरनाम सिंह, प्रशांत भाई पटेल, भूपराम भाई पटेल, रिंकू गोस्वामी, दिनेश माहेश्वरी, मदनलाल मौर्य, जगदीश रोहिल्ला, विवेक गुप्ता सहित अन्य लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शाहबाद में विनीत, अमित और अर्पित हुए नामित सदस्य



अर्पित कुमार।



विनीत कुमार।



अमित चंद्रवंशी।

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर पंचायत शाहबाद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीन कार्यकर्ताओं को नामित सदस्य बनाया गया है। नामित सदस्यों में विनीत कुमार, अमित चंद्रवंशी एवं अर्पित कुमार शामिल हैं। पार्टी नेतृत्व ने संगठन के प्रति सक्रियता और जनसेवा में योगदान को देखते हुए इन तीनों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। नामित सभासदों ने कहा कि वे नगर के विकास कार्यों को गति देने और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी उम्मीद जताई कि नए नामित सभासद नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

# भाकियू अराजनैतिक की पंचायत में उठा सिंचाई का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई। जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में किसानों ने पंचायत के बाद प्रदर्शन किया और नौ सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने बताया कि किसान की कोई बात सुनने को तैयार नहीं है, हम पिछले कई दिनों से किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों अवगत करा रहे हैं। लेकिन कोई निस्तारण नहीं हो रहा है। मंगलवार को दिए ज्ञापन का समाधान नहीं हुआ तो अगले महीने 17 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना करेंगे। उन्होंने कहा जिले की कई नहरें बंद हैं, जिनमें बिलासपुर माइनर से बेगमाबाद तक स्वार तहसील में स्थित राजनगर नहर भी शामिल है। इससे चांदपुरा जदीद, घोमरी, गुलामगंज, रुस्तमपुर, गदईया व हरसुनगला के हजारों किसान कई वर्षों से सिंचाई से वंचित हैं. शिकायतें लगातार की जा रही हैं, लेकिन दुर्भाग्य से आज तक कोई समाधान नहीं निकला है। जिले के सभी अवैध नर्सिंगहोमों के खिलाफ कार्रवाई हो। जिला अस्पताल मैं भी मरीजों की देखभाल नहीं की जा रही है। डॉक्टर रात में ड्यूटी पर नहीं रहते हैं। अस्पताल में कुछ दलालों की शिकायत मिल रहीं हैं, जो लोगों को धमकाते हैं। किसानों ने बिजली समस्या और खतौनी का समय से ना मिलने का मुद्दा उठाया। इस दौरान सरदार अवतार सिंह, सुनील मौर्य, फरीद खां, बाबर खा, शहीद खां, रामपाल पटेल, चौ. राजपाल, सरदार दुरमंद सिंह, डॉ नीरज कुमार, भानु प्रताप, फूल सिंह गंगवार, अनिल बघेल, नरेश गंगवार, राजपाल शर्मा, अनोखे लाल, फाजिल अंसारी, समीर खां, जुनैद खां, विजय पाल कयशप, रामनाथ मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अब्दुल रज्जाक खान सहित अधिक संख्या में किसान मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भाकियू अराजनैतिक से जुड़े किसान ● अमृत विचार

- किसानों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

### कलेक्ट्रेट पर किसानों का प्रदर्शन, आंदोलन की दी चेतावनी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने पर किसानों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन अंबावता से जुड़े किसान मंगलवार की दोपहर जिला उपाध्यक्ष शकील अहमद और जिला प्रवक्ता गुरमेल सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए। इसके बाद जिला अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जिला अस्पताल में डॉक्टर मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते। उन्हें इस कमरे से उस कमरे में और उस कमरे से उस कमरे में भेजा जाता है। जिसके कारण मरीज की हालत और ज्यादा खराब हो जाता है। वहीं खून की जांच कराने के दौरान संविदा कर्मियों द्वारा मरीजों और उनके तीमारदारों से बदसलूकी का आरोप लगाया। शीघ्र ही सुधार नहीं हुआ तो भाकियू अंबावता जिला अस्पताल के खिलाफ आंदोलन करेगी। प्रदर्शन करने वालों में में शकील अहमद, महबूब अली, आरिफ अली, शफीक अहमद, दानिश खां, शाहरुख मियां, बिलाल अहमद, इसरार अली, नाजिम एडवोकेट आदि शामिल रहे।

# युद्ध की स्थिति में उद्यमी सरकार के साथ

- आईआईए की बैठक में ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध का मुद्दा उठा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित रेडियंस पार्क में आईआईए रामपुर की जनरल बॉडी मीटिंग हुई। इसमें अमेरिका-इजरायल और ईरान के युद्ध के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर उद्यमियों ने चर्चा की। बैठक में आईआईए के संरक्षक इंजीनियर एसके गुप्ता ने कहा कि युद्ध की परिस्थितियों में सभी उद्यमी भारत सरकार के साथ हैं।

उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का पैनिक नहीं है, उन्होंने आम नागरिकों से भी धैर्य रखने की अपील की। आईआईए के चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने कहा कि कुछ दल और कुछ मीडिया ग्रुप राजनीतिक कारणों से जनता में गैस में कमी का भय का वातावरण फैला रहे हैं। युद्ध में कुछ परेशानियां आएंगी ही, हमें उसका सामना करने की मजबूत इच्छा शक्ति बनानी पड़ेगी। आईआईए के सचिव मनोज गर्ग ने विचार रखे। मीटिंग में सदस्यों ने रामपुर विकास प्राधिकरण के आने वाली विस्तारीकरण मास्टर प्लान के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। सर्वे टीम को क्षेत्र के लेखपाल, प्रधान ,पंचायत सदस्यों के सुझाव भी शामिल कर लेने चाहिए। सुनिश्चित करना चाहिए के एक क्षेत्र में मिक्स लैंड यूज न हो। बैठक में वाईस चेयरमैन मनोज गुप्ता, आदर्श अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, महिला चेयरपर्सन गार्गी सरदाना, अजय अग्रवाल, मनोज गुप्ता, भारत गुप्ता, सुनील भगत, विमल मिश्रा, अनुज गुप्ता, अमित अग्रवाल, अंकुर रस्तोगी, दिलीप रस्तोगी, विनीत कुमार, नवनीत गुप्ता, रतन गुप्ता, आर्यन सरदाना आदि सदस्य मौजूद रहे।



आईआईए की बैठक में बोलते संरक्षक इंजीनियर एसके गुप्ता। ● अमृत विचार

# मंडलायुक्त ने ग्राम कोयला में लगाई चौपाल

- समीक्षा में पाए गए जननी सुरक्षा योजना के 81 लंबित आवेदन

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने विकास खंड चमरौआ क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोयला में ग्राम चौपाल मे पहुंचकर चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं को लेकर ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया।

मंडलायुक्त ने अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मिट्टी के बर्तन एवं खिलौनों के माध्यम से रचनात्मक ज्ञान भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों का समय से टीकाकरण कराया जाए, जिससे उन्हें शारीरिक विकृतियों से बचाया जा सके। समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना के 81 आवेदन लंबित पाए गए, जिस पर मंडलायुक्त ने ग्राम सचिव को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम में पंचायत सहायक के रिक्त पद को शीघ्र भरने के निर्देश भी दिए गए।

मनरेगा के तहत 651 आईडी में से 20 आईडी लिंक न होने पर शीघ्र लिंक कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही फैमिली आईडी से लोगों को शीघ्र जोड़े जाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वे में शामिल लाभार्थियों के नाम भी पढ़कर सुनाए।

# एसपी के निर्देश पर दुष्कर्म की रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार:** दुष्कर्म के मामले में महिला की शिकायत और एसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने बताया कि वह तलाकशुदा है और उसकी साढ़े तीन साल की एक बेटी है। करीब एक साल पहले उसका परिचय मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी सलमान से हुआ था। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ एक साल तक दुष्कर्म किया। साथ ही कई बार गर्भपात भी करवाया। जब युवती ने शादी की बात की, तो युवक टालमटोल करने लगा। बीती तीन फरवरी को युवक ने उसे बहाने से बुलाया और बाइक पर बैठाकर रुद्रपुर उत्तराखंड स्थित एक होटल ले जाने लगा। विरोध किया तो मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी सलमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

- विकास कार्यों की समीक्षा की राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मुरादाबाद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने मंगलवार को डीएम अजय कुमार द्विवेदी के साथ वार्षिक निरीक्षण किया। कार्यों की समीक्षा करते हुए राजस्व वादों के निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने आरडीए द्वारा 43.10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कलेक्ट्रेट गेट का शिलान्यास किया।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों का जायजा लिया। उन्होंने मिनी कमांड सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था देखी तथा एआईजी स्टांप कार्यालय में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए 05 वर्ष से अधिक पुराने मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी न्यायालय में धारा 30, धारा 12 और सील बंद रजिस्टर का निरीक्षण किया गया। साथ ही धारा 24 और धारा 67 के वादों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शस्त्र अनुभाग में गार्ड फाइल का निरीक्षण करते हुए अनुपालन आख्या न पाए जाने पर उसे तत्काल अद्यतन करने के निर्देश दिए।

नजारत कक्ष में आय-व्यय रजिस्टर तैयार करने तथा जीपीएफ पासबुक पर संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर कराने को कहा। ईआरके कक्ष में पत्रावलियों की अंतिम वीडिंग प्रक्रिया की जानकारी ली गई और निर्देश दिया गया कि इसकी तिथि सूचना पट पर भी अंकित की जाए। संयुक्त कार्यालय में 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के उपयोग की स्थिति की समीक्षा की गई। अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान राजस्व अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा बस्तों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग में नमूना रजिस्टर की जांच की गई, जहां पिछले महीने 16 नमूने लिए जाने की जानकारी मिली। मंडलायुक्त ने छापेमारी बढ़ाने और अधिक नमूने लेने के निर्देश दिए। आपदा प्रबंधन कक्ष में कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए सभी ग्राम प्रधानों के मोबाइल नंबर संकलित करने तथा संसाधनों के अनुसार प्रत्येक गांव के लिए अलग आपातकालीन योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

एसीआर अनुभाग में बड़े बकायेदारों से वसूली की स्थिति की जानकारी लेकर वसूली में तेजी लाने को कहा गया। निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में उपजिलाधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा की। जिसमें 5 वर्ष से अधिक पुराने वादों के शीघ्र निस्तारण और एआईएस कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, नगर मजिस्ट्रेट सलिकराम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय में निरीक्षण करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ मे डीएम।

## न्यूज ब्रीफ

### 30 तक इग्नू में ले सकते हैं प्रवेश

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 मार्च से बढ़कर 30 मार्च हो गई है। बरेली एवं मुरादाबाद विश्वविद्यालय द्वारा प्राइवेट फॉर्म नहीं निकाले जा रहे है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा ने जानकारी दी। इग्नू सह समन्वयक डॉ. सोमेन्द्र सिंह ने कहा कि इग्नू बदलते समय और कॅरियर की जरूरत के अनुरूप है। अध्ययन केंद्र पर बीए, बीकॉम, बीबीए, बीलिब, एमए, एमकॉम, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट उपलब्ध है। स्नातक एवं कुछ अन्य पाठ्यक्रमों के शुल्क में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए नियमानुसार 50 प्रतिशत की छूट है। प्रवेश समर्थ पोर्टल से एवं परीक्षाएं रजा महाविद्याल में होंगी।

### दीपावली बोनस के भुगतान की मांग की

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी विकास खंडेलवाल को पत्र लिखकर दीपावली बोनस एवं महंगाई भत्ता के शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। मांग करने वालों में चिरंजीव कुमार गुड्डू, विनीत कुमार, विजयपाल, गौरव गंगवार, विनोद कुमार, अतुल कुमार, विनीत श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, नरेश कुमार, विमल शर्मा, रिसालत खान, अभिनव सक्सेना, शोभित पटेल, डॉ. वसीम अहमद, अवंतिका गुप्ता, मीना शर्मा, तनूजा सिंघल, वाणी मेहरोत्रा, गीता गंगवार, दीप्ति सिंह, सुनीता अग्रवाल शामिल रहे।

### भैरव बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक हाईवे पर मेहंदी नगर स्थित श्री दयामय अमर भैरव बाबा मंदिर में मंगलवार को मासिक मेला लगा। मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा के बाद खिचड़ी भोज कराया गया। भैरव और अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों को नए वस्त्रों से श्रृंगार कर सजाया गया। सुबह से ही मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लग गई। श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर जलाभिषेक किया। मंदिर के मुख्य पुजारी प्रेम शंकर ने कथा सुनाई।

# गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर किया हंगामा

## बिलासपुर में हंगामा के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, लोगों को समझाकर किया शांत, लाइन में लगने के बाद भी कईयों को नहीं मिल सका सिलेंडर

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को गैस एजेंसी पर गैस लेने पहुंचे उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल सकी। इससे आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। मजबूरन गैस एजेंसी संचालक को पुलिस बुलानी पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत किया। इसके बाद लाइन लगवाकर गैस सिलेंडर वितरित किए गए। इसके बाद भी कई उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल सकी।

मंगलवार की सुबह हंगामा कर रहे उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्होंने हफ्तों पहले बुकिंग करवाई है। इसके बावजूद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। आरोप लगाते हुए कहा कि एजेंसी के कर्मचारी आम लोगों को सप्लाई देने के बजाय, बाहरी लोगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सिलेंडर की दोगुनी रकम के एवज में सिलेंडर बेच रहे हैं। मौके पर स्थिति बिगड़ती देख पुलिस सूचित कर दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह और कस्बा चौकी प्रभारी योगेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने गुस्साए लोगों को जैसे-तैसे शांत किया। बाद में उन्होंने एजेंसी संचालकों से वार्ता कर गैस सिलेंडर वितरित प्रणाली को सुचारु करवाया गया। साथ ही दोपहर तक पुलिस की मौजूदगी में एजेंसी स्वामियों द्वारा गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। उधर, एजेंसी संचालकों ने उपभोक्ताओं द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया है।


बिलासपुर में गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के बाहर खड़े उपभोक्ता। ● अमृत विचार


हंगामा कर रहे लोगों को समझते प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह। ● अमृत विचार


गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है जिसके चलते गैस खर्च में कंजूसी बरत रहे हैं। दाल चावल को बनाने से पहले एक घंटा के लिए भिगोकर रख दते हैं। – कुसुम लता


गैस सिलेंडर पर खाना बनाने की आदत हो गई है। अब प्रयास यह है कि कम से कम गैस खर्च हो और खाना भी बन जाए। चूल्हा जलाने में बड़ी झंझटे हैं। – चंपा


लकड़ियों पर रोटी बनाने में दिक्कत हो रही है। अब मोदी जी ने गैस के चूल्हे की आदत डलवा दी है। गैस लेने के लिए हर दिन एजेंसियों पर बहुत भीड़ है। – निर्मला


गैस खत्म होने पर सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को उठानी पड़ती है। चूल्हा पर खाना बनाने में परेशानी होती है। पता नहीं गैस की दिक्कत कम दूर होगी। – अलका

### गैस एजेंसियों पर लोगों की भारी भीड़, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**रामपुर, अमृत विचार :** गैस के लिए एजेंसियों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ लग रही है। गैस के लिए महिलाएं परेशान हो रही हैं। व्यवस्था संभालने को एजेंसियों पर पुलिसकर्मी भी तैनात हैं। लोग मोबाइल पर गैस बुक करा रहे हैं लेकिन ओटीपी नहीं आने से गैस नहीं मिल पा रही हैं। राजद्वारा, सिविल लाइंस स्थित गैस एजेंसियों पर लोगों की भारी भीड़ है। महिलाएं भी गैस के लिए लाइनों में खड़ी ळैं। गैस की किल्लत बढ़ने पर महिलाओं ने रसाई में गैस जलाने में कंजूसी बरतना शुरू कर दी है। अब दाल चावल बनाने से पहले उन्हें एक घंटा भिगोकर रखा जा रहा है ताकि, कम गैस का कम खर्च हो। घरेलू गैस के लिए तमाम एजेंसियों पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। लोगों का कहना है चार-चार दिन में भी गैस नहीं मिल रही है। गैस बुक कराने के बाद ओटीपी नहीं आ रहा है जिसके कारण पर गैस लेने में परेशानी हो रही है। एजेंसी पर गैस के लिए पर्ची देने से पहले मोबाइल पर ओटीपी देख रहे हैं लेकिन, ओटीपी नहीं होने के कारण सिलेंडर की पर्ची नहीं मिल रही है। कुसुम देवी बताती हैं कि उन्होंने चार दिन पहले गैस बुक करा दी थी लेकिन, उन्हें गैस सिलेंडर नहीं आया है। बताया कि उनकी ओटीपी नहीं आई है ओटीपी आने के बाद उन्हें पर्ची दी जाएगी। कहा कि गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ है। बिना पढ़े लिखे लोगों को गैस लेने में बहुत परेशानी हो रही है।


एक गैस एजेंसी पर लगी भीड़ और तैनात पुलिस कर्मी।

# श्री बालाजी महाराज की निकाली शोभायात्रा

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचारः** संकट मोचन श्री बालाजी मंदिर एवं दरबार समिति के तत्वावधान में नगर में श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। जिसका श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। झांकियां और आतिशबाजी शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण रहीं और बैंड-बाजे की धुनों पर भक्ति भाव से लोग थिरकते नजर आए।

मोहल्ला लक्ष्मीनगर स्थित श्री बालाजी मंदिर से 32वीं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे युवक धार्मिक ध्वज लेकर चल रहे थे। इसके पीछे भव्य रुप से सजाए गए वाहन में भगवान हनुमान जी की प्रतिमा को विराजमान किया गया। शोभायात्रा में राम दरबार, काली माता, काली नृत्य, शनिदेव, मां दुर्गा जी, खाटू श्याम बाबा, हनुमान जी, राम मंदिर, अधोरी की झांकी, शिव-पार्वती आदि देवी-देवताओं की सुंदर-सुंदर झांकियां शामिल रही। शोभायात्रा मोहल्ला शिवबाग मंडी से प्रारंभ होकर माटखेड़ा रोड, मुख्य चौराहा, सिनेमा रोड, मुहल्ला साहूकारा, रामलीला ग्राउंड, कायस्थान, भट्टी टोला, पंजाबी कालोनी, शांति कालोनी, कैनाल मार्ग, रामपुर रोड, पोस्ट आफिस रोड से होकर पुनः शिवबाग मंडी में पहुंचकर संपन्न हुई। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, पूर्व विधायक संजय कपूर, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख एवं महंत बाबूराम जैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सत्यपाल जिंदल, हंसराज गोयल, धन्नूमल बंसल, सोनू जैन, रवि गोयल, पंकज अरोरा, सुनील गर्ग बंटी, तरुण अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, अनिल मदान, संतोख सिंह, खैहरा, संजय जिंदल, विनोद मिश्रा, रामफल सिंघल, दीपक गर्ग, मनोज कंसल, श्याम अग्रवाल, ललित अग्रवाल, अश्वनी अग्रवाल, मनोज जैन, तिलकराज जैन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत अग्रवाल ने किया।


शोभायात्रा में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार व अन्य।

# स्वार में कल्पना चावला का जन्मदिन मनाया

**स्वार, अमृत विचारः** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमनगर में कल्पना चावला का जन्म दिवस श्रद्धा और प्रेरणा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई, जिसमें सभी आचार्य एवं दीदी वंदना प्रमुख बहनों के साथ शामिल हुए। मुख्य वक्ता पर्यावरण प्रमुख दीदी सुनीता रानी मौर्य ने कल्पना चावला के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राधा शर्मा, रंगोली एवं अंजली मौर्य, नरोत्तम सिंह मौर्य, बृजकिशोर, धर्मेंद्र कुमार, विज्ञान अध्यापक संजय कुमार, गौरव सिंह, नीरज सिंह, दिलीप कुमार, विजेंद्र सिंह राजपूत, सेविका श्रीमती कलावती तथा सेनापति नंदिनी, माही, शिवानी, शायरी, एन, आरुषि, गरिमा, खुशी, कुमकुम आदि ने सहभागिता की।

# विकास भवन में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मनरेगा मजदूरों की 75 दिन से मजदूरी नहीं मिलने पर कांग्रेसियों ने मंगलवार की दोपहर विकास भवन पर प्रदर्शन कर मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि मजदूरी नहीं मिलने से मजदूर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।

कहा कि मनरेगा मजदूरों का एक सप्ताह के भीतर भुगतान नहीं होने पर कांग्रेसी सड़कों पर मजदूरों की लड़ाई लड़ेंगे। कांग्रेसी मंगलवार की दोपहर विकास भवन पहुंचे और नारेबाजी की। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मनरेगा मजदूरों का पिछले 75 दिनों का बकाया तत्काल दिया जाए। नियम के विरुद्ध भुगतान में हुई देरी के लिए विलंब मुआवजा दिया जाए। 8 महीने से बिना मानदेय काम कर रहे ग्राम रोजगार सेवकों और संविदा कर्मियों का मानदेय जारी किया जाए। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि सबका साथ- सबका विकास का नारा देने वाली सरकार गरीबों के पेट पर लात मार रही है। रामपुर समेत पूरे प्रदेश में मनरेगा मजदूर भुखमरी की कगार पर हैं। 15 दिन में भुगतान का कानून होने के बावजूद 75 दिनों से पैसे न देना सरकारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि सरकार डिजिटल इंडिया की बात करती है, लेकिन धरातल पर जो कर्मचारी इस योजना को चला रहे हैं, उन्हें 8 महीने से मानदेय नहीं मिला है। प्रदर्शन करने वालों में शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, नोमान मुमताज खां, दुर्गेश मौर्य, भूरा खां, राजू पाशा, जहांगीर ख़ान, सरदार गुरबाज सिंह सिंधु, सुखबन्त सिंह, हार्पिन्दर सिंह, राजेश लोधी, जकी पाशा, सरताज सैफी, शकील मंसूरी, इमरान अली, मोहम्मद जाकिर, अर्जुन सिंह, राम किशोर लोधी, शिशु पाल लोधी, सतीश कुमार, कमल सिंह, भजन लाल, फहीम अहमद, हश्मत अली, आमिर खां, नईम, बहादुर, जयपाल वाल्मीकि, रामू गोस्वामी, मनोज कुमार लोधी आदि शामिल रहे।


विकास भवन पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

● आरोप है कि 75 दिन से मनरेगा मजदूरों को नहीं मिली है मजदूरी

# जज्बा ही पहुंचाता है शिखर तक

**बिलासपुर, अमृतः** आरएएन पब्लिक स्कूल की छात्रा रही रिया जैन को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 318वीं रैंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। सोमवार को विद्यालय में एक सम्मान समारोह हुआ।

जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि रिया जैन, डायरेक्टर मोहित राय एवं प्रधानाचार्य ममता बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा रिया और उनके माता-पिता को स्मृति चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर मोहित राय ने कहा कि रिया हमेशा से एक मेहनती और अनुशासित छात्रा रही हैं।

उनकी यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल है। कहा कि बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने का जज्बा ही व्यक्ति को शिखर पर पहुंचता है। वहीं रिया जैन ने अपनी सफलता के सूत्र छात्रों के साथ साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे मोबाइल का अनावश्यक उपयोग न करें और समय की कीमत समझें। यदि विद्यार्थी अपना ध्यान पढ़ाई और लक्ष्य प्राप्ति पर केंद्रित करें और सोशल मीडिया व मोबाइल से दूरी बनाकर समय का सही प्रबंधन करें, तो सफलता निश्चित है। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।


आरएएन पब्लिक स्कूल में रिया जैन को सम्मानित विद्यालय प्रबंधन के सदस्य।

● यूपीएससी उत्तीर्ण करने वाली रिया जैन को किया सम्मानित

# विद्यार्थियों को दी पनीर बनने की जानकारी

**रामपुर, अमृत विचारः** जिला विज्ञान क्लब द्वारा एक दिवसीय वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला का भ्रमण व वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम मंगलवार को गजरौला की एक मिल्क डेयरी में हुआ। रामलीला पब्लिक इंटर कालेज के प्रवक्ता दीपक कुमार गुप्ता ने दूध के फटने के पीछे की रासायनिक वजह, दूध से पनीर के बनने की रासायनिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। भ्रमण में शामिल सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार सुबह बसों को मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अशोक कुमार, राजकीय खुर्शीद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शिव शंकर सिंह, राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज की प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी, राजकीय रजा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य फैजान सईद, कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव आदि उपस्थित रहे। तकनीशियन बबलू सिंह, जुबैर अहमद, विक्की कौशल आदि ने सभी विद्यार्थियों को औद्योगिक संस्थान का भ्रमण कराया। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक सोमपाल सिंह ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर अरुण कुमार, योगेश कुमार, नदीम अहमद, सरिता गुप्ता, निधि जायसवाल, अंकुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शासन ने नामित किए तीन सभासद बांटी मिठाई

**दढ़ियाल, अमृत विचारः** नगर पंचायत में तीन नए सभासद नामित किए गए हैं। इसके साथ ही नगर पंचायत में कुल सभासदों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। इस घोषणा से नगर में खुशी का माहौल है। वहीं नामित सभासदों के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया है। ध्यान रहे की ग्राम पंचायत दढ़ियाल एहतमाली और ग्राम पंचायत दढ़ियाल मुस्तहकम को मिलाकर नगर का गठन हुआ है। हाल ही में नामित किए गए तीन सभासदों में नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी इकराम अंसारी, बृजेश चौहान और इंद्रावती शामिल हैं। नामित सभासदों में एक जनरल, दूसरा ओबीसी, जबकि एक एससी-एसटी की महिला है।

# वीर खालसा समिति ने कुरान हाफिजों को सम्मानित किया


हाफिजों को सम्मानित करते वीर खालसा समिति पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचारः** मंगलवार को मदरसे में कुरान हाफिज बच्चों को वीर खालसा सेवा समिति ने सम्मानित किया। इस मौके पर मौलाना असलम और अनसर साहब को भी सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा ईद पर्व आने वाला है ईद का पर्व खुशियों का त्यौहार है और आज उन बच्चों को सम्मानित किया है जिन बच्चों ने कुरान शरीफ पूरा पढ़ा है।

रामपुर शहर भाईचारे का शहर है, जहां सभी धर्म के लोग एक दूसरे के धर्म का सम्मान करते हैं। वीर खालसा सेवा समिति हमेशा ही सभी धर्म के पर्व में शामिल होती है और एक दूसरे के साथ खुशियां मानती है। सरदार निर्मल सिंह ने कहा बहुत ही अच्छा लगता है जब सभी धर्म के लोग एक दूसरे को बधाई दें।

# गरीब, मिस्कीन, और मुसाफिरों को दे सकते हैं जकात

● साहिबे हैसियत मुसलमानों पर जकात निकालना फर्ज

● पूरे साल की कमाई में ढाई फीसदी हिस्सा कर दें दान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** अल्लाह के लिये माल का एक हिस्सा जो शरीयत ने तय किया उसका जरूरतमंद को मालिक बना देना शरीयत में जकात कहलाता है। जकात फकीर, मिस्कीन, मुसाफिर को दी जा सकती है। अगर कोई फकीर या मिस्कीन नहीं मिले तो मदरसे में भी जकात का पैसा दिया जा सकता है।


मौलाना फैजान मियां, काजी ए शरआ

काजी ए शरआ बताते हैं कि जकात हर उस मुसलमान पर फर्ज है जिसके पास साढ़े 52 तोला चांदी या साढ़े सात तोला सोना है। इसके अलावा सालना कमाई का ढाई फीसदी जकात निकालना चाहिए। रमजान में रोजा रखने के साथ नमाज और कुरान पढ़ना, जहां इबादत का जरूरी हिस्सा है, वहीं रमजान में रोजे नमाज के बाद सबसे ज्यादा जरूरी जकात निकालना है। अल्लाह ने इसके लिये कुछ पैमाने और औहदे तय किये हैं जिसके हिसाब से जकात देनी चाहिये।

पहले के वक्त में गुलाम और बांदिया रखी जाती थी जो बहुत बड़ा गुनाह था। अल्लाह की नजर में हर इंसान का दर्जा बराबर है इसलिये मुसलमानों को हुक्म दिया गया कि अपनी जकात का इस्तेमाल ऐसे गुलामों को छुड़ाने में करो। उनको खरीदों और आजाद कर दो। आज के दौर में गुलाम तो नहीं होते लेकिन जकात के पैसे से गरीबों, बेसहारों, बेवाओं और मिस्कीनों की मदद की जा सकता है।

### कुरआन पूरी दुनिया के लिए हिदायत का पैगाम : रजवी

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीतपुर नई बस्ती स्थित हुसैनी मस्जिद में 27वीं तरावीह को कुरआन मजीद मुकम्मल हो गया। तरावीह की नमाज के दौरान हाफिज सैयद काशिफ मियां ने कुरआन मजीद सुनाया और मौलाना चिराग अली ने सुना। मौलाना इस्लाम हसन रजवी ने कहा कि कुरआन सिर्फ मुसलमानों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए हिदायत का पैगाम है। जिस तरह हमारे नबी हजरत मोहम्मद स. सिर्फ मुसलमानों के नबी नहीं बल्कि पूरी कायनात के नबी हैं, उसी तरह कुरआन भी पूरी इंसानियत के लिए रहनुमाई करता है। कुरान मुकम्मल होने पर मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया था। उन्होंने कहा कि कुरान को समझकर पढ़ना चाहिए। इस मौके पर ग्राम प्रधान अजीतपुर नासिर अली, सदर हुसैनी मस्जिद जाकिर हुसैन मास्टर, सलामत जान, जिशान हुसैन पाशा, गुलाम साबिर, रफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

● हुसैनी मस्जिद अजीतपुर में कुरआन मजीद हुआ मुकम्मल

### रमजान में कुरान पढ़ना और सुनना जरुरी


स्वार कुरान मुकम्मल होने बाद मौजूद मौलाना साथ में अन्य।

**स्वार, अमृत विचार :** मोहल्ला अगलगा की पुरानी मस्जिद मुस्तफा अनार वाली में रमजान के मौके पर तरावीह की नमाज में पढ़े जा रहे कुरान मुकम्मल हो गया। इस मौके पर मौजूद उलेमा इमाम एवं नमाजियों ने मुल्क में खुशहाली अमन शान्ति सांप्रदायिक सद्भाव की दुआ की। मुख्य अतिथि मौलाना अय्यूब खान ने कहा कि रमजान में तराबी की नमाज में कुरान का पढ़ना और सुनना ही जरूर नहीं, बल्कि कुरान की शिक्षा को अपने जीवन में लाना जरूरी है। इस अवसर पर मस्जिद कमेटी के मास्टर अनवर हुसैन, हाजी फरजंद, डॉ. बाकर अली, हाफिज जमील, खलील अहमद, सभासद हाजी टीपू, पूर्व सभासद अलीम कुरैशी, सभासद अरबाज कुरैशी, इकराम कुरैशी, कुर्बान मियां, अनीस सैफी आदि मौजूद रहे। संचालन मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सभासद हाजी टीपू ने किया।

# मस्जिदों में हाफिजों की गुलपोशी की गई

● मसवासी क्षेत्र में कई मस्जिदों में सोमवार रात हुआ कुरान मुकम्मल

संवाददाता मसवासी

**अमृत विचारः** मसवासी क्षेत्र की बिजारखाता की अड्डे मस्जिद, मसवासी की जामा मस्जिद, मानपुर उत्तरी की मदीना मस्जिद, चाउपुरा की शराफती मस्जिद में सोमवार रात कुरान ए पाक मुकम्मल हुआ। उलमाओं ने देश और दुनिया में अमन कायम रखने की दुआ कराई।

बिजारखाता अड्डे की मस्जिद में सोमवार की शाम नमाज ए तरावीह में कुरान ए पाक मुकम्मल हुआ। तरावीह के दौरान कुराने पाक की तिलावत हाफिज मोहम्मद शाकिब ने की जबकि सामां के फराइज कारी मोहम्मद आसिफ ने पूरे किए। मस्जिद कमेटी ने कुरान हाफिजों को उपहार भेंट किए। मसवासी की जामा मस्जिद में कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई तिलावत कारी खुर्शीद आलम और सामां के फ्राइज हाफिज कारी शाकिर रजा रहे। मानपुर उत्तरी की मदीना मस्जिद में कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई कुराने पाक की तिलावत कारी शहादत हुसैन ने पूरी की जबकि सामा के फ़राइज हाफिज मोहम्मद इमरान ने पूरे किए। नगर के मोहल्ला चाउपुरा की शराफती मस्जिद में नरपत नगर के मौलाना अताउल मुस्तफा नए कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की, जबकि सामां के फराइज हाफिज कारी रशीद ने पूरे किए इस दौरान नगर के प्रमुख मौलाना कारी कमर रजा ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जाहिद हुसैन अंसारी, अब्दुल हसन, उस्मान इदरीसी, डॉ. जावेद, फुरकान, मुस्तफा इदरीसी, सलीम सिद्दीकी, अफजल हुसैन आदि लोग शामिल रहे।

### मस्जिद आयशा में कुरान मुकम्मल

**शाहाबाद, अमृत विचार :** नगर के सिरौली चौराहे स्थित मस्जिद आयशा में कुरान मुकम्मल हुआ। हाफिज मोहम्मद अयान ने कुरान पाक सुनाया, जबकि मुफ्ती फराज ने सुना। कार्यक्रम के दौरान मौलाना राफे ने कुरान की तिलावत करते हुए इस्लाम की शिक्षा पर प्रकाश डाला। मुफ्ती साकिब साहब ने रमजान के महीने की फजीलत बताते हुए रोजा, सदका और फितरा के महत्व पर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में मुफ्ती साकिब ने मुल्क में अमन, सुकून और खुशहाली के लिए दुआ कराई। इस दौरान मस्जिद कमेटी के सदस्य साजिद मियां, सरताज मियां, खालिद मियां, भूरा मास्टर, फारुख नेता जी, अजीम मियां, इरफान मियां, सरताज खान, कारी फैजान, शाज़मान, आर्यन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो पक्षों में पथराव, सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर खुर्द में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच पथराव हो गया था। महिला की तहरीर पर एक पक्ष के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी नगमा पत्नी फुरकान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मार्च की शाम करीब छह बजे पड़ोसी अकबर, असलम, नौशे, शौकत, कासिम, नसीम और सलीम बच्चों के विवाद में उनकी जेठानी के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि नगमा की तहरीर पर सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवती को भगा ले जाने में केस दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के दुगावर गांव निवासी ग्रामीण का आरोप है कि सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया। पुलिस ने आरोपी युवक के नाम केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### अवैध खनन के विरोध में भाकियू असली का धरना जारी

**संभल, अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील क्षेत्र में जुनावई से साधुमणी रोड स्थित महाबली टी प्वाइंट पर गंगा से अवैध खनन के खिलाफ भाकियू असली का धरना ग्यारहवें दिन भी जारी रहा। संगठन कार्यकर्ताओं ने बुलंदशहर के पट्टे के नाम पर संभल की भूमि पर कराए जा रहे अवैध खनन को तत्काल रोकने की मांग उठाई। धरना स्थल पर 18 मार्च को महापंचायत बुलाई गई है, जिसमें भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह बिलारी के शामिल होने की सूचना है। मंगलवार को भाकियू असली की टीमों ने जनपद भर में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से अधिक संख्या में महापंचायत में पहुंचने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में चौधरी संजीव गांधी, राजपाल यादव, जयवीर सिंह यादव, दिलशाद, सचिन यादव, ऋषिपाल यादव, सूरजपाल, दिलीप, महाराज यादव, केदारी, भूरे शर्मा और कल्याण सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोते समय ग्रामीण को जिंदा जलाने की कोशिश

## गंभीर हालत में मुरादाबाद में कराया गया भर्ती, परिवार में पहले से चला आ रहा था विवाद, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव असगरीपुर में सोमवार देर रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। चारपाई पर सो रहे ग्रामीण पर पेट्रोल या ज्वलनशील केमिकल डालकर आग लगा दी गई। आग की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया।


आरिफ।

पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया, जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल रेफर कर दिया। बेटे की तहरीर पर एक नामजद समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गांव असगरीपुर निवासी आरिफ सोमवार रात घर के पीछे घेर में पशुओं के पास चारपाई पर सो रहे थे। रात करीब एक बजे दो-तीन अज्ञात लोग घेर में दाखिल हुए और आरिफ की रजाई पर पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। आग की लपटों से घिरा आरिफ जान बचाने के लिए इधर-उधर भागा और तालाब की ओर दौड़ा। इस दौरान वह नाली में गिर गया। तब तक उनके शरीर का बड़ा हिस्सा आग से बुरी तरह झुलस चुका था। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। सूचना मिलने पर असमोली पुलिस मौके पर पहुंची और आरिफ को जिला अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज जारी है।


असगरीपुर गांव में चारपाई के पास जलती रजाई व इकट्ठा ग्रामीण। ● अमृत विचार

घटना के परिवार के लोगों से चल रही पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि 2 मार्च को आरिफ और उनके भाई युसुफ में तालाब के पास ट्रैक्टर-टिपलर खड़ा करने को लेकर विवाद हो गया था। उस समय दोनों पक्षों के बीच मारपीट

- **बेटे की तहरीर पर एक नामजद समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

भी हुई थी। बाद में समझौता होने की बात कही गई, लेकिन तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ और दोनों पक्षों के बीच रंजिश बनी रही।

इस मामले में दोनों ओर से तहरीर मिलने पर पुलिस ने पहले ही महिलाओं और पुरुषों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। घायल आरिफ के बेटे शारिक ने पुलिस को दी तहरीर में अपने ताऊ युसुफ समेत दो अज्ञात व्यक्तियों पर पिता को जिंदा जलाने की कोशिश का आरोप लगाया है। उसने बताया कि आरोपी चेहरे पर कपड़ा बांधकर आए थे, ताकि उनकी पहचान न हो सके। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर एक नामजद सहित दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# छात्रों के नैतिक मूल्यों में गिरावट चिंताजनक

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** भारतीय शिक्षा बोर्ड की जिला स्तरीय संगोष्ठी में शिक्षा को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में जनपद भर से विद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्य, उद्यमी और शिक्षाविद बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. एनपी सिंह पूर्व आईएएस एवं चेयरमैन भारतीय शिक्षा बोर्ड ने कहा कि पाश्चात्य शिक्षा पद्धति में भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों का अभाव दिखाई दे रहा है। शिक्षा का उद्देश्य केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और संस्कारों के विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने चिंता जताई कि आधुनिक भौतिकतावादी वातावरण में छात्रों के नैतिक मूल्यों में गिरावट आ रही है, जिससे समाज में अपराध, आत्महत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड का

- **संगोष्ठी में डा. एनपी सिंह ने वैदिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा पर जोर**

उद्देश्य विद्यार्थियों को वेद, शास्त्र, उपनिषद, गीता और आध्यात्मिक ज्ञान के साथ आधुनिक विषयों जैसे कंप्यूटर साइंस से जोड़ते हुए उन्हें संस्कारवान, चरित्रवान और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रबंधकों और शिक्षाविदों से आह्वान किया कि वे भारतीय शिक्षा बोर्ड से जुड़कर इस अभियान को आगे बढ़ाएं, ताकि भारत को पुनः संस्कारवान और विश्वगुरु बनाया जा सके। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि केवल आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय ही श्रेष्ठ नहीं होते, बल्कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिकता, अनुशासन और भारतीय संस्कृति के मूल्यों का विकास करना है। संगोष्ठी के बाद निजी एवं सरकारी विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के साथ शैक्षणिक संवाद भी आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

# नवरात्र की तैयारी में लगे श्रद्धालु खरीद रहे पूजा का सामान


पूजा सामग्री की खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**चंदौसी, अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के आगमन से पहले ही शहर के बाजारों में चहल-पहल बढ़ने लगी है। श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं।

मुख्य बाजारों और मंदिरों के आसपास दुकानदारों ने माता की चुनरी, वस्त्र, मुकुट, नारियल, धूप-बत्ती, कलश, कंगन सहित विभिन्न पूजन सामग्री की दुकानें सजा ली हैं। नवरात्रि को देखते हुए बाजारों में अलग-अलग रंगों और डिजाइन की चुनरियां व सजावटी सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि अभी से श्रद्धालु पूजन सामग्री की खरीदारी करने पहुंच रहे हैं और जैसे-जैसे नवरात्र नजदीक आएगी, बाजारों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है। वहीं शहर के प्रमुख मंदिरों में भी नवरात्रि को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिरों की साफ-सफाई के साथ सजावट का कार्य कराया जा रहा है, जिससे पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# मेंथा कारोबारी के घर लगी आग, लाखों का सामान राख

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** मोहल्ला कोट पूर्वी में सोमवार आधी रात के बाद एक मेंथा कारोबारी के तीन मंजिला मकान में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख लोगों ने शोर मचाया। दमकल और पुलिस टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में करीब दो लाख रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

मोहल्ला कोट पूर्वी निवासी मेंथा कारोबारी सत्यप्रकाश चाहल के मकान में सोमवार रात करीब 12 बजे आग लग गई। मकान के ग्राउंड फ्लोर पर बने ऑफिस से पहले धुआं निकलता दिखा। देर रात वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति की नजर पड़ी तो उसने शोर मचा दिया, जिसके बाद आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। आग और धुएं के कारण परिवार के लोग घर से बाहर


मेंथा कारोबारी के घर आग बुझाने में जुटे दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

- **दूसरे मकानों तक आग फैलने की आशंका से सहमे रहे लोग**
- **घर में तीसरी मंजिल की छत पर फंसा रहा पूरा परिवार**

नहीं निकल सके और सुरक्षित बचने के लिए मकान की छत पर पहुंच गए। विद्युत विभाग ने एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कर दी। संविदा लाइनमैन अशोक कुमार व अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। दमकल टीम को ग्राउंड फ्लोर पर लगे लोहे के गेट को खोलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि आग की वजह से गेट पूरी तरह तप चुका था। कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो बजे आग पर काबू पाया जा सका।

प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। दमकल विभाग मामले की जांच में जुटा है। गृहस्वामी सत्यप्रकाश चाहल ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर उनके ऑफिस में फर्नीचर व अन्य सामान रखा था। उन्होंने बताया कि पहले यहां मेंथा फैक्ट्री और ब्यूटी पार्लर संचालित होता था, लेकिन फिलहाल दोनों बंद हैं। घर आबादी के बीच है और आग के दूसरे मकानों तक भी फैलने का खतरा था। ऐसे में लोग सहमे रहे। आग पर काबू हो जाने के बाद लोगों ने भी राहत की सांस ली।

### पेट्रोल पंप पर जर्जर वैन में लगी आग

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** भकरौली स्थित पेट्रोल पंप पर मंगलवार को पेट्रोल भरवाने के बाद एक पुरानी वैन देखते ही देखते वैन आग का गोला बन गई। समय रहते वैन को पंप से दूर कर दिया गया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। भकरौली निवासी दुष्यंत अपनी मारुति वैन से साप्ताहिक बाजारों में सामान बेचता है। मंगलवार को भोजपुर बाजार जाते समय भकरौली में पैट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के बाद गाड़ी स्टार्ट की, तभी शॉर्ट सर्किट से वैन में आग लग गई। देखते ही देखते पूरी वैन उसकी चपेट में आ गई। पेट्रोल पंप स्वामी जयपाल गुप्ता और कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया और जलती वैन को पंप से दूर करने में जुट गए। फायर ब्रिगेड टीम भी पहुंच गई और आग पर काबू पाया।



पेट्रोलपंप पर वैन में लगी आग।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी घोषित, 20 को मिली जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की स्वीकृति के बाद जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू द्वारा जारी सूची के अनुसार 20 पदाधिकारियों को जिला स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने बताया कि कार्यकारिणी में सात जिला उपाध्यक्ष, तीन जिला महामंत्री, आठ जिला मंत्री और एक कोषाध्यक्ष शामिल हैं। अल्पसंख्यक जैन समुदाय से आने वाले अंकित जैन पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें जिला कोषाध्यक्ष पद पर रिपीट किया गया है। महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष राखी सिरोही

- **मनोनीत पदाधिकारियों का किया गया स्वागत**

को जिला मंत्री और संभल नगर की पूर्व अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता को जिला महामंत्री बनाया गया है। नई कार्यकारिणी में दो दलित, आठ ओबीसी, चार वैश्य, एक ब्राह्मण और तीन ठाकुर वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया गया है। जारी सूची के अनुसार जिला उपाध्यक्ष पद पर योगेंद्र त्यागी, विकास वार्ष्णेय, सुधीर मल्होत्रा, दीपक यादव, सौरभ गुप्ता, विपिन गुप्ता, अर्जुन बाल्मीकि और जयप्रकाश प्रजापति को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं जिला महामंत्री के रूप में हरिओम शर्मा, शिल्पी गुप्ता और मनोज कठेरिया को नियुक्त किया गया है। जिला मंत्री पद पर विशाल चौहान, देवचंद सैनी, सोनू चाहल, चंद्रसेन खड़गवंशी, अवधेश प्रताप सिंह, शांति स्वरूप और चरन सिंह भारती को स्थान दिया गया है। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने बताया कि जल्द ही जनपद के सभी मंडलों की कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार संगठन को मजबूत किया जा रहा है और कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों की तैयारी में जुटने को कहा गया है। साथ ही बताया कि जनपद के नगर निकायों में 29 नामित सभासद भी मनोनीत किए गए हैं।


सोनू चाहल, जिला मंत्री।


शिल्पी गुप्ता जिला महामंत्री।


विपिन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष।


योगेंद्र त्यागी, जिला उपाध्यक्ष।


हरिओम, जिला महामंत्री।


सौरभ, जिला उपाध्यक्ष।

# जागरुकता अभियान के तहत चौपाल आयोजित

**चंदौसी, अमृत विचार:** महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में महिला पुलिसकर्मियों और एंटी रोमियो टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान बाजारों, स्कूल-कॉलेजों, चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट वितरित कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, सीएम हेल्पलाइन 1076, एम्बुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

## न्यूज डायरी

### सीएम युवा उद्यम योजना में 116 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित



**संभल, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वावधान में सीएम युवा उद्यम वृहद ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन बहजोई स्थित डीआर रिसॉर्ट में किया गया। कार्यक्रम में 116 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यम योजना के माध्यम से सरकार युवाओं को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है, जिससे वे अपना व्यवसाय स्थापित कर सकें और अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकें। उप महाप्रबंधक सुमन बक्शी ने लाभार्थियों से ऋण राशि का समुचित और उत्पादक उपयोग करने तथा समय पर भुगतान करने की अपील की। अधिकारियों ने क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार सहित विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक व बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।



### परेशान ग्रामीणों ने सांड को पंचायत घर में किया बंद

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव टांडा कोठी में पिछले एक सप्ताह से एक आवारा सांड के आतंक से ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया था। सांड के हमलों से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को उसे घेरकर पकड़ लिया और गांव के पंचायत सचिवालय में बंद कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार बीते करीब एक सप्ताह में सांड ने गांव के अमन कुमार, राजीव, भूदेव, रामचंद्र और एक महिला ओमवती पर हमला कर दिया था। लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया था। मंगलवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर सांड को घेर लिया और पंचायत घर में बंद कर दिया। सूचना मिलने पर एडीओ पंचायत सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और सांड को सुरक्षित तरीके से पकड़ कर गोशाला भिजवा दिया।



### सीडीओ ने समय से लक्ष्य पूरा करने का दिया निर्देश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने विकास भवन स्थित बापू सभागार में मंगलवार को मनरेगा, फैमिली आईडी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की बैठक में समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। फैमिली आईडी के अंतर्गत स्वतः रोजगार विभाग को 14 हजार और श्रम विभाग को 70 हजार नए लक्ष्य दिए गए हैं। 15 दिन के भीतर पूरा करने के लिए कहा। विकास खंडों में चल रहे निर्माण कार्यों, अन्नपूर्णा भवन आदि के निर्माण को शीघ्र पूरा कराने के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारी से कहा।

### रोजगार मेले में 495 अभ्यर्थियों का चयन, राज्य मंत्री ने दिये नियुक्ति पत्र



**चंदौसी, अमृत विचार :** एसएम डिग्री कॉलेज परिसर में मंगलवार को उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय संभल, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री माध्यमिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से योग्य युवाओं को अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनका आत्मबल बढ़ रहा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधीर मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार के लिए कदम उठा रही है। मेले में कुल 1017 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से प्रथम चरण में 495 का चयन किया गया। संचालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय एवं मनोज कुमार ने किया। प्राचार्य दानवीर सिंह यादव, नोडल प्रधानाचार्य व जिला समन्वयक स्तुति गुप्ता, आईटीआई प्राचार्य नरेंद्र सिंह पाल, जिला सेवायोजन अधिकारी अमरोहा डॉ. सुशील कुमार आदि रहे। व्यवस्थाएं मेला प्रभारी गौरव पूठिया ने संभालीं।

# डीआईजी ने ईद को लेकर दिए सख्त निर्देश


ग्राम प्रहरियों से संवाद करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने संभल कोतवाली व थाना हजरतनगर गढ़ी का निरीक्षण किया। ईद के मद्देनजर पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश देते हुए साफ कहा कि किसी भी हालत में नई परंपरा के नाम पर विवाद पैदा नहीं होने दिया जाए।

मंगलवार दोपहर को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में डीआईजी ने कहा कि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए। सभी

- **दूसरे दिन डीआईजी ने कोतवाली व हजरतनगर गढ़ी थानों का किया निरीक्षण**

संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि गैर-परंपरागत कोई भी गतिविधि न होने पाए, अन्यथा संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी ने मंगलवार सुबह संभल कोतवाली का निरीक्षण किया। इसके बाद थाना हजरतनगर गढ़ी का भी दो घंटे तक जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस व्यवस्था, रिकॉर्ड मेंटेनेंस और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर संतोष जताया गया। थाना कोतवाली निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई और दस्तावेज प्रबंधन अच्छा मिला, हालांकि मालखाने में खड़ी सीज व लावारिस गाड़ियों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बीट कांस्टेबलों की सक्रियता, मिशन शक्ति अभियान और साइबर हेल्प डेस्क के कार्यों को भी सराहा गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ ही एएसपी आलोक भाटी भी मौजूद रहे।

# संसद में फिर उठी संभल-गजरौला रेल लाइन की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा क्षेत्र से सपा के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने संसद में क्षेत्र से जुड़े अहम रेलवे मुद्दों को उठाया। उन्होंने संभल से गजरौला के बीच नई रेल लाइन की मांग के साथ-साथ विभिन्न ट्रेनों के ठहराव और बंद पड़ी ट्रेनों को पुनः शुरू कराने की मांग की।

सांसद बर्क ने कहा कि रेलवे केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और क्षेत्रीय विकास की रीढ़ है। कई क्षेत्र अब भी रेल कनेक्टिविटी से वंचित हैं, जिनमें संभल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि संभल-गजरौला रेल लाइन के मुद्दे को उनके दादा डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क भी लगातार उठाते रहे। सांसद ने कहा कि संभल एक ऐतिहासिक शहर होने के साथ-साथ अब जिला भी है, जहां मेंथा,

- **सांसद बर्क ने विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की भी मांग की**

आलू और हैंडीक्राफ्ट का बड़ा कारोबार होता है। रेल सुविधा के अभाव में व्यापार और शिक्षा दोनों प्रभावित हो रहे हैं। सांसद ने सरकार से मांग की कि संभल-गजरौला रेल लाइन को शीघ्र स्वीकृति दी जाए। इसके अलावा उन्होंने कुन्दरकी रेलवे स्टेशन पर पूर्णागिरि एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस, छपरा एक्सप्रेस और चंडीगढ़ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। साथ ही बिलारी और राजा का सहसपुर स्टेशन पर भी प्रमुख ट्रेनों के स्टॉपेज सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सांसद बर्क ने चंदौसी क्षेत्र की समस्याओं को भी उठाते हुए कहा कि कोरोना काल में बंद हुई ऋषिकेश पैसेंजर और दिल्ली-बरेली पैसेंजर ट्रेन को जल्द बहाल किया जाए।

न्यूज ब्रीफ

## निजीकरण व स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना आज

**अमृत विचार, लखनऊ:** अभी तक बिजली निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में विद्युत कर्मचारी संगठन ही आंदोलन कर रहे थे। अब ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के साथ आंदोलन करने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा में भी उतर आया है। 18 मार्च बुधवार को इंजीनियर्स फैडरेशन के साथ संयुक्त किसान मोर्चा प्रदेश भर के सभी तहसीलों के एसडीएम कार्यालयों पर धरना प्रर्दशन करेगा। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे और संयुक्त किसान मोर्चा के प्रवक्ता शशिकांत ने बताया कि बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर के विरोध सभी जिलों में आंदोलन होगा। यह आंदोलन अब केवल कर्मचारियों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि गरीब उपभोक्ताओं, किसानों और आम जनता की सक्रिय भागीदारी के साथ एक व्यापक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। बिजली निजी हाथों में गई तो किसानों और गरीबों को मिलने वाली सब्सिडी खत्म हो जाएगी।

## आम, परवल समेत 13 नई प्रजाति अधिसूचित

**अमृत विचार, लखनऊ:** केंद्र सरकार ने प्रदेश में विज्ञानियों द्वारा विकसित की गईं आम, अमरूद, बेल, परवल, हल्दी समेत 11 प्रजाति अधिसूचित की हैं। तेलीबाग स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान में मंगलवार को अध्यक्ष/अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा ने अध्यक्षता में राज्य बीज उप समिति की 14वीं बैठक हुई। इसमें केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमानखेड़ा की ओर से विकसित की गई आम की प्रजाति अवध अभय, अवध समृद्धि, आईसीएआर सागरिका, बेल की अवध अर्पन व अवध श्रेष्ठ प्रजाति, परवल की अवध सुचित्रा व अवध सुरेखा प्रजाति, अमरूद की अवध भूषण से अवगत कराया गया। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या की ओर से विकसित नरेंद्र बेल-17, नरेंद्र बेल-2 व नरेंद्र हल्दी-5 प्रजाति की जानकारी दी गई। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी की ओर से विकसित टमाटर की पांच व करेला, लौकी, क्लस्टर बीन, विंग्ड बीन, चौलाई, सिंघाड़ा, बेबी कार्न, कमल की एक-एक प्रजाति के साथ केंद्रीय उपोष्ण बागवनी द्वारा जामुन व बेल की एक-एक प्रजाति, सेम की दो, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय से बेर की एक प्रजाति का भी प्रस्तुतीकरण किया गया।

## बिजली बाधित करने की साजिश में प्रबंधन पर लगाया जाए एस्मा

**अमृत विचार, लखनऊ:** विद्युत नियामक आयोग की सुनवाई में बताया गया कि उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51 हजार करोड़ रुपए सरप्लस है। ऐसे में बिजली बिल की दरों मे बढ़ोत्तरी का सवाल ही पैदा नहीं होता। उधर प्रीपेड स्मार्ट मीटर रिचार्ज कराने के बाद भी लाखों उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिलने पर मुआवजा दिए जाए। साथ ही बिजली बाधित करने की साजिश का आरोप लगाते हुए विद्युत वितरण निगम के प्रबंधन के खिलाफ एस्मा लगाने की भी मांग की गई। विद्युत नियामक आयोग की सुनवाई मंगलवार को बरेली के जीआईसी आडीटोरियम में हुई। आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह के समक्ष राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल आला अफसरों के साथ मौजूद रहीं। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ने विभागों के कार्यों व टैरिफ पर अपना प्रस्तुतीकरण किया गया।

# 'पंडित' पर आपत्तिजनक प्रश्न से नाराज भगवाधारी ने किया आत्मदाह का प्रयास

दरोगा भर्ती परीक्षा


गोसेवक दीपक शर्मा।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के बाहर पुलिस ने पेट्रोल डालने से पहले पकड़ लिया
- बुलंदशहर के ब्लॉक दानपुर गांव का रहने वाला है गोसेवक दीपक शर्मा

**अमृत विचार:** विधानसभा मार्ग स्थित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड मुख्यालय के बाहर भगवाधारी गो-सेवक दीपक शर्मा ने आत्मदाह का प्रयास किया। खुद पर पेट्रोल उड़ेल पाता, उससे पहले पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। हुसैनगंज पुलिस भगवाधारी को लेकर कोतवाली पहुंची। पूछताछ में बताया कि दरोगा भर्ती के पेपर में अवसर के साथ बदल जाने वाले प्रश्न में विकल्प में पंडित दिए जाने से नाराज है। इंस्पेक्टर हजरतगंज को इस संबंध में प्रार्थना पत्र भी दिया था, लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। पुलिस ने बुलंदशहर पुलिस को सूचना दे दी है।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि दीपक शर्मा मूल रूप से बुलंदशहर के ब्लॉक दानपुर गांव के रहने वाले हैं। दीपक करीब 11 बजे बोतल में पेट्रोल लेकर पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के पास पहुंचे थे। पुलिस पहले से वहां सक्रिय थी। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, दीपक भर्ती बोर्ड के मेन गेट से अंदर घुसते ही बोतल निकाल ली। इससे पहले कि वह ज्वलनशील पदार्थ डाल पाता हुसैनगंज शिवमंगल सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया। पुलिस दीपक को लेकर कोतवाली पहुंची। दीपक ने पूछताछ में बताया कि इन दिनों लगातार ब्राह्मणों को प्रताड़ित किया जा रहा है। ब्राह्मणों को टारगेट कर उनपर आपत्तिजनक कमेंट किए जा रहे हैं। दरोगा भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में शनिवार को पंडित शब्द का इस्तेमाल कर अपमानित किया गया। लोगों में इससे बहुत आक्रोश है। अबतक प्रश्नपत्र बनाने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई। जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए। कुछ दिनों से बाह्मण देश छोड़ो, ब्राह्मण को देश मे रहने नहीं देंगे। इस तरह के कमेंट और नारेबाजी लोगों के द्वारा किया जा रहा है।

इस संबंध में कार्रवाई मांग करते हुए दो दिन पूर्व हजरतगंज कोतवाली में ज्ञापन भी दिया था। इसके बाद भी करवाई नहीं हुई। एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी बुलंदशहर पुलिस को दे दी गई है। बुलंदशहर पुलिस के आने पर दीपक शर्मा को उनके सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने दी बहुगुणा को श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को लोकप्रिय राजनेता, कुशल प्रशासक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। योगी ने कहा कि बहुगुणा जी ने सामाजिक जन-जागरूकता और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए। योगी मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे।

# 300 मिलियन डॉलर से सुधारी जाएगी प्रदेश की वायु गुणवत्ता

### विश्व बैंक, भारत सरकार और प्रदेश सरकार के बीच नई दिल्ली में हुआ करार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 3.9 मिलियन घरों को मिलेगी स्वच्छ कुकिंग सुविधा
- 700 से अधिक ईंट भट्ठों का किया जाएगा आधुनिकीकरण
- किसानों को उर्वरकों के कुशल उपयोग के लिए प्रोत्साहित करेंगे

**अमृत विचार:** प्रदेश में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए विश्व बैंक, भारत सरकार और प्रदेश सरकार के बीच नई दिल्ली में महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के तहत उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम को करीब 299.66 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 300 मिलियन डॉलर) की वित्तीय सहायता मिलेगी।

परिवहन, कृषि और उद्योग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एकीकृत समाधान लागू कर वायु प्रदूषण कम करने पर केंद्रित इस कार्यक्रम से न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि आसपास के राज्यों को भी लाभ मिलेगा। एमओयू पर प्रदेश की ओर से स्वच्छ वायु प्रबंधन प्राधिकरण की सीईओ बी. चंद्रकला, भारत सरकार की ओर से आर्थिक मामलों के विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और विश्व बैंक की ओर से कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रोसी ने हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरणीय संतुलन भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से विकास का आकलन केवल जीडीपी से नहीं, बल्कि स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ नागरिकों से भी होगा। विश्व बैंक के अनुसार, इस पहल से परिवहन और एमएसएमई क्षेत्र में लगभग 150 मिलियन डॉलर की निजी पूंजी आकर्षित होगी। साथ ही इलेक्ट्रिक बसों व तीन पहिया वाहनों में निवेश, उद्योगों में उत्सर्जन निगरानी और स्वच्छ तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम के तहत 3.9 मिलियन घरों को स्वच्छ कुकिंग सुविधा, 700 से अधिक ईंट भट्ठों का आधुनिकीकरण और किसानों को उर्वरकों के कुशल उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 10 वर्ष की अवधि वाला यह कार्यक्रम इंडो-गंगा क्षेत्र के व्यापक वायु गुणवत्ता सुधार प्रयासों का हिस्सा है।

## ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट व फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगेंगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में निवेश की रफ्तार तेज, तीन कंपनियों को भूमि आवंटन
- 3400 करोड़ रुपये से अधिक निवेश का रास्ता साफ, 5700 से ज्यादा रोजगार सृजन

**किस कंपनी को क्या मिला**

- **एस्कॉर्ट्स कुबोटा:** 154 एकड़, 2029 करोड़ निवेश
- **सीएनएच इंडस्ट्रियल:** 100 एकड़, 1219 .81 करोड़ निवेश
- **सन ऑर्गेनिक:** 30,000 वर्गमीटर, 225 .16 करोड़ निवेश

**यह होगा फायदा**

- 5700 से अधिक रोजगार के अवसर
- कृषि व निर्माण क्षेत्र को मजबूती
- फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को बढ़ावा
- यमुना एक्सप्रेसवे बनेगा औद्योगिक हब

**अमृत विचार:** प्रदेश में औद्योगिक निवेश को गति देने की दिशा में योगी सरकार को एक और बड़ी सफलता मिली है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में तीन प्रमुख कंपनियों को भूमि आवंटित की गई है, जो यहां ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट व फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाएंगी। इन परियोजनाओं के जरिए प्रदेश में 3,400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आएगा और 5,700 से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

इन्वेस्ट यूपी की संस्तुति पर हुए इस आवंटन को प्रदेश में बेहतर होती निवेश नीति और उद्योग अनुकूल माहौल का परिणाम माना जा रहा है। सरकार का लक्ष्य यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र को एक बड़े औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना है। सबसे बड़ा निवेश एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। कंपनी को सेक्टर-10 में 154 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जहां ट्रैक्टर और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट निर्माण इकाई स्थापित होगी। इस परियोजना में करीब 2,029 करोड़ रुपये का निवेश होगा और लगभग 4,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को मजबूती मिलने की उम्मीद है। वहीं, सीएनएच इंडस्ट्रियल इंडिया प्रा. लि. को सेक्टर-8डी में 100 एकड़ भूमि दी गई है। कंपनी यहां ट्रैक्टर निर्माण इकाई स्थापित करेगी, जिसमें 1,219.81 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इस प्रोजेक्ट से करीब 1,200 रोजगार सृजित होंगे और प्रदेश कृषि मशीनरी निर्माण का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। तीसरी कंपनी सन ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज प्रा. लि. को सेक्टर-8डी में 30,000 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई है। यहां ड्राई फ्रूट प्रोसेसिंग और पैकेजिंग यूनिट स्थापित होगी, जिसमें 225.16 करोड़ रुपये का निवेश और 569 रोजगार सृजित होंगे।

सरकार की सिंगल विंडो प्रणाली, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग अनुकूल नीतियों के चलते निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इन परियोजनाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन को भी नई गति मिलेगी।

## 19 को बागपत में बेटियों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** नवरात्र के पहले दिन बागपत में बेटियों के सम्मान और सशक्तीकरण का अनूठा आयोजन 'नन्ही कली' कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। 19 मार्च को आयोजित इस कार्यक्रम में छह बार की विश्व चैंपियन बॉक्सर मैरी कॉम बेटियों को सम्मानित करेंगी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। इस पहल की खासियत है कि 'नन्ही कली' गुड़िया गांव की महिलाओं द्वारा रिसाइकिल प्लास्टिक और कपड़ों के टुकड़ों से तैयार की जा रही है। इसमें बेकार प्लास्टिक बोतलों से बने फाइबर का उपयोग किया गया है।


मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी।

# मुख्यमंत्री ने उतारी मां विंध्यवासिनी की आरती, कॉरिडोर का कार्य भी देखा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### मां विंध्यवासिनी विवि का किया निरीक्षण

- **अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने 31 मई तक निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विवि परिसर में मौलिश्री का पौधा भी लगाया। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में सड़कों के निर्माण और पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि यहां ऐसे पाठ्यक्रम संचालित किए जाएं, जो युवाओं को कौशल विकास के साथ रोजगार से भी जोड़ें। उन्होंने विशेष रूप से मीरजापुर, सोनभद्र और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम तैयार करने पर जोर दिया। साथ ही तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के युवाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसे उच्च गुणवत्ता के साथ विकसित किया जाना चाहिए। कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, विधायक रमाशंकर पटेल, प्रमुख सचिव महेंद्र अग्रवाल, आयुक्त राजेश प्रकाश, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**अमृत विचार :** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मीरजापुर में मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन, आरती उतारी और मां को लाल चुनरी अर्पित कर मंदिर की परिक्रमा की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री बच्चों के बीच पहुंचे और उनसे बातचीत कर पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। बच्चों को मोबाइल का सीमित उपयोग करने की सलाह दी और चॉकलेट वितरित की।

चैत्र नवरात्र से पहले मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र और रामनवमी के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा। दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने विंध्यवासिनी कॉरिडोर का निरीक्षण कर वहां लगे स्टाल भी देखे। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, विधायक रत्नाकर मिश्र, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# हज यात्रियों के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग, वैक्सीनेशन अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सऊदी गाइडलाइंस के तहत आज फिटनेस प्रमाणन जरूरी

**अमृत विचार:** हज यात्रा 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सऊदी अरब सरकार के हज मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुसार सभी हज यात्रियों के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन अनिवार्य कर दिया गया है। एस.पी. तिवारी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया के 16 मार्च 2026 के सर्कुलर के तहत यह निर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें एनआरआई हज यात्री भी शामिल हैं।

निर्देशों के अनुसार, हज यात्रियों को अपनी मेडिकल स्क्रीनिंग और फिटनेस प्रमाणन 18 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से कराना होगा। वहीं वैक्सीनेशन यात्रा से 10 दिन पूर्व तक कराया जा सकता है। सभी यात्रियों को अपनी पूरी यात्रा के दौरान मूल हेल्थ कार्ड साथ रखना जरूरी होगा।एनआरआई हज यात्रियों को जिस देश में वे रह रहे हैं, वहीं के सरकारी या मान्यता प्राप्त निजी स्वास्थ्य केंद्रों से मेडिकल स्क्रीनिंग कराकर उसका प्रमाण पत्र संबंधित राज्य हज समिति को उपलब्ध कराना होगा। इनके मेडिकल और वैक्सीनेशन का पूरा खर्च यात्रियों को स्वयं वहन करना होगा।

# सपा-कांग्रेस के महापुरुषों में दम नही इसीलिए मना रहे कांशीराम जयंती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मायावती बोलीं, बसपा को खत्म करने की रची जा रही साजिश



**अमृत विचार:** बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर सपा-कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पहले से ही सपा-कांग्रेस द्वारा बसपा को खत्म करने की साजिश की जाती रही है।

बसपा प्रमुख ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यूपी के विधान सभा चुनाव नजदीक आते ही दलित विरोधी पार्टियां एकाएक सक्रिय हो गई हैं। दलित वोटों के स्वार्थ में अब यह बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती सोची-समझी साजिश के तहत मना रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की जब केन्द्र में सरकार थी, तब उन्हें भारत रत्न की उपाधि नहीं दी, लेकिन अब दूसरी सरकार से देने की मांग कर रहे हैं। इससे अधिक हास्यास्पद क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने जिस बसपा की नींव रखी, उसकी एकमात्र उत्तराधिकारी वह खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनके जिंदा रहते हुए कोई उनकी पार्टी को हिला नहीं सकता। ऐसा लगता है कि सपा और कांग्रेस के महापुरुषों में कोई जान नहीं रही है। अब ये हमारे महापुरुषों को भुनाने में लगे हैं। हैरत की बात तो यह है कि कांशीराम के सम्मान में किए गए विकास कार्यों के नाम भी सपा सरकार ने बदल दिए। उन्होंने सपा-कांग्रेस में शामिल अनुसूचित जाति के नेताओं से कहा कि वह कांशीराम द्वारा लिखी चमचा युग के नाम पर लिखी किताब पढ़ लें।

# लघु सिंचाई विभाग में 402 पदों पर पीईटी पास को मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 अप्रैल से आवेदन शुरू, 5 मई अंतिम तिथि

**अमृत विचार:** प्रदेश के लघु सिंचाई विभाग में 402 सहायक बोरिंग तकनीशियन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होगी और अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा कराई जाने वाली इस भर्ती में चयन प्रक्रिया पीईटी-2025 के स्कोर के आधार पर होगी। पीईटी में शून्य या नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी आवेदन के पात्र नहीं होंगे। आवेदन शुल्क जमा करने और फॉर्म सबमिट करने की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित की गई है।

सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 25 रुपये रखा गया है। इन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 19,900 से 63,200 रुपये तक का वेतनमान मिलेगा। भर्ती से जुड़ी विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं।

नई वित्तीय नीति

योगी सरकार ने तय किया है हर रुपये का उद्देश्य व पारदर्शिता

# जनता के काम में सीधे खर्च हो रहा टैक्स का धन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गो कल्याण, सड़क, खेती और विरासत को मिल रहा सीधा लाभ

**ऐसे काम कर रहा मॉडल**

- टैक्स को तय उद्देश्य से जोड़ा गया
- जहां से राजस्व, वहीं खर्च की नीति
- गो कल्याण सेस से पशु संरक्षण
- टोल से सड़क, स्टाम्प से पर्यटन विकास
- पारदर्शिता से जनता का भरोसा बढ़ा

**इन क्षेत्रों को मिला लाभ**

- गोवंश संरक्षण और आश्रय स्थल
- ग्रामीण सड़क और कनेक्टिविटी
- सिंचाई व जल प्रबंधन
- धार्मिक व पर्यटन विकास
- किसान कल्याण और फसल सुरक्षा

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने सार्वजनिक वित्त प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए टैक्स व्यवस्था को सीधे जनहित से जोड़ने का नया मॉडल लागू किया है। इस नीति के तहत अब राजस्व केवल संग्रह का माध्यम नहीं, बल्कि एक तय उद्देश्य के साथ खर्च किया जा रहा है। यानी जनता से जो पैसा आता है, वह किस क्षेत्र में खर्च हो रहा है, यह पूरी तरह स्पष्ट किया जा रहा है।

सरकार की इस पहल से आम नागरिक अब आसानी से समझ सकता है कि उसका दिया गया टैक्स किस काम में उपयोग हो रहा है। यह पारदर्शिता न केवल भरोसा बढ़ा रही है, बल्कि विकास योजनाओं को भी अधिक प्रभावी बना रही है। राज्य सरकार का मानना है कि स्पष्ट नीति और लक्ष्य आधारित खर्च से समाज, अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विरासत तीनों को एक साथ मजबूती दी जा सकती है।

इस मॉडल का एक प्रमुख उदाहरण गो कल्याण सेस है। आबकारी राजस्व पर लगाए गए 0.5 प्रतिशत के इस सेस से राज्य को सैकड़ों करोड़ रुपये प्राप्त हो रहे हैं, जिन्हें सीधे निराश्रित गोवंश की देखभाल में खर्च किया जा रहा है। प्रदेश के गोवंश आश्रय स्थलों में पशुओं के लिए भोजन, आवास और उपचार की सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इससे किसानों को भी राहत मिल रही है। सरकार ने "जिस सेक्टर से राजस्व, उसी सेक्टर में निवेश" की नीति को भी लागू किया है। इसके तहत स्टाम्प ड्यूटी से मिलने वाले राजस्व को धार्मिक और पर्यटन परियोजनाओं, खनन से प्राप्त आय को सिंचाई व जल प्रबंधन, एक्सप्रेसवे टोल को ग्रामीण सड़कों और कनेक्टिविटी तथा मंडी शुल्क को किसानों की योजनाओं में लगाया जा रहा है। इससे विकास का लाभ सीधे संबंधित क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। नई वित्तीय नीति की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पारदर्शिता है। अब टैक्स का उपयोग अस्पष्ट नहीं है, बल्कि स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इससे सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है और योजनाओं के क्रियान्वयन में भी गति आई है। प्रदेश सरकार 2029-30 तक एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसके लिए सड़क, सिंचाई, लॉजिस्टिक्स, उद्योग और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में पूंजीगत निवेश लगातार बढ़ाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश का यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बनकर उभर रहा है।

# प्रोजेक्ट अलंकार में अब जरूरत के अनुसार ही मिलेगी धनराशि


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनाई जाएगी समिति

**अमृत विचार:** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मरम्मत और रखरखाव कार्यों को तेज करने के लिए प्रदेश सरकार ने 'प्रोजेक्ट अलंकार' की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब स्कूलों को पहले की तरह तय भारांक (वेटेज) के आधार पर नहीं, बल्कि उनकी वास्तविक जरूरत के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

नई व्यवस्था के तहत विद्यालय अब पहले से निर्धारित 35 मानकों के अलावा अपनी अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों को भी प्रस्ताव में शामिल कर सकेंगे। वर्तमान में प्रदेश के 1167 राजकीय माध्यमिक विद्यालय इस योजना से जुड़े हुए हैं। शासनादेश के अनुसार वर्ष 2021 और 2023 में जारी पुराने आदेशों में प्रक्रिया जटिल होने के कारण समय पर प्रस्ताव नहीं मिल पाते थे, जिससे धन आवंटन में देरी होती थी। इस समस्या को दूर करने के लिए अब पुराने आदेशों को निरस्त करते हुए नई सरल व्यवस्था लागू की गई है।

नई प्रक्रिया के तहत किसी भी विद्यालय में मरम्मत की जरूरत का चिन्हांकन सबसे पहले प्रधानाचार्य या प्रधानाध्यापक करेंगे। इसके बाद प्रस्ताव जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को भेजा जाएगा। डीआईओएस निर्माण एजेंसी से लागत का एस्टीमेट तैयार कराकर प्रस्ताव को जिला स्तर की समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। प्रस्तावों को स्वीकृति देने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। इसमें मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता तकनीकी सदस्य और डीआईओएस सदस्य सचिव होंगे। समिति से मंजूरी मिलने के बाद प्रस्ताव शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), प्रयागराज को भेजा जाएगा।



मैं वास्तव में केवल अपनी अज्ञानता की सीमा को ही जानता हूं।
–प्लेटो, दार्शनिक

## विपक्ष का बिखराव

बिहार, ओडिशा और हरियाणा में हुए हालिया राज्यसभा चुनावों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि विपक्षी एकजुटता अभी भी कागज़ी ज्यादा और ज़मीनी कम है। महागठबंधन और व्यापक विपक्षी मोर्चे की जो छवि प्रस्तुत की जाती रही है, उसमें दरारें खुलकर सामने आ गईं। विपक्ष अगर एकजुट रहता तो उसे एक-दो अतिरिक्त सीटें अवश्य मिल सकती थीं। क्रॉस वोटिंग और रणनीतिक चूक ने विपक्ष को नुकसान पहुंचाया। विशेषकर ओडिशा में कांग्रेस के विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग और बीजद के भीतर भी अनुशासनहीनता यह दिखाती है कि विपक्षी दलों के भीतर संगठनात्मक कमजोरी गहरी है।

कांग्रेस की रणनीति में शिथिलता के पीछे कई कारण दिखाई देते हैं- स्थानीय नेतृत्व की कमजोरी, विधायकों पर नियंत्रण की कमी और चुनावी गणित का सही आकलन न कर पाना। इसके विपरीत भाजपा ने महीनों पहले से तैयारी कर, अपने उम्मीदवारों की संख्या, समर्थन और संभावित क्रॉस वोटिंग की संभावनाओं का सूक्ष्म आकलन किया। यही कारण है कि सीमित संख्या में विधायकों के बावजूद उसने अपेक्षा से अधिक सफलता प्राप्त की। ओडिशा में इस चुनाव ने संकेत दिया कि बीजद के भीतर दरारें उभर रही हैं, हालांकि पटनायक का हार्स ट्रेडिंग का आरोप राजनीतिक बयानबाजी ज्यादा है, परंतु क्रॉस वोटिंग की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि दलों के भीतर अनुशासन पूर्ववत नहीं रहा। एनडीए के खाते में 22 सीटों का जाना और विपक्ष के हिस्से में सात सीटों की कमी राज्यसभा की गणित को स्पष्ट रूप से सत्ता पक्ष के पक्ष में झुका देता है। इससे सरकार को विधायी कार्यों में अपेक्षाकृत कम बाधा का सामना करना पड़ेगा। महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने में अब विपक्ष की भूमिका सीमित होती दिखेगी। भाजपा की यह सफलता केवल चुनावी प्रबंधन का परिणाम नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीति का संकेत भी है। इन परिणामों को आगामी चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों से जोड़ा कर भी देखा जाना उचित होगा। राज्यसभा के चुनावों ने यह संकेत दिया है कि विपक्ष की अंदरूनी कमजोरी अभी भी बनी हुई है, जबकि सत्तापक्ष अपनी रणनीतियों में पर्याप्त सफलता पा रहा है। इससे चुनावों में सत्ता पक्ष का मनोबल बढ़ेगा, लेकिन विधानसभा चुनावों में अंतिम निर्णय मतदाता स्थानीय मुद्दों के आधार पर ही करेंगे। साढ़े सत्रह करोड़ मतदाताओं के इस चुनावी महासमर में जो दल बेहतर संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और ठोस मुद्दों के साथ मैदान में उतरेंगे, वही सफलता प्राप्त करेंगे। इन राज्यों से लोकसभा और राज्यसभा के पर्याप्त सदस्य आते हैं, इसलिए यहां की जीत भविष्य के राष्ट्रीय समीकरणों को भी प्रभावित कर सकती है। जहां तक उपचुनावों का प्रश्न है, गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, नगालैंड और त्रिपुरा की आठ सीटों के परिणाम सीमित प्रभाव वाले होंगे, परंतु वे राजनीतिक रुझानों का संकेत अवश्य देंगे।

कुल मिलाकर राज्यसभा चुनावों ने विपक्ष के लिए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि सिर्फ गठबंधन बना लेना पर्याप्त नहीं, उसे जमीन पर प्रभावी भी बनाना होगा। वहीं सत्ता पक्ष के लिए यह अवसर है, लेकिन उसे भी यह समझना होगा कि लोकतंत्र में अंतिम और कारसाज निर्णय हमेशा जनता के हाथ में होता है।

### प्रसंगवश

## कृषि देश में बीज का इंतजार करती महिला किसान

भारत को कृषि प्रधान देश के रूप में ही देखा जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि यहां सबसे अधिक कठिनाई किसानों को ही होती है। कभी सूखा तो कभी बाढ़ और कभी बीज तो कभी मार्केट की समस्या उनके साथ लगी ही रहती है। बात जब महिला किसानों की आती है, तो यह समस्या और भी अधिक बढ़ जाती है। देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां महिला किसानों को सबसे अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गांव की लगभग हर महिला किसान की कहानी ऐसी ही है। खेत तैयार होने के बाद अगर बीज समय पर न मिले, तो पूरा खेती का चक्र बिगड़ जाता है।

बिहार में कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। राज्य की लगभग 76 प्रतिशत आबादी किसी न किसी रूप में खेती पर निर्भर है। राज्य में करीब 56 लाख हेक्टेयर भूमि पर खेती होती है और धान, गेहूं और मक्का प्रमुख फसलें हैं। बिहार में धान का उत्पादन लगभग 99.34 लाख टन, गेहूं 78.27 लाख टन और मक्का 66.03 लाख टन के आसपास है। खेती का यह मजबूत ढांचा छोटे किसानों विशेषकर महिला किसानों की परेशानियों को हमेशा हल नहीं कर पाता। उत्तर बिहार के इलाके हर साल बाढ़ से भी प्रभावित होते हैं। मौसम की अनिश्चितता भी खेती के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में बारिश का पैटर्न भी बदल रहा है, जिससे खरीफ फसलों पर असर पड़ता है।



साक्षी कुमारी
एक्टिविस्ट

बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश के औसत से काफी कम रही है, जिससे ग्रामीण इलाकों में रहने वाले किसानों की आय सीमित बनी रहती है। जब खेती पर निर्भर परिवारों की आय कम होती है और खेती से जुड़े संसाधन समय पर नहीं मिलते, तब सबसे अधिक बोझ महिलाओं पर पड़ता है। वे खेत में काम करती हैं, घर संभालती हैं और परिवार की जिम्मेदारी भी उठाती हैं, लेकिन खेती से जुड़ी योजनाओं और संसाधनों तक उनकी पहुंच अभी भी सीमित है। ऐसे में अगर इन महिला किसानों की स्थिति को बेहतर बनाना है, तो कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

सबसे पहले गांव स्तर पर बीज वितरण की ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे किसानों को समय पर और उचित कीमत पर बीज मिल सके। पंचायत स्तर पर बीज बैंक बनाए जा सकते हैं, जहां किसान जरूरत के समय बीज प्राप्त कर सकें। दूसरा, महिला किसानों के लिए स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि वे सामूहिक रूप से बीज और अन्य कृषि संसाधन खरीद सकें। इससे लागत कम होगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। तीसरा, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए ऐसी फसल किस्मों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जो कम समय में तैयार हो जाएं और मौसम की अनिश्चितता को सहन कर सकें। इसके साथ ही कृषि विभाग को गांवों में नियमित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम चलाने चाहिए ताकि महिला किसान आधुनिक खेती के तरीकों से जुड़ सकें।

महिलाएं हर साल अपने खेतों में उम्मीद बोती हैं, लेकिन यह उम्मीद तभी हकीकत बन सकती है जब उन्हें सही समय पर सही संसाधन मिलें। समय पर बीज मिलना सिर्फ खेती की जरूरत नहीं है, बल्कि उन परिवारों के जीवन को स्थिर करने का रास्ता भी है जिनकी दुनिया खेत की मेड़ों से शुरू होकर वहीं खत्म होती है। अगर नीति और व्यवस्था इन महिलाओं की मेहनत के साथ खड़ी हो जाए, तो मुजफ्फरपुर की मिट्टी सिर्फ फसल ही नहीं बल्कि हजारों परिवारों की बेहतर जिंदगी भी उगा सकती है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं)

## पश्चिम एशिया की तबाही का जिम्मेदार कौन!





अरविंद जयतिलक
लेखक

ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध ने एक बार फिर पश्चिम एशिया को संकट में डाल दिया है। सच कहें तो पश्चिम एशिया ही नहीं बल्कि आज पूरी दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर आ गई है। इस युद्ध में हजारों लोग काल-कवलित हो चुके हैं और खरबों की संपत्ति नष्ट हो चुकी है। हर दिन युद्ध की आग बढ़ती जा रही है। खाड़ी के सभी 17 देश युद्ध की आग की ताप से हलकान हैं। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से दुनिया भर में तेल का संकट गहरा गया है। सवाल यह है कि पश्चिम एशिया को आग में झोंकने वाला खलनायक कौन है?

समझ से परे है कि जब ईरान समझौते के मुताबिक वर्ष 2025 तक अपने परमाणु कार्यक्रम को बहुत अधिक सीमित करने की दिशा में लगातार अग्रसर था, फिर उसे उकसाने की जरुरत क्यों आन पड़ी? किसी से छिपा नहीं है कि ईरान और बाइडन सरकार ने 2015 के समझौते को नए सिरे से आकार देने की कोशिश की थी। क्या डोनाल्ड ट्रंप उस समझौते को आगे नहीं बढ़ा सकते थे? लेकिन उन्होंने ऐसा न कर वार्ता को बर्फखाने में डाल दिया। आज की तारीख में ऐसा कोई कारण नहीं था कि ईरान पर हमला बोलकर युद्ध को निमंत्रण दिया जाए। जिस तरह डोनाल्ड ट्रप ने इजरायल का साथ देते हुए ईरान पर हमला बोलकर वहां के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खोमनेई समेत शीर्ष नेताओं को खत्म किया है, उससे फिर जंग की आग को रोक पाना कहां तक संभव था।

गौर करें तो इजरायल कतई नहीं चाहता था कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर कोई सहमति बने। याद होगा 2015 से पहले जब ईरान का अमेरिका समेत अन्य शक्तिशाली देशों के साथ परमाणु समझौता हुआ था, तब भी इजरायल ने इसे ऐतिहासिक गलती करार दिया था। दरअसल इजरायल इस नतीजे पर था कि ईरान के साथ पुराने समझौते को अमलीजामा पहनाना एक किस्म से तेहरान को परमाणु हथियार उपलब्ध कराने जैसा होगा। इजरायल वार्ता के विरोध में नहीं था, लेकिन वह चाहता था कि मौजूदा समझौता 2015 के समझौते से बेहतर हो। 2015 के समझौते के मुताबिक अगले डेढ़ दशक में ईरान की परमाणु गतिविधियों पर लगे प्रतिबंध समाप्त हो जाने का प्रावधान था, जिसे लेकर इजरायल, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने नाखुशी जाहिर की थी, लेकिन अब वार्ता ठंडे बस्ते में है और उसकी जगह गोले और बम बरस रहे हैं। एक-दूसरे को खत्म करने के इरादे बुलंद किए जा रहे हैं। जिस तरह ईरान द्वारा अमेरिका-इजरायल के अलावा खाड़ी के अमेरिकी समर्थन वाले देशों को निशाना बनाया जा रहा है, उससे साफ है कि हालात और बदतर होंगे।

ऐसा नहीं है कि इस युद्ध को रोका नहीं जा सकता था। अगर ईरान और अमेरिका वार्ता जारी रखते तो इस युद्ध को आसानी से टाला जा सकता था। थोड़ा अतीत में जाएं, तो पहले भी कई बार जंग की स्थिति बन चुकी थी, लेकिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के आखिरी कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु डील होने के बाद स्थिति संभल गई। तब परमाणु डील के बाद अमेरिका ने ईरान को खाद्य और फर्मास्युटिकल क्षेत्र में व्यापार की अनुमति दे दी थी। प्रतिबंध हटते ही ईरान को वैश्विक क्षितिज पर उड़ान भरने का मौका मिल गया था। अपने पुनर्निर्माण के लिए खुलकर कच्चा तेल बेचने के साथ विदेशी बैंकों में जमा 100 अरब डॉलर की जब्त संपत्तियों का भी उपभोग करने लगा, हालांकि एक नए घटनाक्रम में अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण को लेकर उसके विरुद्ध कड़ा कदम उठाते हुए इस कार्यक्रम से जुड़ी 11 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

अमेरिका ईरान के नाभिकीय कार्यक्रम के साथ लगातार आंख-मिचौली करता रहा है। 1950 में आइजन हावर प्रशासन के 'एटम फॉर पीस' कार्यक्रम के तहत पहली बार ईरान को सहायता मिली, लेकिन 1979 में अयातुल्ला खुमैनी द्वारा शाह शासन द्वारा प्रारंभ किए गए सभी नाभिकीय उर्जा संयंत्रों एवं परियाजनाओं को निरस्त कर दिया गया। यह वह समय था जब ईरान की इस्लामिक क्रांति उफान पर थी और शहरों में तेल के पैसों से समृद्धि थी, लेकिन गांवों में गरीबी दहाड़ मार रही थी।

आधुनिकीकरण के हिमायती शाह को ईरान की जनता पश्चिमी देशों की पिठ्ठू के रूप में देखने लगी। 1979 में अभूतपूर्व हिंसक प्रदर्शन हुए और अमेरिकी दूतावास को घेर लिया गया। शाह के समर्थकों और जनता के बीच संघर्ष चलता रहा और अंततः ईरान एक इस्लामिक गणराज्य बन गया। इराक युद्ध एवं सद्दाम हुसैन के दृष्टिकोण के कारण ईरान अपने नाभिकीय कार्यक्रम पर विचार के लिए बाध्य हुआ और वे 4500 नाभिकीय वैज्ञानिक जो इस्लामिक क्रांति के दौरान देश छोड़कर जा चुके थे, में से 80 फीसद को वापस बुला लिया गया।


1986 में तेहरान द्वारा नाभिकीय सुविधाएं स्थापित करने में सहायता के अनुरोध पर पाकिस्तान के अणु बम के जनक और बदनाम वैज्ञानिक एक्यू खान का ईरान दौरा हुआ और 1991 में इराक की पराजय ने ईरान के नाभिकीय कार्यक्रम के संकल्प को और मजबूती दे दी। अमेरिका की ईरान पर भौंहे तब तनीं जब 1995 में ईरान ने रूस के साथ क्रांति के उपरांत रद्द हुए बुशेर नाभिकीय रिएक्टर को स्थापित करने के लिए 800 मिलियन डॉलर का समझौता किया।

यह समझौता अमेरिका को बेहद नागवार गुजरा। ईरान के लिए संकट तब खड़ा हुआ जब ईरान विरोधी मुजाहिदीन खल्क संगठन ने दुनिया को यह जानकारी दी कि ईरान नातांज में यूरेनियम संवर्धन संयंत्र एवं अराक में भारी जल उत्पाद संयंत्र बिना अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी (आईएईए) की जानकारी के स्थापित कर चुका है। 2003 में 'ऑपरेशन इराक फ्रीडम' से ठीक पहले आईएईए द्वारा उसके नाभिकीय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। दबाव स्वरूप ईरान ने यूरोपीय यूनियन के साथ परमाणु ईंधन चक्र गतिविधियों को निलंबित करने का समझौता किया फिर भी बात नहीं बनी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> जब ईरान समझौते के मुताबिक वर्ष 2025 तक अपने परमाणु कार्यक्रम को बहुत अधिक सीमित करने की दिशा में लगातार अग्रसर था, फिर उसे उकसाने की जरूरत क्यों आन पड़ी?

### आमने सामने



यह कांग्रेस के लिए आसान चुनाव नहीं था, लेकिन पार्टी ने बड़ी चुनौती को पार कर लिया है। बीजेपी ने चुनाव में 'वोट चोरी' की कोशिश की, लेकिन वह कांग्रेस उम्मीदवार को हराने में सफल नहीं हो पाई। क्रॉस वोटिंग वाले विधायक अब जनता के सामने उजागर हो चुके हैं।
–भूपेंद्र सिंह हुड्डा
नेता विपक्ष, हरियाणा

कांग्रेस को अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है, इसलिए उन्हें एक तरह से 'बंधक' बनाकर रखा गया। कांग्रेस के बड़े नेता खुद पोलिंग एजेंट बने, जो यह दिखाता है कि पार्टी के अंदर विश्वास की कमी है। इस चुनाव में INLD ने अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस का समर्थन किया।
–नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा



## कैसा होगा भविष्य का ऊर्जा परिदृश्य



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व परमाणु उद्योग स्थिति रिपोर्ट के ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि दुनिया की ऊर्जा दिशा निर्णायक रूप से बदल चुकी है। बीते पच्चीस वर्षों से परमाणु ऊर्जा उद्योग लगभग ठहराव की स्थिति में है, वहीं नवीकरणीय ऊर्जा उसी अवधि में तेज़ी से आगे बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में पूरी दुनिया में, जहां केवल 4.4 गीगावॉट नई परमाणु क्षमता का विस्तार हुआ है, वहीं सौर और पवन ऊर्जा में लगभग 793 गीगावॉट की वृद्धि हुई। ये आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक ऊर्जा नीति और निवेश की दिशा अब किस ओर मुड़ चुकी है। परमाणु ऊर्जा, जिसे कभी आधुनिकता और प्रगति का प्रतीक माना गया था, अब धीरे-धीरे हाशिये पर जा रही है। इसके उलट अक्षय ऊर्जा न केवल ऊर्जा उत्पादन का प्रमुख स्रोत बनती जा रही है, बल्कि वह एक नई सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक दिशा का प्रतिनिधित्व कर रही है।

रिपोर्ट यह भी इंगित करती है कि परमाणु रिएक्टर बनाने वाले देशों की संख्या तेज़ी से घट रही है। पिछले दो वर्षों में यह संख्या 16 से घटकर 11 रह गई है। कई देशों ने या तो अपने अंतिम निर्माण परियोजना पूरी कर ली हैं या फिर नई परियोजनाओं को स्थगित कर दिया है। फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों ने अपने आख़िरी निर्माण प्रोजेक्ट पूरे कर लिए हैं। वहीं अर्जेंटीना, ब्राज़ील और जापान ने निर्माण कार्यों को या तो रोक दिया है, या पूरी तरह समाप्त कर दिया है। इन सबके बीच केवल पाकिस्तान ऐसा देश है, जो हाल के वर्षों में इस सूची में नया नाम बनकर उभरा है।

आज दुनिया में 31 देश ऐसे हैं, जहां व्यावसायिक रूप से परमाणु बिजलीघर संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनमें से भी केवल आठ देश ही नए रिएक्टर बना रहे हैं। इसके अलावा तीन देश बांग्लादेश, मिस्र और तुर्किये पहली बार अपने यहां परमाणु रिएक्टर बना रहे हैं। गौरतलब है कि इन तीनों देशों में यह काम रूसी परमाणु उद्योग की सहायता से हो रहा है।

शोधकर्ताओं का विश्लेषण बताता है कि वर्ष 2025 परमाणु उद्योग के लिए एक और निराशाजनक वर्ष रहा। जिस समय दुनिया जलवायु संकट से जूझ रही है और स्वच्छ ऊर्जा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है, उस समय परमाणु ऊर्जा अपेक्षित भूमिका निभाने में असफल रही है। वर्ष में दुनिया भर में केवल चार नए रिएक्टर चालू हुए, जबकि सात रिएक्टर स्थायी रूप से बंद कर दिए गए।

आज वैश्विक स्तर पर केवल 404 परमाणु रिएक्टर ही संचालित हैं, जो 2002 के 438 से काफी कम हैं। परमाणु ऊर्जा की हिस्सेदारी वैश्विक बिजली उत्पादन में घटकर नौ फीसद रह गई है, जबकि 1996 में यह 17.5 प्रतिशत थी। यह गिरावट बताती है कि परमाणु ऊर्जा न केवल विस्तार में पीछे छूट रही है, बल्कि अपने ऐतिहासिक प्रभुत्व को भी खोती जा रही है। आमतौर पर परमाणु संयंत्र को बनने में दस से पंद्रह साल लगते हैं और लागत अक्सर शुरुआती अनुमान से दोगुनी-तिगुनी हो जाती है।

परमाणु ऊर्जा केवल ऊर्जा उत्पादन का प्रश्न नहीं है, वह हमेशा से वैश्विक राजनीति, सैन्य शक्ति और सुरक्षा चिंताओं से भी जुड़ी रही है। यही कारण है कि जब भी किसी क्षेत्र में युद्ध या तनाव की स्थिति बनती है, तो परमाणु संयंत्र सबसे अधिक जोखिम वाले ठिकानों में गिने जाते हैं। वे स्थिर लक्ष्य होते हैं, जिन पर हमला केवल एक देश ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है।

चेर्नोबिल और फुकुशिमा जैसी आपदाएँ बताती हैं कि एक दुर्घटना पूरे देश और कई पीढ़ियों को प्रभावित कर सकती है। लेकिन आज यह खतरा केवल तकनीकी या प्राकृतिक आपदा तक सीमित नहीं रह गया है। इतिहास गवाह है कि परमाणु संयंत्रों पर सैन्य हमले कोई नई बात नहीं हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध ने इस खतरे को अभूतपूर्व रूप से उजागर कर दिया है। इज़राइल द्वारा इराक और सीरिया के परमाणु ठिकानों पर हमले, ईरान-इराक युद्ध में परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाना और अमेरिका द्वारा इराक के शोध रिएक्टर को नष्ट करना, वहीं यूक्रेन का ज़ापोरिज़्झिया परमाणु संयंत्र, जो यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु संयंत्र है, आज भीषण सैन्य तनाव के बीच खड़ा है। ये सभी उदाहरण बताते हैं कि शांतिपूर्ण परमाणु हमेशा सैन्य राजनीति की छाया में रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इस स्थिति को अत्यंत नाजुक और अस्थिर बताया है। वर्ष 2025 में चेर्नोबिल के क्षतिग्रस्त चौथे रिएक्टर के ऊपर बने सुरक्षा गुंबद पर एक ड्रोन हमले ने गंभीर नुकसान पहुंचाया था। यह घटना बताती है कि दशकों पुरानी परमाणु आपदाएं भी आज के युद्धों में दोबारा खतरे में पड़ सकती हैं। इसके अलावा यूक्रेन में कम से कम 10 बार ऐसे सब-स्टेशनों पर हमले हुए, जो परमाणु संयंत्रों को बिजली आपूर्ति करते हैं। उर्जा एंजेसी के अनुसार ये सब-स्टेशन परमाणु सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि इन्हीं के माध्यम से रिएक्टरों को ठंडा रखने और अन्य सुरक्षा प्रणालियां चलाने के लिए बिजली मिलती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> ताजा आंकड़े बताते हैं कि दुनिया की ऊर्जा दिशा निर्णायक रूप से बदल चुकी है। बीते 25 वर्षों से परमाणु ऊर्जा उद्योग लगभग ठहराव की स्थिति में है।

### सोशल फोरम

## खुश होने में भी लगे डर



क्या आपको कभी ऐसा महसूस हुआ है कि किसी बहुत अच्छी खबर के मिलते ही मन में एक अजीब सा डर बैठ गया हो? जैसे ही आप खुलकर हंसते हैं, वैसे ही अचानक ख्याल आता है कि कहीं अब कुछ बुरा न हो जाए। विज्ञान की दुनिया में इस स्थिति को 'चेरोफोबिया' कहा जाता है। यह कोई साधारण वहम नहीं, बल्कि एक गहरा मनोवैज्ञानिक डर है।



ब्रह्मांड ज्ञान
ब्लॉगर

इसके पीछे का असली विज्ञान हमारे दिमाग के 'कंडीशनिंग' पैटर्न में छिपा है। जब किसी व्यक्ति के अतीत में खुशी के ठीक बाद कोई दुखद घटना घटी होती है, तो उसका मस्तिष्क खुशी और दर्द के बीच एक गलत संबंध बना लेता है। दिमाग को लगने लगता है कि खुशी दरअसल आने वाली किसी मुसीबत का संकेत है। मनोवैज्ञानिक इसे एक सुरक्षा तंत्र की तरह देखते हैं, जहां इंसान खुद को आने वाले संभावित दुख से बचाने के लिए खुश होने से ही कतराने लगता है।

यह डर अक्सर उन लोगों में ज्यादा देखा जाता है, जो स्वभाव से बहुत पूर्णतावादी होते हैं या जिन्हें लगता है कि वे खुशी के हकदार नहीं हैं, हालांकि विज्ञान कहता है कि ब्रह्मांड की घटनाओं का आपके हंसने या खुश होने से कोई सीधा संबंध नहीं है। खुश रहना आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए उतना ही जरूरी है, जितना शरीर के लिए ऑक्सीजन। इस डर को सही थेरेपी और सकारात्मक सोच के जरिए बदला जा सकता है, ताकि आप बिना किसी अपराधबोध के अपने खूबसूरत पलों का आनंद ले सकें।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## जंग खुद ही एक मसला है वो क्या मसलों का हल देगी

साहिर लुधियानवी का शेर है-

**जंग तो ख़ुद ही एक मसअला है**
**जंग क्या मसअलों का हल देगी,**
**इस लिए ऐ शरीफ़ इंसानो**
**जंग टलती रहे तो बेहतर है**
**आप और हम सभी के आंगन में**
**शमअ जलती रहे तो बेहतर है**

इन पंक्तियों में छिपा संदेश आज की दुनिया के लिए बेहद प्रासंगिक है। इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं बन पाया। आज जब दुनिया के कई हिस्सों में तनाव और संघर्ष की स्थिति बनती दिखाई देती है, तब यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या युद्ध सचमुच समस्याओं का हल है?



निज़ाम जिलानी
लेखक

सच्चाई यह है कि युद्ध में जीतने वाला भी अंततः हार ही जाता है, क्योंकि उसमें इंसानियत हारती है। युद्ध केवल विनाश, पीड़ा और अस्थिरता को जन्म देता है। मानव सभ्यता ने जितनी तरक्की विज्ञान, शिक्षा और संवाद के माध्यम से हासिल की है, उससे कहीं अधिक नुकसान युद्धों ने पहुंचाया है। उल्टा, वह अपने साथ नई समस्याओं का ऐसा सिलसिला छोड़ जाती है, जो पीढ़ियों तक समाज को ज़ख्म देता रहता है।

इंसानों ने जो कुछ भी बनाया है शहर, संस्कृतियां, ज्ञान और मानवीय रिश्ते उन्हें नष्ट करने के लिए युद्ध का एक दौर ही काफी होता है। इतिहास के पन्ने बताते हैं कि हर युद्ध के बाद लोगों के टूटे हुए घर, बिखरे हुए परिवार और अधूरे सपने ही पीछे रह जाते हैं। जीत और हार के आंकड़े भले ही कागजों में दर्ज हो जाते हैं, लेकिन असली हार इंसानियत की होती है। विडंबना यह है कि हर युद्ध किसी न किसी बड़े आदर्श, सुरक्षा या सम्मान के नाम पर शुरू होता है। राष्ट्रवाद, सीमा सुरक्षा या राजनीतिक वर्चस्व के नाम पर युद्ध की आग भड़काई जाती है, लेकिन जब धूल बैठती है, तब सामने आता है- विनाश का वह भयावह सच, जिससे लाखों लोग विस्थापित हो चुके होते हैं, अनगिनत परिवार अपने परिवारों को खो चुके होते हैं और समाज में नफरत और अविश्वास की गहरी दरारें बन चुकी होती हैं।

आज का समय पहले से कहीं अधिक संवेदनशील है। तकनीक और हथियारों की शक्ति इतनी बढ़ चुकी है कि एक बड़े युद्ध की कल्पना ही मानव सभ्यता के लिए खतरा बन सकती है। परमाणु हथियारों और अत्याधुनिक सैन्य तकनीकों के इस दौर में कोई भी बड़ा संघर्ष, सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया को उसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। दुनिया पहले ही अनेकों गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है। गरीबी, बेरोजगारी, जलवायु परिवर्तन, महामारी और सामाजिक असमानता जैसी तमाम समस्याएं बहुत से देशों के सामने खड़ी हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग और संसाधनों की जरूरत है, लेकिन जब राष्ट्र युद्ध और टकराव की राह पकड़ लेते हैं, तब वही संसाधन हथियारों और सैन्य तैयारियों में खर्च होने लगते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि असली समस्याएं पीछे छूट जाती हैं और दुनिया एक नए संकट की ओर बढ़ने लगती है।

इतिहास यह भी सिखाता है कि जिन समाजों ने संवाद और कूटनीति को अपनाया, उन्होंने स्थायी शांति और विकास हासिल किया। युद्ध की तुलना में बातचीत और समझौता हमेशा अधिक कठिन रास्ता लगता है, क्योंकि उसमें धैर्य, संयम और दूरदर्शिता की जरूरत होती है, लेकिन यही रास्ता अंततः टिकाऊ समाधान देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# डिजिटल और ग्लोबल हुआ लोक गीत-संगीत

भले ही आज की युवा पीढ़ी के बड़े हिस्से को लोक गीत और संगीत उबाऊ, बेमानी और उसके प्रशंसक दिखावटी लगते हों, लेकिन यह भी सच है कि युवाओं की ही तमाम टोलियां लोक गीत-संगीत को सांस्कृतिक धरोहर मानकर आधुनिकता का नया आयाम देने में जुटी हैं। उनके इन प्रयास से पारंपरिक धुनें, डिजिटल तकनीक और फ्यूजन के साथ मिलकर नए-नए रूप में सामने आ रही हैं। गिटार, ड्रम तथा सिंथेसाइजर जैसे वाद्ययंत्रों का इस्तेमाल करके युवाओं की यह कोशिश देशज गीत-संगीत को क्षेत्रीय संस्कृति से आगे बढ़ाकर वैश्विक मंच प्रदान कर रही है। ***-मनोज त्रिपाठी, कानपुर***



## नवाचार के मिलन की प्रक्रिया

लोक गीत-संगीत किसी भी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान में विशिष्ट भूमिका निभाते हैं। वास्तव में यह उस इलाके में रहने वाले आम लोगों के रीति-रिवाजों, परंपराओं और दैनिक जीवन की कहानियों को भावनाओं और संवेदनाओं के सुरों में पिरोकर अप्रतिम झांकी प्रस्तुत करते हैं। इस तरह समय के साथ अधिकतर लोकगीत युद्ध, समुदाय, रीति-रिवाज, परंपरा, संस्कार और अनुष्ठान की पिछली घटनाओं के न सिर्फ साक्ष्य जैसे हैं, बल्कि उस क्षेत्र की जलवायु, भौगोलिक स्वरूप, लोगों के मिजाज, बोली और रहन-सहन जैसे पहलुओं को समझने का दस्तावेज भी हैं। वर्तमान में भारत का लोक संगीत समय के बदलाव के साथ लोक गीत और नवाचार के मिलन की प्रक्रिया से गुजर रहा है। इसमें पारंपरिक लोक संगीत को आधुनिकता, तकनीक और नए वाद्ययंत्रों जैसे गिटार, सिंथेसाइजर के साथ जोड़कर प्रस्तुत करने के प्रयोग देखे जा रहे हैं। इस मिश्रण ने लोक परंपराओं को युवा पीढ़ी से जोड़ने के साथ सुफियाना लोक रॉक जैसे नए रूपों को विकसित किया है।

## पारंपरिक लोक धुनों की नई विधा रॉक या इलेक्ट्रो

पारंपरिक लोक धुनों को आधुनिक वाद्ययंत्रों और रॉक, पॉप या जैज जैसी पश्चिमी शैलियों के साथ मिलाकर 'फोल्क-रॉक' या 'इलेक्ट्रो-फोल्क' जैसी नई विधाएं तैयार की जा रही हैं। उदाहरण के लिए सूफी फोल्क रॉक भारत और पाकिस्तान में काफी लोकप्रिय हुआ है। बॉलीवुड ने भी तमाम पारंपरिक लोक गीतों को आधुनिक संगीत व्यवस्था के साथ पेश करके लोकप्रियता का नए शिखर पर पहुंचाया है। 'घूमर' या 'नगाड़ा के साथ ढोल' जैसे प्रयोग इसी का उदाहरण हैं। यही नहीं, तकनीक के माध्यम से लोक गीतों को रिकॉर्ड कर आर्काइव किया जा रहा है और सोशल मीडिया एवं स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के जरिए तेजी से युवाओं तक पहुंचाया जा रहा है।

## राजस्थानी लोक संगीत में बढ़ी फ्यूजन और बॉलीवुड की धमक

लोक गीत और नवाचार के माध्यम से परंपरा की जड़ों को आधुनिकता के साथ जोड़कर किस तरह नया स्वरूप प्रदान किया जा रहा है, इसकी एक झलक राजस्थान के संगीत में देखी जा सकती है, जो अपनी विशिष्ट विशेषताओं के कारण निरंतर ऊंचाइयों की ओर अग्रसर तो है, लेकिन उसने आधुनिकता के लिए दरवाजे भी खोल रखे हैं। संगीतकारों के डिजिटल प्लेटफॉर्म, पारंपरिक संगीत के फ्यूजन और बॉलीवुड में हुए प्रयोग इसी बात की पुष्टि करते नजर आते हैं। वहां तमाम लोक कलाकारों ने अपने पारंपरिक संगीत को फ्यूजन और बॉलीवुड की शैली में ढालकर नए दर्शकों तक पहुंचाया है। इससे न केवल संगीत की लोकप्रियता बढ़ी है, बल्कि युवा वर्ग में इसे लेकर रुचि भी जगी है। इस तरह वैश्विक संस्कृति से संपर्क, उन्नत तकनीक और लोगों की पसंद में आ रहे बदलाव से राजस्थान का संगीत धीरे-धीरे परिवर्तन की सीढ़ियां चढ़ रहा है।

## गांवों की चौपालों तक सीमित नहीं रहे लोक गीत

देशज गीत-संगीत की एक झलक इस बार फागुन में नजर आई, जिसमें होली के मौके पर गाए जाने वाले फाग गीतों को नए अंदाज में पेश करके युवा टोलियों ने लोक संस्कृति को बड़े शहरों में जीवंत कर दिया। पारंपरिक ढोल-मंजीरे की जगह उन्होंने फास्ट बीट और फ्यूजन म्यूजिक का इस्तेमाल किया। उनकी इस कोशिश ने यह साबित कर दिखाया कि लोक गीत-संगीत सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ ही गंगा की उस धारा की तरह है, जो समय, समाज और सभ्यता के हर परिवर्तन को अपने भीतर समेटते हुए निरंतर गतिशील है। ऐसे प्रयासों से लोक गीत अब गांवों की चौखट या चौपाल तक सीमित नहीं रहे हैं। गायन मंडलियां और आधुनिक बैंड नई शैलियों का निर्माण करके इन्हें डिजिटल और ग्लोबल मंचों तक पहुंचाने में जुटी हैं, जो नई पीढ़ी को खासा पसंद आ रहा है।



## विरासत की लहरियों को नए आयाम दे रहे बैंड

पद्म अनूप रंजन पांडे का लोकप्रिय बस्तर बैंड आदिवासी कलाकारों का ऐसा समूह है, जिसने पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य को विदेशों तक पहुंचाया है। अपनी अनूठी स्वर लहरियों के साथ यह बैंड अलग छाप छोड़ता है। हालांकि बस्तर बैंड का कहना है कि वह अपनी मिट्टी से जुड़ा है और उसने लोक कलाओं में न तो कोई संशोधन किया है और न ही आधुनिकता का तड़का लगाया है। इसी तरह सादिक, असिन और जाकिर का साज बैंड रजस्थानी गीत-संगीत की परंपरा को नए आयाम देने के साथ अपनी विरासत को संरक्षित कर रहा है। ऐसे ही लुप्त होती पारंपरिक संगीत संस्कृति को संरक्षित करने के लिए ओडिशा ने पहला लोक संगीत बैंड 'आदि धुन' बनाया है।

## पंजाब में 'फोक टर्बेनेटर्स' मेलों में जमा रहे नया रंग

पंजाब की लोक गायकी को भी वहां के युवाओं ने नए रंग भरकर फिर से जिंदा कर दिया है। पारंपरिक परिधानों में युवाओं की टोलियां आज वहां मेलों और पर्वों के मौके पर लोक गीतों को नए स्वर देती नजर आती हैं, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। ऐसे युवाओं के म्यूजिक ग्रुप 'फोक टर्बेनेटर्स' के नाम से जाने जाते हैं। लाइव शो करने के साथ मेलों और प्रदर्शनियों में गाना-बजाना अब लोक संस्कृति की पहचान बन चुका है।

**अनोखी परंपरा**



## दापा प्रथा: बिना शादी के दांपत्य जीवन की शुरुआत

दुनियाभर में अनेक ऐसी परंपराएं देखने को मिलती हैं, जिनके बारे में जानकर आश्चर्य होता है। भारत अपनी विविध संस्कृति और परंपराओं के कारण विशेष पहचान रखता है। यहां अलग-अलग क्षेत्रों और समुदायों में जीवन के अपने-अपने नियम और सामाजिक व्यवस्थाएं विकसित हुई हैं। ऐसी ही एक अनोखी परंपरा राजस्थान के उदयपुर, सिरोही और पाली जिलों में रहने वाली गरासिया जनजाति में देखने को मिलती है।

गरासिया समाज अपनी विशिष्ट सामाजिक परंपराओं के लिए जाना जाता है। इस समुदाय में दांपत्य जीवन की शुरुआत एक अनोखे तरीके से होती है, जो आधुनिक समय में प्रचलित 'लिव-इन रिलेशन' की तरह दिखाई देती है। सामान्य भारतीय समाज में जहां विवाह को दांपत्य जीवन की अनिवार्य शर्त माना जाता है, वहीं गरासिया समाज में युवक और युवती पहले साथ रहने लगते हैं और बाद में आवश्यकता या इच्छा के अनुसार विवाह करते हैं।


इस परंपरा की शुरुआत 'दापा प्रथा' से होती है। जब किसी युवक और युवती के बीच आपसी सहमति बन जाती है, तो लड़के पक्ष की ओर से लड़की के परिवार को सामाजिक मान्यता के रूप में कुछ धनराशि दी जाती है। यह राशि पंचायत और समाज की सहमति से तय होती है। इसके बाद दोनों बिना औपचारिक विवाह के ही पति-पत्नी की तरह साथ रहने लगते हैं। समाज भी इस संबंध को स्वीकार करता है और उन्हें परिवार के रूप में मान्यता देता है।

इस व्यवस्था में एक और विशेष बात यह है कि दंपति पर तुरंत विवाह करने का कोई दबाव नहीं होता। कई बार ऐसा भी होता है कि युवक-युवती वर्षों तक साथ रहते हैं और जब उनके बच्चे हो जाते हैं या उन्हें उचित लगता है, तब वे पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह कर लेते हैं।

गरासिया समाज में इस परंपरा के पीछे एक पुरानी लोककथा भी सुनाई जाती है। कहा जाता है कि बहुत समय पहले इस समाज के चार भाई अलग-अलग स्थानों पर जाकर बस गए थे। उनमें से तीन भाइयों ने विवाह किया, जबकि चौथा भाई बिना विवाह के ही अपनी साथी के साथ रहने लगा। संयोग से विवाह करने वाले तीनों भाइयों की कोई संतान नहीं हुई, जबकि चौथे भाई के वंश से ही परिवार और समाज आगे बढ़ा। इस घटना के बाद से यह मान्यता बन गई कि साथ रहकर संबंधों की सच्चाई और सामंजस्य को समझना भी जरूरी है। हालांकि इस परंपरा में कुछ सामाजिक नियम भी हैं। यदि युवक और युवती लंबे समय तक साथ रहने के बावजूद संतान प्राप्त नहीं कर पाते, तो वे आपसी सहमति से अलग हो सकते हैं। इसके बाद दोनों किसी अन्य साथी के साथ नया संबंध बना सकते हैं और परिवार बसाने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार गरासिया समाज की यह परंपरा भारतीय समाज की विविधता को दर्शाती है, जहां हर समुदाय ने अपनी परिस्थितियों और अनुभवों के आधार पर अलग-अलग सामाजिक व्यवस्थाएं विकसित की हैं।


**आर्ट गैलरी**

## पियरे-अगस्त रेनॉयर की पेंटिंग 'वोमेन वेयरिंग ए रोज एंड्री'



यह कलाकृति, प्रसिद्ध इंप्रेशनिस्ट चित्रकार पियरे-अगस्त रेनॉयर ने 1919 में बनाई थी। यह कैनवस पर तैल रंगों से बना एक चित्र है, जो इंप्रेशनिस्ट आंदोलन की विशिष्ट तकनीकों और सौंदर्यशास्त्र को दर्शाता है। वर्तमान में, यह पेंटिंग एक निजी संग्रह में रखी हुई है। यह कलाकृति एक महिला का जीवंत और अंतरंग चित्रण है, उसके रंग-रूप को गर्म और चमकदार रंगों के मिश्रण से उकेरा गया है, जो इंप्रेशनिज़्म की खासियत- प्रकाश और छाया के मिश्रण को बखूबी पकड़ता है। उसकी नजर थोड़ी हटकर है, जो आत्म-चिंतन के एक गहन क्षण को दर्शाती है। उसके बालों में एक गुलाब सजा है, जिसे बड़ी कलात्मकता से लगाया गया है। ब्रश स्ट्रोक ढीला और अभिव्यंजक है, जिससे रंग सीधे कैनवस पर ही आपस में घुल-मिल जाते हैं।

### पियरे के बारे में



पियरे-अगस्त रेनॉयर एक फ्रांसीसी चित्रकार थे, जिनका जन्म 25 फरवरी, 1841 को लिमोजेस, फ्रांस में हुआ था। तीन दिसंबर, 1919 को 78 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। पियरे का बचपन गरीबी में बीता, लेकिन उनमें चित्रकला की प्रतिभा बचपन से ही दिखाई देने लगी थी। पेरिस के एक कला विद्यालय में दाखिला लेने से पहले, उन्होंने चीनी-मिट्टी (porcelain) पर चित्रकारी करने वाले आर्टिस्ट के रूप में काम करना शुरू किया। वहीं उनकी मुलाकात अन्य कलाकारों से हुई, जो आगे चलकर इंप्रेशनिस्ट आंदोलन का हिस्सा बने। जैसे- क्लाउड मोनेट और एडगर डेगास।

**लोकायन**

## साल के फूलों संग खिलता सरहुल का उल्लास

झारखंड और उसके आसपास के क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सरहुल पर्व आदिवासी समाज के सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र त्योहारों में से एक है। यह पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति गहरी आस्था और कृतज्ञता का प्रतीक माना जाता है। सरहुल के माध्यम से आदिवासी समुदाय प्रकृति, पृथ्वी और सूर्य के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर साल वृक्ष की पूजा, पारंपरिक गीत-नृत्य और सामूहिक भोज का विशेष महत्व होता है।

झारखंड के उरांव, मुंडा तथा अन्य आदिवासी समुदाय इस पर्व को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं, जिससे गांवों में आनंद और उत्सव का वातावरण बन जाता है। 'सरहुल' शब्द की उत्पत्ति भी प्रकृति से ही जुड़ी है। यह दो शब्दों- 'सर' या 'सराय' और 'हुल' से मिलकर बना है। 'सर' या 'सराय' का अर्थ साल का पेड़ (शोरिया रोबस्टा) होता है, जबकि 'हुल' का मतलब होता है सामूहिक उत्सव या आनंद का अवसर। इस प्रकार सरहुल का अर्थ है साल वृक्ष के माध्यम से प्रकृति का सामूहिक उत्सव मनाना।

लोकमान्यताओं के अनुसार यह पर्व पृथ्वी और सूर्य के प्रतीकात्मक विवाह का भी संकेत देता है। इसी कारण इस दिन लोग सरना स्थल या पवित्र वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना करते हुए प्रकृति से सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। सरहुल पर्व अलग-अलग जनजातीय समुदायों में अलग नामों से भी जाना जाता है। उरांव सरना समाज में इसे 'खद्दी' या 'खेखेल बेंजा' कहा जाता है। हालांकि विभिन्न समुदायों में



इसकी परंपराओं और अनुष्ठानों में थोड़ी भिन्नता दिखाई देती है, लेकिन प्रकृति की पूजा और सामूहिक उत्सव इसकी मूल भावना बनी रहती है।

इस पर्व की तैयारियां लगभग एक सप्ताह पहले से ही शुरू हो जाती हैं। गांव के पाहन यानी पुजारी इस अवसर से पहले उपवास रखते हैं। पर्व के दिन सुबह सूर्योदय से पहले दो नए घड़ों में पवित्र जल भरकर सरना स्थल पर अर्पित किया जाता है। इसके बाद साल के वृक्ष की पूजा की जाती है और गांव की खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाती है। इस पूजा में मां सरना, सूर्य देवता, ग्राम देवताओं और पूर्वजों को स्मरण किया जाता है।

पूजा के बाद उत्सव का रंग और भी गहरा हो जाता है। आदिवासी समुदाय के लोग रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्र पहनते हैं और गांव के अखड़ा में सामूहिक नृत्य करते हैं। महिलाएं और पुरुष साल के फूलों से स्वयं को सजाते हैं और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर नृत्य-गीत का आनंद लेते हैं। इस दौरान चावल से बने पारंपरिक पेय 'हांडिया' का सेवन भी किया जाता है। दरअसल, सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान, सामूहिकता की भावना और आदिवासी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने का प्रतीक है। यही कारण है कि झारखंड में यह त्योहार पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

## केवल देखने तक सीमित नहीं कला का अनुभव

एक प्रचलित कहावत है 'सावन के अंधे को हरा ही हरा दिखता है'। स्पष्ट है यह कहावत दृष्टिबाधितों द्वारा रंगों की समझ और अनुभूति पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। दूसरी तरफ विज्ञान उन चुनौतियों को भी स्वीकारता चला आ रहा है, जिसे सामान्य व्यक्ति लगभग असंभव मान लेते हैं। ऐसे में खबर है कि एम्स्टर्डम स्थित वान गॉग म्यूजियम ने कला को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत यह संग्रहालय अब दृष्टिहीन और कम दृष्टि वाले दर्शक को भी महान डच चित्रकार विन्सेंट वान गॉग की कलाकृतियों की अनुभूति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। आमतौर पर चित्रकला को देखने की कला माना जाता है, इसलिए दृष्टिबाधित लोगों के लिए इसे समझना या अनुभूत करना कठिन माना जाता है। ऐसे में एम्स्टर्डम स्थित इस संग्रहालय ने कई अभिनव उपायों के माध्यम से इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

संग्रहालय ने विशेष रूप से तैयार की गई स्पर्शनीय (टैक्टाइल) प्रतिकृतियां विकसित की हैं, जिनकी सहायता से दृष्टिहीन आगंतुक चित्रों की संरचना और आकृतियों को हाथों से महसूस कर सकते हैं। इन प्रतिकृतियों में चित्र की मुख्य रेखाओं, बनावट और रूपों को उभरे हुए रूप में तैयार किया गया है, जिससे दर्शक स्पर्श के माध्यम से यह समझ सकें कि चित्र में कौन-कौन से तत्व मौजूद हैं और उनका आपसी संबंध क्या है। इसके साथ ही संग्रहालय में ऑडियो गाइड और विशेष वर्णनात्मक व्याख्याएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इन विवरणों में चित्रों के रंगों, प्रकाश, भावनाओं और संरचना का विस्तार से वर्णन किया जाता है, ताकि दृष्टिबाधित दर्शक भी कल्पना के माध्यम से चित्र की दुनिया में प्रवेश कर सकें। उदाहरण के लिए, वान गॉग की प्रसिद्ध कृतियों में दिखाई देने वाले तीव्र रंगों, गतिशील ब्रश स्ट्रोक और प्रकृति के जीवंत दृश्यों को शब्दों के माध्यम से इस तरह प्रस्तुत किया जाता है कि श्रोता उनके भावात्मक प्रभाव को महसूस कर सके।

इसके अतिरिक्त संग्रहालय समय-समय पर विशेष समावेशी कार्यशालाएं और मार्गदर्शित भ्रमण भी आयोजित करता है, जिनमें प्रशिक्षित विशेषज्ञ आगंतुकों को कला के अनुभव से जोड़ते हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य यह दिखाना है कि कला केवल आंखों से देखने की वस्तु नहीं है, बल्कि उसे स्पर्श, ध्वनि और कल्पना के माध्यम से भी महसूस किया जा सकता है।

इस पहल के पीछे एक व्यापक विचार यह है कि संग्रहालय केवल वस्तुओं को प्रदर्शित करने का स्थान न होकर समाज के सभी वर्गों के लिए खुला सांस्कृतिक मंच बने। वान गॉग म्यूज़ियम की यह पहल दुनियाभर के



संग्रहालयों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। यह दिखाती है कि यदि रचनात्मक सोच और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाए, तो कला का अनुभव हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है- चाहे वह देख सकता हो या नहीं। इस प्रकार यह संग्रहालय न केवल महान कलाकार वान गॉग की कला को संरक्षित कर रहा है, बल्कि यह भी साबित कर रहा है कि कला की दुनिया वास्तव में सबके लिए है यानी उनके लिए भी जो देखने में सक्षम नहीं हैं। वैसे दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए चित्रकला को सुलभ बनाने का प्रयास केवल हाल के वर्षों की पहल नहीं है। दुनिया के कई संग्रहालयों और कला संस्थानों ने लंबे समय से ऐसे प्रयोग किए हैं, जिनके माध्यम से दृष्टिबाधित दर्शक भी कला का अनुभव कर सकें। आज वान गॉग म्यूजियम द्वारा किए जा रहे प्रयास इसी व्यापक परंपरा की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

दरअसल 20 वीं सदी के उत्तरार्ध में यूरोप और अमेरिका के कई संग्रहालयों ने 'टैक्टाइल आर्ट' यानी स्पर्श आधारित कला अनुभव की अवधारणा पर काम करना शुरू किया। लंदन के टेट गैलरी में 1980 के दशक में ऐसी प्रदर्शनियां आयोजित की गईं, जिनमें दर्शकों को मूर्तियों को छूकर समझने की अनुमति दी गई। इन प्रदर्शनों का उद्देश्य यह बताना था कि कला का अनुभव केवल देखने तक सीमित नहीं है, उसे स्पर्श और कल्पना के माध्यम से भी समझा जा सकता है। इसी प्रकार भारत में भी संग्रहालयों ने इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में 'अनुभवः ए टैक्टाइल एक्सपीरियंस' नामक विशेष गैलरी बनाई गई है, जहां प्राचीन मूर्तियों और कलाकृतियों की स्पर्शनीय प्रतिकृतियां रखी गई हैं। इन प्रतिकृतियों के साथ ब्रेल लिपि में जानकारी और ऑडियो विवरण भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे दृष्टिबाधित दर्शक कला को बेहतर ढंग से समझ सकें।

आजकल नई तकनीकों के माध्यम से चित्रों और मूर्तियों को 3-डी टैक्टाइल मॉडल में बदलने के प्रयोग भी किए जा रहे हैं। इन मॉडलों में चित्र की रेखाओं और आकृतियों को उभरे हुए रूप में बनाया जाता है, ताकि दर्शक उन्हें हाथों के स्पर्श से महसूस कर सकें। वास्तव में इन सभी प्रयासों का मूल उद्देश्य यह है कि संग्रहालय और कला संस्थान समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी साबित हों। जाहिर है कि इस प्रकार की पहल का मुख्य उद्देश्य यह साबित करना है कि कला केवल आंखों से देखने की वस्तु नहीं, बल्कि संवेदनाओं और अनुभवों की एक व्यापक दुनिया है, जिसे हर व्यक्ति अपने तरीके से महसूस कर सकता है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, बुधवार, 18 मार्च 2026
www.amritvichar.com

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,070.84 | 23,581.15 |
| बढ़त | 567.99 | 172.35 |
| प्रतिशत में | 0.75 | 0.74 |

सोना 1,61,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,62,500 प्रति किलो

# युद्ध से आपूर्ति संकट... देश में एलपीजी की खपत में हुई 17 प्रतिशत की गिरावट


## पिछले साल मार्च में 13.87 लाख टन थी खपत, इस साल 15 दिन में ही घटकर 11.47 लाख टन

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित होने से देश में रसोई गैस (एलपीजी) की खपत मार्च के पहले पखवाड़े में 17.7 प्रतिशत घट गई। प्रारंभिक उद्योग आंकड़ों के अनुसार मार्च के पहले पंद्रह दिन में एलपीजी खपत घटकर 11.47 लाख टन रह गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 13.87 लाख टन के मुकाबले 17.3 प्रतिशत कम है। यह फरवरी के पहले पखवाड़े की 15.57 लाख टन मांग से 26.3 प्रतिशत कम है।

भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है जिसमें से अधिकतर होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद यह मार्ग बाधित हो गया है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से आपूर्ति प्रभावित होने के कारण सरकार ने घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति में कटौती की है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीन तेल विपणन कंपनियों के प्रारंभिक बिक्री आंकड़ों के अनुसार एक से 15 मार्च के दौरान एलपीजी खपत 2024 की समान अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत और 2023 की समान अवधि की तुलना में 10.6 प्रतिशत कम रही।

तीन वितरण पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की बाजार में करीब 90 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एलपीजी खपत में पिछले कुछ वर्ष में सालाना आधार पर तीन से चार प्रतिशत की स्थिर वृद्धि देखी गई थी, जिसका कारण सरकार की ओर से लकड़ी एवं अन्य प्रदूषणकारी ईंधनों के स्थान पर स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा दिया जाना है।



एलपीजी की अनुपलब्धता के कारण मुंबई में मंगलवार को बंद पड़ा एक रेस्टोरेंट।

### विमान ईंधन की खपत भी 12 प्रतिशत कम हुई

युद्ध के कारण खाड़ी देशों में हवाई क्षेत्र बंद होने और उड़ानों के निलंबन से विमान ईंधन (एटीएफ) की खपत भी प्रभावित हुई है। मार्च के पहले पखवाड़े में यह चार प्रतिशत घटकर 3,27,900 टन रह गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में कम है। वहीं मासिक आधार पर इसमें 12.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इन दो युद्धप्रभावित ईंधनों के अलावा पेट्रोल और डीजल की मांग में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। पेट्रोल की बिक्री 13.2 प्रतिशत बढ़कर लगभग 15 लाख टन हो गई जबकि डीजल की खपत 8.2 प्रतिशत बढ़कर 33.84 लाख टन रही।

### पंजाब में एलपीजी वितरकों ने खारिज किया केंद्र का पर्याप्त उपलब्धता का दावा

- कहा- कोई कमी नहीं तो क्यों लागू किए जा रहे हैं प्रतिबंधात्मक उपाय

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार और पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की ओर से पर्याप्त उपलब्धता का दावा खारिज करते हुए पंजाब के एलपीजी वितरकों ने मंगलवार को कहा कि एलपीजी की आपूर्ति 'अपर्याप्त' है। उन्होंने बकाया आपूर्ति को पूरा करने के लिए रसोई गैस की आपूर्ति बढ़ाने की मांग की। मीडियाकर्मियों के बीच फेडरेशन ऑफ एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स ऑफ पंजाब के अध्यक्ष गुरपाल सिंह मान ने दावा किया कि एलपीजी की कीमतों में अचानक हुई वृद्धि ने उपभोक्ताओं में घबराहट पैदा कर दी है, जिन्हें आपूर्ति में संभावित कमी की आशंका है। स्थिति को स्थिर करने के बजाय बाद में उठाए गए कदमों ने भ्रम और चिंता को और बढ़ा दिया। इसके साथ शहरी क्षेत्र में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन का भेदभावपूर्ण और प्रतिबंधात्मक बुकिंग अंतराल लागू करने से गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। मान ने कहा कि यदि कोई कमी नहीं है, जैसा कि आधिकारिक तौर पर कहा जा रहा है, तो ऐसे उपायों को सही ठहराना मुश्किल है। 3-4 दिन के लिए एलपीजी बुकिंग चैनल को अस्थायी रूप से निलंबित करने से स्थिति और बिगड़ गई है, जिससे वितरकों को बिना किसी स्पष्टता या समर्थन के जनता के दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी

### राहत... सेंसेक्स 568 अंक चढ़ा और निफ्टी ने भी ली 172 अंकों की बढ़त



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख और धातु एवं वाहन शेयरों में खरीदारी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन मजबूती रही। सेंसेक्स 568 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 172 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 567.99 अंक यानी 0.75 प्रतिशत चढ़कर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 801.41 अंक बढ़कर 76,304.26 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,581.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल का शेयर सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी के शेयरों में भी तेजी में रहे। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।

### रुपया 12 पैसे टूटकर 92.40 डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 12 पैसे टूटकर अपने सबसे निचले स्तर 92.40 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पूंजी निकासी के कारण रुपये में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुझान भी रुपये को कमजोर स्तर पर सहारा देने में मदद कर रहा है। हालांकि, निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर नजर रखे हुए हैं।

### चांदी 6,000 रुपये चढ़ी, सोना भी हुआ 1,050 रुपये मजबूत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को कीमती धातुओं की कीमतों में दो प्रतिशत तक का उछाल आया। चांदी 6,000 रुपये बढ़कर 2.62 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई जबकि सोना बढ़कर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक चांदी की कीमत 6,000 रुपये या 2.34 प्रतिशत बढ़कर सभी करों सहित 2,62,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीन दिन की गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसकी कीमत 1,050 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर सभी करों सहित 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। विश्लेषकों ने कहा कि सर्राफा की कीमतों में यह उछाल भू-राजनीतिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश वाली आस्तियों की मांग से प्रेरित था, भले ही वैश्विक संकेतक कमजोर बने रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एयर इंडिया की 19 से 28 मार्च के बीच 36 अतिरिक्त उड़ान

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण लोगों की यात्रा योजनाओं पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए एयर इंडिया 19 से 28 मार्च के बीच यूरोप और उत्तरी अमेरिका के गंतव्यों के लिए 36 अतिरिक्त उड़ानों का परिचालन करेगी। एयरलाइन ने मंगलवार को बयान में कहा कि वह दिल्ली-लंदन (हीथ्रो), मुंबई-लंदन (हीथ्रो), दिल्ली-फ्रैंकफर्ट, दिल्ली-ज्यूरिख और दिल्ली-टोरंटो मार्गों पर अतिरिक्त उड़ानों का परिचालन करेगी। कहा गया, इन उड़ानों से पांचों मार्गों पर 10,012 सीटें जुड़ जाएंगी, जिससे क्षमता में और वृद्धि होगी और यात्रा के सीमित विकल्पों के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प मिलेंगे।

### मारुति सुजुकी कुछ सालों में 7 नए एसयूवी मॉडल उतारेगी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने तेजी से बढ़ते एसयूवी खंड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अगले पांच-छह साल में सात नए एसयूवी मॉडल पेश करने की योजना बनाई है। एमएसआईएल के सीईओ हिसाशी ताकेउची ने कहा कि कंपनी पहली बार कार खरीदने वाले ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए शुरुआती स्तर वाली सुजुकी की विशिष्ट कार भी पेश करेगी। उन्होंने बताया कि भारतीय यात्री वाहन बाजार में एसयूवी मॉडल की हिस्सेदारी 2019 के 26.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 54.7 प्रतिशत हो गई, जो इस खंड की तेज वृद्धि को दर्शाता है। एसयूवी बाजार में मारुति सुजुकी की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2019-20 के 16.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 11 महीनों में 19.6 प्रतिशत हो गई है।

### मालाबार गोल्ड 1,580 करोड़ के निवेश से 20 नए शोरूम खोलेगी

**नई दिल्ली।** मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स इस माह के अंत तक 1,580 करोड़ रुपये के निवेश से 20 नए शोरूम खोलेगी। नए शोरूम झांसी, कल्लाकुरीची, ग्वालियर, चित्तूर, हल्द्वानी, थेनी, जामनगर, रांची, वीआईपी रोड कोलकाता, अलीगढ़, केआर पुरम (बेंगलुरु), इनऑर्बिट मॉल विशाखापत्तनम, कांचरापाड़ा, श्रीरामपुर, गोकुल रोड हुबली, मणिनगर, गुरुग्राम सेक्टर 14, जुबली हिल्स (हैदराबाद), सांगारेड्डी और गुवाहाटी में खोले जाएंगे। कंपनी के बयान के अनुसार, इस विस्तार में कुल 1,580 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है और इससे 725 से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। मालबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, हमारा निर्णय देश की लंबी अवधि की वृद्धि संभावनाओं में हमारे भरोसे और विश्वस्तरीय आभूषण खुदरा बिक्री के अनुभवों तक पहुंच बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# डाक विभाग ने शुरू कीं 24-48 घंटे में डिलीवरी वाली प्रीमियम सेवाएं

- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद में शुरुआत
- मार्च, 2027 तक इन सेवाओं को देश भर में शुरू करने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

डाक विभाग ने को त्वरित एवं समयबद्ध पार्सल के लिए 24 घंटे और 48 घंटे में डिलीवरी की गारंटी वाली तीन प्रीमियम सेवाओं की मंगलवार को शुरुआत की। विभाग उन कूरियर सेवाओं के बढ़ते बाजार के मुकाबले खुद को नए सिरे से स्थापित करने की कोशिश कर रहा है जो कुछ ही घंटों में डिलीवरी का वादा करती हैं।




केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां '24 स्पीड पोस्ट', '24 स्पीड पोस्ट पार्सल' और '48 स्पीड पोस्ट' की शुरुआत की। प्रारंभिक चरण में ये सेवाएं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में शुरू की गई हैं। मार्च, 2027 तक इसे देशभर में शुरू करने का लक्ष्य है। निर्धारित समयसीमा का पालन करने के लिए विभाग प्राथमिकता आधारित हवाई परिवहन का उपयोग करेगा। सिंधिया ने कहा कि यह पहल इंडिया पोस्ट के लिए नए दौर की शुरुआत है और इसमें व्यापक संभावनाएं निहित हैं।

आधिकारिक बयान के अनुसार, नई सेवाओं में ओटीपी आधारित सत्यापन के साथ डिलीवरी, शुरू से अंत तक 'ट्रैकिंग' सुविधा और वास्तविक समय में 'एसएमएस अलर्ट' शामिल होंगे। व्यवसायों के लिए 'अभी बुक करें, बाद में भुगतान करें' सुविधा, केंद्रीकृत बिलिंग तथा एपीआई एकीकरण के विकल्प भी उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, थोक खेप के लिए मुफ्त पिकअप और निर्धारित समय में डिलीवरी न होने पर धनवापसी की गारंटी भी दी जाएगी।

# सम्मानजनक हो ईपीएफ पेंशन, 1,000 रुपये पर्याप्त नहीं

## संसदीय समिति ने की सिफारिश, 7,500 रुपये मासिक पेंशन की मांग कर रहे हैं पेंशनधारक

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की एक समिति ने मंगलवार को ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन की तत्काल और व्यापक समीक्षा की सिफारिश की। समिति ने कहा कि इसे सम्मानजनक स्तर तक बढ़ाने की जरूरत है। यह सिफारिश ऐसे समय की गई है जब पेंशनधारक यह कहते हुए पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये प्रति माह करने की मांग कर रहे हैं कि 1,000 रुपये से गुजर-बसर करना मुश्किल है।




कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से संचालित कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत पेंशनधारकों ने न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर नौ मार्च से जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन भी किया था। श्रम, वस्त्र एवं कौशल विकास से जुड़ी संसद की स्थायी समिति ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की 'अनुदान मांगों (2026-27)' पर अपनी 15वीं रिपोर्ट में कहा कि महंगाई बढ़ने के बावजूद कर्मचारी पेंशन योजना के तहत न्यूनतम पेंशन 1,000 रुपये प्रति माह काफी समय से अपरिवर्तित है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अनुबंध पर काम करने वाले कई श्रमिक नियमित श्रमिकों के समान कार्य करते हैं, लेकिन कार्यस्थल दुर्घटनाओं के बाद राहत और मुआवजा देने में अक्सर देरी होती है। समिति ने सिफारिश की है कि ऐसे श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) और कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत समय पर कवरेज सुनिश्चित किया जाए।

### तेल संकट से अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए बने रणनीति

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने मंगलवार को सुझाव दिया कि आर्थिक मामलों के विभाग को कच्चे तेल के संकट से अर्थव्यवस्था को बचाने और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक रणनीतिक ऊर्जा रूपरेखा विकसित करनी चाहिए। वित्त संबंधी स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में इस बात पर भी जोर दिया कि सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों, इलेक्ट्रिक वाहन, रक्षा प्रौद्योगिकियों और वैकल्पिक ईंधन के विकास के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ खनिज तत्वों के लिए तेजी से विकसित हो रही वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए एक समन्वित राष्ट्रीय रणनीति की आवश्यकता है।

### आरबीआई ने वीआरआर नीलामी के जरिए 48,014 करोड़ रुपये की नकदी डाली

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को बैंकिंग प्रणाली में सात दिन की वैरिएबल रेट रेपो (वीआरआर) नीलामी के जरिए 48,014 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली।




केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की कटऑफ और भारित औसत दर पर उपलब्ध कराई गई। हालांकि, यह राशि 1.50 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही, जबकि अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। वीआरआर नीलामी के तहत केंद्रीय बैंक अल्पावधि के लिए परिवर्तनीय ब्याज दरों पर बैंकों को धन उपलब्ध कराता है जिसमें बैंक तय राशि के लिए बोली लगाते हैं। इस सप्ताह जीएसटी भुगतान के चलते बैंकिंग प्रणाली से और धन निकलने की संभावना है, जिससे तरलता पर दबाव बढ़ सकता है। फिलहाल 16 मार्च तक बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष तरलता करीब 75,483.63 करोड़ रुपये आंकी गई है, जो 15 मार्च को अग्रिम कर भुगतान से पहले के 2.08 लाख करोड़ रुपये से काफी कम है।

### ईस्टमैन ऑटो के खिलाफ दिवाला अपील खारिज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने ईस्टमैन ऑटो एंड पावर के खिलाफ दायर दिवाला अपील को खारिज करते हुए एनसीएलटी का आदेश बरकरार रखा।

एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि परिचालन लेनदार वेव इंडिया एनर्जी सॉल्यूशंस के साथ ईस्टमैन ऑटो का विवाद दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता की धारा आठ के तहत नोटिस जारी होने से पहले ही मौजूद था। यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण को विवाद के गुण-दोष में जाने या किसी पक्ष की सफलता की संभावना का आकलन करने की आवश्यकता नहीं होती है।

# कास्पर्स्की भारत में निवेश दोगुना करेगी देश को क्षेत्रीय केंद्र बनाने की योजना

- विपणन, व्यापार विकास और क्लाउड ऑपरेशन को स्थापित करने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी कास्पर्स्की ने भारत में अपने निवेश को दोगुना करने की योजना बनाई है। कंपनी का कहना है कि मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के बाद वह भारत को क्षेत्रीय सेवाओं के केंद्र (हब) के रूप में विकसित करने पर विचार कर रही है।

कास्पर्स्की के एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रबंध निदेशक एड्रियन हिया ने साक्षात्कार में बताया कि कंपनी भारत में विपणन, व्यापार विकास और 'क्लाउड ऑपरेशन' को स्थापित करने की योजना बना रही है, ताकि स्थानीय एवं क्षेत्रीय ग्राहकों को सेवाएं दी जा सकें।

उन्होंने कहा कि 2024 में मजबूत दो अंकों की वृद्धि के बाद 2025 के वित्त परिणाम (जो अप्रैल में जारी होंगे) और भी बेहतर रहने की उम्मीद है। हिया ने कहा कि हम न केवल कर्मचारियों एवं कार्यालयों में निवेश बढ़ाएंगे बल्कि भारत को क्षेत्रीय स्तर पर विपणन, व्यापार विकास और क्लाउड सेवाओं का केंद्र बनाने पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने साथ ही संकेत दिया कि यदि भारत में क्षेत्रीय ग्राहकों के लिए डेटा सेंटर स्थापित किया जाता है तो भर्ती में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साइबर खतरों को लेकर हिया ने आगाह किया कि 2026 में साइबर हमले और बढ़ सकते हैं। 2025 में भारत में कंपनी ने 4.7 करोड़ से अधिक वेब-आधारित खतरों को रोका था।

उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरण की आसान उपलब्धता के कारण 'डीपफेक' जैसे खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं और अब 'एआई से लड़ने के लिए एआई का उपयोग' करना जरूरी हो गया है। हिया ने भारतीय सरकार की डेटा वर्गीकरण (टियरिंग) रणनीति की सराहना की, हालांकि यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर विकसित बड़े भाषा मॉडल के साथ साइबर सुरक्षा की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है।

# मजबूत प्रौद्योगिकी साझेदार के रूप में उभरा है भारत: नैसकॉम अध्यक्ष

- कहा- असाधारण बदलाव के दौर से गुजर रहा है प्रौद्योगिकी उद्योग

नई दिल्ली, एजेंसी

नैसकॉम के अध्यक्ष राजेश नांबियार ने मंगलवार को कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं एवं खंडित आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण वैश्विक कंपनियां अब केवल लागत दक्षता के बजाय भरोसे तथा मजबूती को प्राथमिकता दे रही हैं जिससे भारत एक मजबूत प्रौद्योगिकी साझेदार के रूप में उभर रहा है।

'नैसकॉम ग्लोबल कॉन्फ्लुएंस 2026' में नांबियार ने कहा कि निर्यात पर काफी हद तक निर्भर प्रौद्योगिकी उद्योग असाधारण बदलाव के दौर से गुजर रहा है और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के पुनर्गठन ने देशों एवं कंपनियों के प्रौद्योगिकी साझेदारी के तरीके को मूल रूप से बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पहले सभी केवल लागत एवं दक्षता को ही प्राथमिकता देते थे, अब वह दौर खत्म हो चुका है। दक्षता महत्वपूर्ण है लेकिन यह निर्णायक कारक नहीं है। मजबूती अब कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इन सभी प्राथमिकताओं के बीच भारत एक उपयुक्त स्थिति में है जो इसे कारोबार के लिए एक बेहद सक्षम देश बनाता है।

नैसकॉम के अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया भर के देश और कंपनियां अब यह मूल प्रश्न पूछ रही हैं कि उनका भरोसेमंद साझेदार कौन होगा और किस देश के साथ वे दीर्घकालिक साझेदारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक विश्वसनीय लोकतंत्र होने के साथ-साथ अपने विशाल आकार और विविध जनसंख्या के कारण नवाचार के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला भी है।

### डिजिटल प्रतिभा भंडार है भारत की ताकत

नांबियार ने कहा, भारत की ताकत का एक प्रमुख आधार उसका डिजिटल प्रतिभा भंडार है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में लगभग 60 लाख पेशेवर और व्यापक उद्योग में अतिरिक्त 30-40 लाख लोग शामिल हैं। यह परिवेश अब एआई, मशीन लर्निंग, सेमीकंडक्टर, उत्पाद अभियांत्रिकी एवं साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विकसित हो रहा है। नांबियार ने भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की वैश्विक संभावनाओं पर भी जोर दिया। उन्होंने आधार एवं यूपीआई जैसे मंचों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके मूल सिद्धांत जैसे उपयोगकर्ता की सहमति, गोपनीयता, विस्तार क्षमता एवं परस्पर संचालन दुनिया के लिए उपयोगी मॉडल बन सकते हैं।

### जियो पेमेंट्स बैंक ने शुरू की यूपीआई आधारित नकद निकासी सेवा

**मुंबई।** जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ने मंगलवार को यूपीआई आधारित नकद निकासी सेवा शुरू करने की घोषणा की।

कंपनी के मुताबिक ग्राहक अब बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट टचपॉइंट्स पर क्यूआर कोड स्कैन कर नकद निकाल सकेंगे। उन्हें पैसा निकालने के लिए डेबिट कार्ड या पारंपरिक एटीएम कार्ड की जरूरत नहीं होगी। बैंक के अनुसार, नई सेवा विशेष रूप से ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों के ग्राहकों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जहां एटीएम की पहुंच सीमित है। ग्राहक यूपीआई एप के जरिए लेनदेन को ऑथराइज कर आसानी से नकद प्राप्त कर सकेंगे।

**कामकाज के हालात**

### स्नातक बेरोजगारी दर उच्च स्तर पर, 2023 तक 6.3 करोड़ स्नातकों में से 1.1 करोड़ थे बेरोजगार

# देश में 40 प्रतिशत स्नातकों को नहीं मिल पा रही है नौकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 6.3 करोड़ स्नातकों में से 1.1 करोड़ बेरोजगार हैं और स्नातक होने के एक वर्ष के भीतर बहुत कम लोगों को ही तय वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' के अनुसार बेरोजगार के रूप में पंजीकरण कराने के एक वर्ष के अंदर सात प्रतिशत स्नातकों को स्थायी वेतन वाली नौकरी मिल पाती है।

रिपोर्ट में कहा गया कि स्नातक बेरोजगारी दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। देश में 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी दर करीब 40 प्रतिशत और 25 से 29 वर्ष आयु वर्ग में 20 प्रतिशत है। कहा गया है, स्नातक होने के एक वर्ष के भीतर केवल एक छोटा हिस्सा ही स्थायी वेतन वाली नौकरी हासिल कर पाता है। हाल के वर्षों में स्नातकों की बढ़ती संख्या के कारण यह समस्या और बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ दशकों में युवा आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और उच्च शिक्षा में नामांकन दर भी बढ़ी है जिससे युवा स्नातकों की कुल संख्या में वृद्धि हुई है। इस स्थिति से उच्च बेरोजगारी दर के साथ बेरोजगार स्नातकों की संख्या भी बढ़ गई है। 2023 तक 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 6.3 करोड़ स्नातकों में से 1.1 करोड़ बेरोजगार थे।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात भारत के विकास स्तर के अनुरूप है। शिक्षा तक पहुंच में लड़का-लड़की और जाति आधारित सामाजिक-आर्थिक बाधाएं कम हुई हैं। हालांकि अब भी काफी काम बाकी है। इसके साथ रोजगार में प्रभावी बदलाव नहीं हुआ है। युवा स्नातकों के लिए बेरोजगारी दर लगातार ऊंची बनी हुई है। शिक्षा तक पहुंच असमान है। स्कूल से कार्यस्थल तक का सफर अनिश्चित है और कई लोगों के लिए यह स्थायी, लाभकारी रोजगार में तब्दील नहीं हो पाता।



### उच्च शिक्षा संस्थान बढ़े लेकिन गुणवत्ता घटी, इनमें शिक्षकों की भी भारी कमी

उच्च शिक्षा संस्थानों का दायरा भी बढ़ा है। प्रति लाख युवाओं पर कॉलेज की संख्या 2010 के 29 से बढ़कर 2021 में 45 हो गई, जिसमें निजी संस्थानों की बड़ी भूमिका रही है। इसके बावजूद क्षेत्रीय असमानताएं बनी हुई हैं और शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है। निर्धारित मानकों के मुकाबले निजी और सरकारी कॉलेजों में शिक्षक-छात्र अनुपात काफी अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2010 के बाद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की संख्या में करीब 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन इसके साथ खासकर निजी संस्थानों में गुणवत्ता को लेकर चिंताएं भी सामने आई हैं। उच्च शिक्षा में गरीब परिवारों की भागीदारी बढ़ी है, जो 2007 के आठ प्रतिशत से बढ़कर 2017 में 15 प्रतिशत हो गई है लेकिन आर्थिक बाधाएं अब भी बनी हुई हैं। महंगे पेशेवर पाठ्यक्रमों मसलन इंजीनियरिंग व मेडिकल में अपेक्षाकृत संपन्न वर्ग के छात्र-छात्राओं की भागीदारी अधिक रहती है।

### मारुति सुजुकी को 5,786 करोड़ के आयकर का नोटिस

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी को आयकर विभाग से 5,786.4 करोड़ रुपये का नोटिस प्राप्त हुआ है।

कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे 16 मार्च 2026 को आयकर विभाग से वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रारूप आकलन आदेश प्राप्त हुआ है। इसमें संबंधित वित्त वर्ष के लिए कंपनी द्वारा घोषित आय में विभाग ने कुछ और आय जोड़ी है जबकि कुछ छूटों को खारिज कर दिया है। इस प्रकार विभाग ने अतिरिक्त आयकर की मांग की है। कंपनी ने कहा है कि वह इसके खिलाफ विवाद समाधान पैनल के समक्ष आपत्ति दर्ज करेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान, लेबनान को मानवीय मदद देगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को कहा कि वह ईरान, लेबनान और क्षेत्र में जारी संघर्ष से बुरी तरह प्रभावित दो अन्य पश्चिम एशियाई देशों को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बताया कि बीजिंग ने स्थानीय लोगों द्वारा सामना की जा रही दिक्कतों को कम करने की उम्मीद में ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। लिन ने कहा, जारी पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईरान और अन्य क्षेत्रीय देशों के लोगों को संकट का सामना करना पड़ा है।

### जर्मनी के रेस्टोरेंट में गोलीबारी, दो की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी में फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे के पास एक रेस्टोरेंट में मंगलवार तड़के हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावर वारदात के बाद से फरार है। शुरुआती जांच के अनुसार, एक सशस्त्र व्यक्ति स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3 :45 बजे (स्थानीय समयानुसार) रेस्टोरेंट के भीतर दाखिल हुआ और वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। हमले में घायल दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की हालत इतनी गंभीर थीं कि उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### यूएई तट से पूर्व में पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला

**लंदन।** ब्रिटिश नौसेना ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट पर फुजैराह से 23 समुद्री मील पूर्व में एक पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया है। रॉयल नेवी के ब्रिटेन समुद्री व्यापार कार्यालय (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूकेएमटीओ को फुजैराह (ओमान की खाड़ी) से 23 समुद्री मील पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। लंगर डाले हुए एक टैंकर ने अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला होने की सूचना दी है। हमले में उसे मामूली क्षति हुई है।

### उत्तर पश्चिमी नेपाल में भूकंप के हल्के झटके

**काठमांडू।** नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में मंगलवार को भूकंप का झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता चार मापी गयी। भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, दारचुला जिले के सितौला में यह भूकंप सुबह 10 :12 बजे महसूस किया गया। भूकंप से जान-माल क्षति की सूचना नहीं है।

# नाइजीरिया में बम फटने से 23 की मौत, 100 घायल

- मैदुगुरी शहर को निशाना बनाकर किया गया आत्मघाती विस्फोट
- बोको हराम जिहादी समूह पर हमले करने का लग रहा आरोप

मैदुगुरी (नाइजीरिया), एजेंसी

उत्तर पूर्वी नाइजीरिया के मैदुगुरी शहर को निशाना बनाकर सोमवार रात किए गए संदिग्ध आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह संघर्ष ग्रस्त मैदुगुरी में हाल के वर्षों में सबसे भीषण हमलों में से एक है।


इससे पूर्व स्थानीय निवासियों एवं आपात सेवाओं ने बताया कि बोर्नो राज्य की राजधानी मैदुगुरी में मैदुगुरी विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल के प्रवेश द्वार पर और एक प्रमुख बाजार सहित भीड़ भाड़ वाले तीन स्थानों पर विस्फोट की सूचना मिली। बोर्नो पुलिस ने एक बयान में कहा इनके आत्मघाती विस्फोट होने का संदेह है। कहा कि दुर्भाग्य से 23 लोगों की जान चली गई जबकि 108 अन्य घायल हो गए। इन हमलों की जिम्मेदारी किसी भी समूह ने नहीं ली है लेकिन संदेह है कि बोको हराम जिहादी समूह ने इन हमलों को अंजाम दिया है जिसने 2009 में शरिया लागू करने के लिए उत्तर पूर्वी नाइजीरिया में विद्रोह शुरू किया था।



## न्यूरो मरीजों के लिए उम्मीद

चीन ने हाल ही में न्यूरेकल टेक्नोलॉजी द्वारा विकसित एक ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) डिवाइस के व्यावसायिक उपयोग को मंजूरी देकर चिकित्सा जगत में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। यह दुनिया का पहला ऐसा मामला है जहां इस तरह के जटिल उपकरण को प्रयोगशाला से बाहर आम मरीजों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति मिली है। चिकित्सा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के संगम ने आज एक ऐसी वास्तविकता को जन्म दिया है जो कभी विज्ञान-कथाओं का हिस्सा थी। मस्तिष्क में एक छोटी सी चिप लगाकर शारीरिक अक्षमताओं को दूर करना अब हकीकत बन रहा है। चीन की यह उपलब्धि उन लाखों लोगों के लिए आशा की एक नई किरण है जो रीढ़ की हड्डी की चोट या अन्य तंत्रिका संबंधी विकारों के कारण लकवे का शिकार हैं।

## ब्रेन इम्प्लांट तकनीक



### मस्तिष्क और मशीन का मिलन

- ब्रेन इंप्लांट या ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस एक ऐसी प्रणाली है जो सीधे मानव मस्तिष्क और बाहरी उपकरणों के बीच संचार का मार्ग प्रशस्त करती है। सरल शब्दों में कहें तो यह हमारे विचारों को डिजिटल संकेतों में बदलकर मशीनों को निर्देश देने की क्षमता प्रदान करती है। चीन की यह पहल विशेष रूप से उन वयस्क मरीजों के लिए है जो ऊपरी अंगों की गतिविधियों को खो चुके हैं, लेकिन जिनके पास अभी भी बांहों की कुछ कार्यक्षमता शेष है। यह तकनीक उन्हें कृत्रिम अंगों या रोबोटिक दस्तानों को केवल 'सोचकर' नियंत्रित करने की अनुमति देती है। इस विकास का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह वैश्विक स्तर पर तकनीकी वर्चस्व की दौड़ को तेज करता है। यह स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाने का प्रयास है, बल्कि भविष्य के सुपर ह्यूमन्स या एआई-संचालित समाज की दिशा में एक बड़ा कदम भी।

### कैसे करता है कार्य

- संकेतों को पकड़ना : जब हम चलने या हाथ हिलाने के बारे में सोचते हैं, तो मस्तिष्क के 'मोटर कॉर्टेक्स' हिस्से में विद्युत संकेतउत्पन्न होते हैं। इंप्लांट इन संकेतों को रिकॉर्ड करता है।
- डिकोडिंग : रिकॉर्ड किए गए इन 'शोर-भरे' संकेतों को एक एआई-पावर्ड प्रोसेसर या एल्गोरिदम के पास भेजा जाता है। यह एल्गोरिदम पहचानता है कि मरीज वास्तव में क्या करने की कोशिश कर रहा है।
- निर्देश : डिकोड किए गए संकेतों को बाहरी उपकरण, जैसे कंप्यूटर कर्सर, रोबोटिक आर्म या सीधे मरीज की मांसपेशियों को उत्तेजित करने वाले पैच को भेज दिया जाता है।
- रोबोटिक दस्ताना : चीन द्वारा मंजूर डिवाइस में एक रोबोटिक दस्ताना शामिल है। जब मरीज हाथ हिलाने का विचार करता है, तो चिप उस विचार को पढ़कर दस्ताने को निर्देश देती है, जिससे मरीज चीजों को पकड़ने में सक्षम हो पाता है।

### लकवाग्रस्त मरीजों के लिए फायदे

- स्वतंत्रता : मरीज दूसरों पर निर्भर रहे बिना अपने कंप्यूटर को नियंत्रित कर सकते हैं, ईमेल भेज सकते हैं या इंटरनेट ब्राउज कर सकते हैं।
- गतिशीलता की वापसी : रोबोटिक अंगों या रीढ़ की हड्डी के उद्दीपन के माध्यम से कुछ मरीज फिर से खड़े होने या चलने में सक्षम हो सकते हैं।
- संवाद : जो लोग बोलने की क्षमता खो चुके हैं, उनके विचारों को सीधे टेक्स्ट या सिंथेटिक आवाज में बदला जा सकता है।
- दैनिक कार्य : पानी का गिलास उठाना या खुद से खाना खाने जैसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण काम संभव हो जाते हैं।

# पाकिस्तानी विमानों ने तालिबानी ठिकानों पर रात भर बरसाए बम

## अफगान सरकार का पुनर्वास अस्पताल पर हमले का आरोप, 400 मौतों का दावा

- पाकिस्तान ने कहा-आतंकवाद समर्थित सैन्य ठिकानों पर हमला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने रात भर सटीक हवाई हमले कर अफगानिस्तान भर में आतंकवादियों और उनके ठिकानों को निशाना बनाया, हालांकि अफगान सरकार ने इस्लामाबाद पर काबुल में एक पुनर्वास अस्पताल पर बमबारी करने का आरोप लगाया, जिसमें कम से कम 400 लोग मारे गए। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, ये ताजा हमले 26 फरवरी को शुरू किए गए ऑपरेशन गजब-लिल-हक के जारी रहने के दौरान हुए हैं।

पाकिस्तान ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा पर अफ़गान तालिबान बलों द्वारा कथित हमलों के जवाब में यह ऑपरेशन शुरू किया था। सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन गजब-लिल-हक के तहत 16 मार्च की रात काबुल और नंगरहार में अफ़गान तालिबान शासन के आतंकवाद समर्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए सटीक हवाई हमले किए। उन्होंने दावा किया कि काबुल में दो स्थानों पर स्थित तकनीकी सहायता ढांचे और गोला-बारूद भंडारण अड्डे पूरी तरह से नष्ट हो गए।

उन्होंने दावा किया कि नंगरहार में अफगान तालिबान शासन द्वारा आतंकवाद को समर्थन देने वाले चार सैन्य ठिकानों पर भी हमला किया गया, जिससे संबंधित रसद, गोला-बारूद और तकनीकी ढांचे को नष्ट कर दिया गया। हालांकि, अफ़गान तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फ़ितरत ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा की गई बमबारी में राजधानी काबुल स्थित एक नशामुक्ति केंद्र को निशाना बनाया गया, जिसमें करीब 400 लोग मारे गए और 250 अन्य लोग घायल हुए हैं। फितरत ने एक्स पर कहा कि हमले में अस्पताल के बड़े हिस्से नष्ट हो गए। टोलोन्यूज ने अस्पताल के हवाले से मंगलवार को बताया कि बचाव अभियान जारी रहने के दौरान मलबे के नीचे अब भी 50 से अधिक शव फंसे होने की आशंका है।

हालांकि, तरार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने काबुल और नंगरहार में अफगान तालिबान तथा फ़ितना अल-ख्वारिज के अड्डों और आतंकवदियों के ठिकानों को सटीक रूप से निशाना बनाया। इन ठिकानों में तकनीकी उपकरण भंडारण और गोला-बारूद भंडारण शामिल थे जिनका उपयोग पाकिस्तान के निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किया जा रहा था।



अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मंगलवार को पाकिस्तान के हवाई हमले के बाद क्षतिग्रस्त इमारत और जले हुए वाहन। रात भर चले हमले में कई लोगों की मौत हो गई।

### 73 आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्ला तरार तरार द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अब तक 684 अफगान तालिबान कार्यकर्ता मारे गए हैं और 912 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि तालिबान की 252 चौकियां नष्ट कर दी गईं, जबकि 44 चौकियों पर कब्जा कर लिया गया और फिर उन्हें नष्ट कर दिया गया। तालिबान के 229 टैंक, बख्तरबंद वाहन और तोपें नष्ट कर दी गई हैं। पूरे अफगानिस्तान में लगभग 73 आतंकी ठिकानों और आतंकी ढांचे को हवाई हमले से प्रभावी ढंग से निशाना बनाया गया।

# भाजपा ने आरआरएस व रॉ पर प्रतिबंध लगाने की मांग ठुकराई

- कहा-अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की रिपोर्ट निराधार

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) की उस रिपोर्ट को निराधार बताया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और रिसर्च एनालिसिस विंग (रॉ) पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई थी। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इस रिपोर्ट का समर्थन करके भारत के खिलाफ रुख अपनाया है। सत्तारूढ़ दल ने कहा कि केंद्र ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है और बताया कि इसमें वस्तुनिष्ठ तथ्य नहीं हैं तथा यह विश्वसनीय स्रोतों पर आधारित नहीं है।

भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, इसमें यह भी कहा गया है कि रिपोर्ट में कोई वस्तुनिष्ठ तथ्य नहीं हैं। वास्तव में, सरकार ने अमेरिकी आयोग की इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है।उन्होंने यह भी कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते-करते कांग्रेस पार्टी आज खुद भारत के खिलाफ खड़ी नजर आ रही है। पात्रा ने कहा कि कोई भी विदेशी आयोग भारत को आदेश नहीं दे सकता या उसके संस्थानों पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव नहीं दे सकता। उन्होंने कहा कि कोई आयोग भारत से नहीं कह सकता कि रॉ पर प्रतिबंध लगाए। सरकार ने इसका कड़ा जवाब दिया है, लेकिन कांग्रेस रॉ के खिलाफ बोल रही है और इस आयोग के साथ खड़ी है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट का समर्थन किया है। उन्होंने कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर भारत को बदनाम करने के प्रयास का दोषी ठहराया।

भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक हैंडल से आयोग की रिपोर्ट का समर्थन किया गया है। उन्होंने (कांग्रेस ने) कहा है कि अमेरिका और इस एजेंसी ने जो (कुछ) कहा है, वह सही है।

पार्टी राहुल गांधी के आदेश पर भारत को बदनाम करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। पात्रा ने आयोग की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाया तथा इसके उपाध्यक्ष और कमिश्नर को डॉ. आसिफ महमूद नामक पाकिस्तानी-अमेरिकी कहते हुए आरोप लगाया कि इसके (आयोग के) निष्कर्ष उस व्यक्ति (महमूद) के भारत-विरोधी दृष्टिकोण से प्रभावित हैं।

### देश की छवि धूमिल करने वालों से मिलते हैं राहुल



पात्रा ने गांधी पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह ऐसे ही व्यक्तियों से मिलते हैं और भारत की छवि धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। भाजपा नेता ने कहा कि जब भी राहुल गांधी विदेश यात्रा करते हैं, वह ऐसे व्यक्तियों से मिलते हैं और भारत की छवि खराब करने और उसकी प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। लंदन में उन्होंने कहा था कि भारत की स्थिति ऐसी है कि सिख पगड़ी और कड़ा नहीं पहन सकते और गुरुद्वारों में नहीं जा सकते। पात्रा ने पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी ने यह भी कहा कि भारत में सत्ता में बैठी पार्टी मुस्लिम ब्रदरहुड जैसी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह तक दावा किया कि आदिवासी और दलित अपने साथ होने वाले अन्याय के कारण आईएसआईएस जैसी कोई संस्था बना सकते हैं।

# टीएमसी बंगाल में 291 सीटों पर लड़ेगी चुनाव



- भवानीपुर सीट से उम्मीदवार होंगी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। तृणमूल प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि पार्टी राज्य की 294 सीट में से 291 सीट पर चुनाव लड़ेगी। कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में बनर्जी ने कहा कि दार्जिलिंग पहाड़ियों की शेष तीन सीट पर अनित थापा के नेतृत्व वाला भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा चुनाव लड़ेगा।

ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से चुनाव लड़ेंगी। बनर्जी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी के साथ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करते हुए कहा हम 294 सीट में से 291 सीट पर चुनाव लड़ेंगे। शेष तीन सीट पर हमारे सहयोगी, अनित थापा के नेतृत्व वाला बीजीपीएम दार्जिलिंग पहाड़ियों में चुनाव लड़ेगा। ममता बनर्जी ने विश्वास जताया कि टीएमसी 2026 के विधानसभा चुनावों में आसानी से बहुमत हासिल करने के साथ सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने दावा किया, हम 2026 के विधानसभा चुनावों में 226 से अधिक सीट जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने उन पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी आश्वस्त करने की कोशिश की, जिन्हें सूची में जगह नहीं मिली है।

## 41.41 लाख फर्जी राशन कार्ड खत्म किए गए

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि वर्ष 2025 में 41.41 लाख अपात्र राशन कार्ड खत्म किए गए। राज्यसभा में खाद्य राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया ने बताया कि हरियाणा में सर्वाधिक लगभग 13.43 लाख राशन कार्ड, राजस्थान में 6.05 लाख, उत्तर प्रदेश में 5.97 लाख, पश्चिम बंगाल में 3.74 लाख और मध्य प्रदेश में 2.60 लाख अपात्र राशन कार्ड खत्म किए गए। बंभानिया ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में प्रौद्योगिकी के उपयोग के परिणामस्वरूप सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अपात्र राशन कार्डों को खत्म करने में सफलता हासिल की है। उनके अनुसार, वर्ष 2025 में कुल 41.41 लाख फर्जी राशन कार्ड खत्म किए गए।

# कांग्रेस ने केरल के लिए 55 उम्मीदवार घोषित किए

- सतीशन, जोसेफ और मुरलीधरन को भी टिकट

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने नौ अप्रैल को होने वाले केरल विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 55 उम्मीदवारों की सूची जारी की जिसमें वी डी सतीशन, सनी जोसेफ, के. मुरलीधरन और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की यह पहली सूची है।

पार्टी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन को परावूर से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। वह वर्तमान में इसी सीट से विधायक हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन को वट्टीयूरकाउ से उम्मीदवार बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सनी जोसेफ को पेरावूर से टिकट दिया गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के विधानसभा क्षेत्र धर्माधम से अब्दुल रशीद को प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के पुत्र चांडी ओमन को पुथुपल्ली से टिकट दिया गया है। वह वर्तमान में यहां से विधायक हैं। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने मंगलवार को ही केरल के लिए इन उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाई थी। केरल विधानसभा की सभी 140 सीट के लिए नौ अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना चार मई को होगी। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है।



## विमान की मरम्मत करने के बाद बेड़े में किया शामिल

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया का छह साल से सेवा से बाहर रहा (ग्राउंडेड) एक विमान वीटी-एएलएल मरम्मत और कई प्रणालियों को अद्यतन बनाने के बाद एयरलाइंस के सक्रिय बेड़े में शामिल हो गया है।

एयर इंडिया ने बताया कि साल 2022 में जब टाटा समूह ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी का दोबारा अधिग्रहण किया था उस समय एयरलाइंस के बेड़े में शामिल 133 विमानों में से 30 विभिन्न कारणों से ग्राउंडेड थे। वीटी-एएलएल के नाम से पंजीकृत इस बोइंग 777-300ईआर के साथ ही सभी 30 विमान मरम्मत और जरूरी अपडेट के बाद बेड़े में शामिल हो चुके हैं। यह विमान जुलाई 2007 में एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हुआ था और कई सिस्टमों में खामियों के कारण फरवरी 2020 से ग्राउंडेड था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपको अधिक काम करना पड़ेगा। शेयर मार्केट के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपको बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं।

**तुला** — आज नया वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं। अपनी पुरानी गलतियों को ठीक करने का प्रयास कर सकते हैं।

**वृष** — आज अपनी नौकरी से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। फाइनेन्स से जुड़े मामलों के लिए दिन शुभ रहेगा। आपके उलझे काम सुलझ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। स्वभाव में थोड़ा स्वार्थीपन लाने से बचें।

**मिथुन** — आज जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती हैं। छात्र उच्च शिक्षा को लेकर अत्यधिक सजग रहेंगे।

**धनु** — आज आपके विचार अत्यधिक सुलझे और रचनात्मक रहेंगे। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क** — आज अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। आपके काम अपेक्षानुसार पूरे नहीं होंगे। गूढ विद्याओं का अध्ययन करने के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद मिल सकता है। आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। विदेश यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह** — आज दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। नए रिश्तों की शुरुआत कर सकते हैं। बड़े व्यावसायिक अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। कलात्मक विषयों के प्रति आकर्षित रहेंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ होगा।

**कन्या** — आज आपके स्वभाव में नरमी और सहजता रहेगी। सामाजिक मामलों पर मुखर होकर अपनी राय रखेंगे। चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे।

**मीन** — आज राजनेताओं को अपनी प्रतिष्ठा की चिंता हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों का फोकस कमजोर हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 18 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 08 .25 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पूर्व भाद्रपद 19 मार्च 05 .21 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

### सुडोकू - 91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 |

### सुडोकू -92

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | | | 3 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | 7 | | 8 | | | 4 | | |
| 5 | | | 3 | | | 8 | 9 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| | | | | | | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |

## पटकथा लेखक सलीम खान को अस्पताल से छुट्टी

**मुंबई।** दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान (90) को मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और उन्हें घर ले जाया गया है। मस्तिष्काघात के बाद पिछले महीने 17 फरवरी को खान को बांद्रा के लीलावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती होने के एक दिन बाद चिकित्सकों ने बताया था कि खान को ब्रेन हैमरेज हुआ और उपचार के बाद उन्हें एहतियात के तौर पर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। एक सूत्र ने मंगलवार को बताया, उनका सफल इलाज किया गया है।

गंभीर संकट

संयुक्त राष्ट्र ने कहा-4 .5 करोड़ अतिरिक्त लोग हो सकते हैं प्रभावित

# पश्चिम एशिया के संकट से दुनिया भर में भुखमरी का खतरा

रोम , एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के संगठन विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूईपी) ने मंगलवार को एक गंभीर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अधिक बढ़ता है, तो साल 2026 में वैश्विक खाद्य असुरक्षा अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच सकती है।

डब्ल्यूएफपी की यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। संगठन के नए विश्लेषण के अनुसार, युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता आने से करोड़ों लोग 'गंभीर भुखमरी' की चपेट में आ सकते हैं।

चेतावनी में कहा गया है कि अगर यह संघर्ष साल के मध्य तक समाप्त नहीं होता और कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो लगभग 4.5 करोड़ अतिरिक्त लोग खाद्य असुरक्षा के दायरे में आ जाएंगे। वर्तमान में दुनिया भर में 31.8 करोड़ लोग पहले से ही खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। नया संकट इस संख्या को यूक्रेन युद्ध के समय देखे गए 34.9 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर के करीब ले जा सकता है। इसमें कहा गया है कि पश्चिम एशिया हालांकि मध्य पूर्व मुख्य रूप से 'एनर्जी हब' है न कि अनाज भंडार, लेकिन ऊर्जा की कीमतों में उछाल का सीधा असर परिवहन, खाद और खेती की लागत पर पड़ता है, जिससे खाद्य सामग्री महंगी हो जाती है। डब्ल्यूएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, आयात पर निर्भर रहने वाले अफ्रीका और एशिया के देशों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ेगा। अकेले एशिया में खाद्य असुरक्षित लोगों की संख्या में 24 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। जबकि पश्चिम और मध्य अफ्रीका में 21 प्रतिशत और पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका में 17 फीसदी की वृद्धि का पूर्वानुमान है।

### पर्याप्त फंडिंग नहीं मिली तो करोड़ों लोगों की तबाही का कारण बनेगी जंग

डब्ल्यूएफपी के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काउ ने कहा, यह संघर्ष वैश्विक स्तर पर लोगों को प्रभावित करेगा और उन परिवारों को सबसे ज्यादा चोट पहुँचाएगा जो पहले से ही अपने अगले भोजन का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मानवीय सहायता के लिए पर्याप्त फंडिंग नहीं मिली, तो यह करोड़ों लोगों के लिए तबाही का कारण बन सकता है। उल्लेखनीय है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में जहाजों की आवाजाही के लगभग रुक जाने और लाल सागर में बढ़ते जोखिमों ने पहले ही ईंधन और उर्वरक की कीमतों को बढ़ा दिया है। सूडान और सोमालिया जैसे देशों में महंगाई बढ़ गई है।



"रोहित शर्मा आईपीएल 2026 से पहले काफी फिट और पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं तथा उन्होंने अपने कौशल पर जमकर काम किया है। मैं उनसे आगे बढ़कर नेतृत्व करने की उम्मीद कर रहा हूं।
**- महेला जयवर्धने**


# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मुरादाबाद, बुधवार, 18 मार्च 2026


## हाईलाइट

### आईपीएल के अधिकतर मैचों से बाहर रहेंगे हर्षित राणा

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पिछले महीने हुई घुटने की सर्जरी से उबर रहे हैं और वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकतर मैचों से बाहर रह सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक उनकी वापसी के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है। राणा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। वह अभी ' 'रिहैबिलिटेशन' ' से गुजर रहे हैं और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने उनकी वापसी के लिए कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है। उस अभ्यास मैच में एक ओवर फेंकने के बाद राणा को चोट लग गई थी। उन्हें इसके लिए सर्जरी करानी पड़ी जिससे वह टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे।

### ओलंपिक 2028 में चार दिन पहले शुरू हो जाएंगे फुटबॉल के मैच

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में पुरुषों और महिलाओं के फुटबॉल मैच उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले शुरू होंगे और इन्हें अमेरिका के सात शहरों में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके अनुसार शुरुआत से ही टीमों को पिछले ओलंपिक की तुलना में विश्राम के लिए दो अतिरिक्त दिवस मिलेंगे। ओलंपिक में फुटबॉल के मैच 10 जुलाई से शुरू होंगे। इसके ग्रुप चरण और क्वार्टर फाइनल के मैच न्यूयॉर्क, कोलंबस, ओहियो, नैशविले, टेनेसी और सेंट लुई में खेले जाएंगे। नॉकआउट राउंड के बाकी मैच कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में होंगे। स्वर्ण पदक के लिए होने वाला मैच रोज़ बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा।

### मीनाक्षी ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम में जगह बनाई



**नई दिल्ली।** मीनाक्षी गोयत ने आत्म-संदेह पर काबू पाकर बड़ा उलटफेर करते हुए अंतिम पंघाल को हराकर अगले महीने होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम में जगह बना ली। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम को घरेलू मैदान पर यह दुर्लभ हार झेलनी पड़ी। ट्रायल में इससे पहले तीन बार अंतिम से हार चुकी मीनाक्षी ने इस बार मजबूत रक्षात्मक खेल का शानदार प्रदर्शन किया और 6-2 की बढ़त लेने के बाद 'विन बाय फॉल' से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंतिम, दिग्गज विनेश फोगाट के 53 किग्रा वर्ग छोड़ने के बाद इस वर्ग में दबदबा बनाए हुए थीं। मुकाबले के दौरान मीनाक्षी ने कई बार अंतिम के सिर पर मजबूत पकड़ बनाई और उन्हें आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं करने दिया।

### न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर शृंखला बराबर की

**हैमिल्टन।** सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे। इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई।

# पत्नी के सीधे-सरल सवाल ने बदल दिया सूर्यकुमार का करियर

## साल 2018 में देविशा ने पूछा था- अगर आप भारत के लिए खेलना चाहते हैं तो क्या योजना है



पत्नी देविशा के सूर्यकुमार यादव।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उनकी पत्नी के सीधे सरल सवाल ने ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने को प्रेरित किया और अब जबकि सूर्यकुमार यादव विश्व कप विजेता कप्तान बन चुके हैं, तो वे अपनी 'बेहद निश्छल' पत्नी देविशा की जितनी भी प्रशंसा करें वह कम है क्योंकि उन्होंने ही उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। यह साल 2018 की बात है जब देविशा ने सूर्यकुमार से एक सरल सवाल पूछा, 'अगर आप भारत के लिए खेलना चाहते हैं, तो आपकी क्या योजना है? उस 'बेहद सादगीपूर्ण बातचीत' के आठ साल बाद सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

सूर्यकुमार ने पीटीआई वीडियो के साथ एक पॉडकास्ट साक्षात्कार के दौरान उस बातचीत को याद करते हुए कहा हमारी शादी 2016 में हुई थी जब मैं केकेआर के लिए खेल रहा था। सब कुछ बहुत सहजता से आगे बढ़ रहा था। मैं अच्छा खेल रहा था, खेल का आनंद ले रहा था। जब मैं 2018 में मुंबई इंडियंस में शामिल हुआ तो वह तब तक के मेरे सफर और दिनचर्या को देखती रही। मुझे लगता है कि इसके बाद हमने चीजों को थोड़ा अलग तरीके से करना शुरू कर दिया था।

उन्होंने कहा उसने मुझसे कहा कि आपके साथ आयु वर्ग में खेलने वाले सभी खिलाड़ी अब भारत के लिए खेल रहे हैं। आपके मन में क्या है? मैंने कहा मुझे भी भारत के लिए खेलना है। उसने पूछा, कैसे खेलोगे?। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पत्नी के साथ उनके करियर को बदलने वाली बातचीत के बारे में कहा वह संक्षिप्त सी बातचीत थी। वह किसी तरह की बहस नहीं बल्कि संक्षिप्त चर्चा थी। लेकिन निश्चित तौर पर यह इस बारे में चर्चा थी कि आप अपने लक्ष्य की ओर एक कदम आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। अगर मैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं और भारत को जीत दिलाना चाहता हूं, तो मैं यह कैसे कर सकता हूं?

एक बार जब अंतिम लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास करने का फैसला कर लिया गया तो उनकी जिंदगी में कुछ चुनौतियां भी सामने आई लेकिन सूर्यकुमार और देविशा ने एक जोड़े के रूप में उस रास्ते पर चलना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा हमें कई चीजों में कटौती करनी पड़ी। हमने इस तरह से शुरुआत की और 2018 में आईपीएल में मेरा प्रदर्शन (512 रन) बहुत अच्छा रहा तथा मैंने घरेलू क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया। सूर्यकुमार ने कहा उस साल मुझे मुंबई इंडियंस की तरफ से पारी की शुरुआत करने का भी मौका मिला और मैंने रन भी बनाए। हमने 2019 और 2020 में भी यही सिलसिला जारी रखा और मैं एक अलग ही मूड में था। कप्तान ने कहा कि देविशा पर्दे के पीछे रहकर उनकी ताकत बनी रहीं।

### टी-20 विश्व कप 2024 में 'अनुभवी जोश' कारगर साबित हुआ, तो 2026 में 'गरम खून' ने किया कमाल

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी-20 विश्व कप की दो चैंपियन टीमों की तुलना करते हुए कहा कि 2024 की टीम के खिलाड़ियों में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को खत्म करने के लिए 'अनुभवी जोश' था, जबकि इस साल साल खिताब का बचाव करने वाली टीम के पास 'युवाओं का जोशीला जुनून' था। सूर्यकुमार ने पीटीआई के साथ एक विस्तृत पॉडकास्ट साक्षात्कार में ट्रॉफी जीतने वाली दोनों टीमों के बीच मामूली अंतर पर बात की। वह 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले थे। उस टीम में विराट कोहली और रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे। बारबाडोस में मिली जीत के बाद इन तीनों दिग्गज खिलाड़ियों ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद टीम की कमान निर्भीक सूर्यकुमार ने संभाली, जिन्होंने टी20 में भारत के खेल को अगले स्तर पर पहुंचाया। सूर्यकुमार ने दोनों टीमों की तुलना करते हुए कहा, दोनों टीमों में बस उन्नीस बीस का फर्क था। वो एक्सपीरियंस (अनुभव) वाला जोश था, इधर एकदम खून गरम था लड़कों का। भारत 2026 में अपने घरेलू मैदान पर खेले गए टूर्नामेंट में खिताब का प्रबल दावेदार था, लेकिन 2024 की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता, जिसे आईसीसी खिताब हासिल करने की राह में मानसिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि 2026 की टीम 2024 की टीम से थोड़ा बेहतर थी, उन्होंने कहा, 2024 में हमारे पास काफी अनुभव था। उस समय टीम के पास अनुभव था और कई अच्छे खिलाड़ी थे। उन्होंने कहा अब भी हमारे पास अच्छे खिलाड़ी हैं, लेकिन उस समय हमारी टीम के पास काफी अनुभव था और प्रत्येक खिलाड़ी अपनी भूमिका के लिए पूरी तरह से तैयार था।

### पढ़ाई में तो अच्छे नंबर नहीं मिले, लेकिन क्रिकेट में 80 प्रतिशत अंक हासिल किए

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव को भले ही पढ़ाई में बहुत अधिक सफलता नहीं मिली लेकिन क्रिकेट के मैदान पर उन्होंने आखिरकार 80 प्रतिशत अंक हासिल कर लिए हैं। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हाल में टी20 विश्व कप खिताब का सफलतावाक बचाव किया। इस जीत का भरपूर आनंद ले रहे सूर्यकुमार का भारतीय कप्तान के रूप में जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है। मुंबई के रहने वाले सूर्यकुमार स्वाभाविक रूप से अपने इन आंकड़ों से बेहद खुश थे, क्योंकि शिक्षा ग्रहण करते समय वह कभी इतने अधिक नंबर लेकर नहीं आए थे। सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 कप्तान का पद संभालने के बाद लगातार सफलता हासिल की। उनकी अगुवाई में भारत ने अभी तक जो 52 मैच खेले हैं उनमें से 42 मैच में उसे जीत मिली है।

# स्क्वाश खिलाड़ियों की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर : अनाहत

**मुंबई, एजेंसी**

भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में हर खिलाड़ी का ध्यान मुख्य रूप से लॉस एंजिलिस 2028 खेलों पर होगा क्योंकि इन खेलों के दौरान स्क्वाश ओलंपिक में पदार्पण करेगा। अनाहत ने मंगलवार को यहां कहा कि ओलंपिक में पदक जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है।

जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन की टूर्नामेंट से पहले हुई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अनाहत ने कहा बेशक यह बहुत रोमांचक है। यह पहली बार है जब यह ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और सभी खिलाड़ी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

उन्होंने कहा इससे पहले कोई भी खिलाड़ी अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल खेलों में खेल सकता था लेकिन अब ओलंपिक भी है और बेशक, हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में जाए, खेले और पदक जीते। अनाहत ने कहा, अगले कुछ वर्षों में सभी का यही लक्ष्य रहेगा और दीर्घकाल में मेरे दिमाग में भी यही बात रहेगी कि मैं ओलंपिक तक ट्रेनिंग कर सकूं और संभवतः देश के लिए पदक जीत सकूं। जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन पीएसए कॉपर प्रतियोगिता है जो खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक हासिल करने का मौका देगा और साथ ही इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए लय बनाने में भी मदद करेगा। भारत के दूसरे सबसे बेहतर रैंकिंग वाले पुरुष खिलाड़ी रमित टंडन ने कहा कि इस खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किए जाने से कारपोरेट जगत भी इसकी ओर आकर्षित हुआ है। उन्होंने कहा, यह (ओलंपिक) दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है इसलिए वहां पहुंचना हर किसी का सपना होता है। इसके अलावा हमारे खेल को जेएसडब्ल्यू और अन्य कारपोरेट घरानों के जुड़ने से भी फायदा हुआ है जो ओलंपिक में शामिल होने के बाद ही संभव हो पाया है।टंडन ने कहा ओलंपिक में शामिल होने के बाद पूरे स्क्वाश पारिस्थितिकी तंत्र में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है। टंडन ने कहा कि इंडियन ओपन में खेलने से उन्हें कुछ राहत जरूर मिलेगी लेकिन स्क्वाश खिलाड़ी पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के हालात पर भी नजर बनाए हुए हैं।



स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह। एजेंसी

उन्होंने कहा यह स्वदेश में ही हो रहा है इसलिए हमारे लिए बहुत सुविधाजनक है। इसके ठीक बाद मैं लंदन में अगला टूर्नामेंट खेलने जा रहा हूं। अभी तक उड़ान रद्द नहीं हुई है इसलिए यह इस बात पर निर्भर करता है कि युद्ध की स्थिति कैसी रहती है। टंडन ने कहा तैयारी के लिहाज से विश्व चैंपियनशिप काहिरा में है जो एक प्रभावित इलाका है। हमें पीएसए से ईमेल मिल रहे हैं जिनमें कहा गया है कि वे स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। वे तारीखों में थोड़ा-बहुत फेरबदल करने पर भी विचार कर रहे हैं।

## मंधाना महिला वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

**दुबई।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं।

रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं। न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के अंतिम मैच में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। 33 वर्षीय ग्रीन की डुनेडीन में खेली गई 73 गेंदों की पारी की बदौलत उनकी टीम ने 200 रन से जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 3-0 से सूपड़ा साफ किया। इस प्रदर्शन से वह पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर ने आखिरी वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 रन बनाने के साथ 22 रन देकर पांच विकेट झटके।

## कुलदीप का ग्रैंड रिसेप्शन



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार व चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का मंगलवार को राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में होटल सेंट्रम में रिसेप्शन कार्यक्रम हुआ। देर रात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव भी शुभकामनाएं देने के लिए रिसेप्शन में पहुंचे। सीएम योगी ने बुके देकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। कुलदीप ने मसूरी में बचपन की दोस्त वंशिका के साथ शादी की है। ● अमृत विचार

# धोनी शीर्ष छह में बल्लेबाजी करें : डिविलियर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने मंगलवार को बेबाक राय देते हुए कहा कि महेंद्र सिंह धोनी को आगामी आईपीएल में शीर्ष छह में बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि आठवें या नौवें नंबर पर आने से उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता। धोनी 44 साल के हो



चुके हैं और 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के लिए खेलेंगे और डिविलियर्स ने इस करिश्माई खिलाड़ी से पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजी क्रम में बहुत नीचे खेलने की रणनीति को बदलने की अपील की। आगामी आईपीएल सत्र में सीएसके में धोनी की भूमिका पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा यह बहुत मुश्किल है और सीधा-सीधा मामला नहीं है। ब्रांड बनने में वर्षों लगते हैं और सीएसके ने धोनी की शख्सियत के साथ कई वर्षों में यह साम्राज्य खड़ा किया है जो हमेशा से वहां मौजूद रहे हैं।

**मन की बात** | ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाली बल्लेबाज ने किया था शानदार प्रदर्शन


# महिलाओं के लिए अधिक टेस्ट मैच होने चाहिए : प्रतिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर अर्धशतक लगाने वाली भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल ने महिलाओं के लिए अधिक टेस्ट मैच कराने की वकालत करते हुए इसे अपना पसंदीदा प्रारूप बताया है।

प्रतिका ने इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेले गए दिन-रात्रि टेस्ट की दूसरी पारी में 63 रन बनाकर भारत को पारी की हार से बचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) की मेजबानी में आयोजित भारतीय खेल पत्रकार संघ (एसजेएफआई) के सम्मेलन से इतर प्रतिका ने कहा टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारूप है। बचपन से मेरे पिता और कोच कहते थे



कि इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करना बहुत जरूरी है। जब आपको उसी तरह तैयार किया जाता है तो स्वाभाविक रूप से यह आपका पसंदीदा प्रारूप बन जाता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने विवियन रिचर्ड्स, सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा और रिकी पोंटिंग जैसे महान खिलाड़ियों के टेस्ट मैचों के वीडियो देखकर खुद को इस प्रारूप के लिए तैयार किया है।

प्रतिका ने कहा मैंने इन महान बल्लेबाजों के कई वीडियो देखे हैं। टेस्ट क्रिकेट में जिस तरह वे खेलते थे, वह हमेशा प्रेरित करता रहा है। महिला टेस्ट मैचों की संख्या बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जितने अधिक टेस्ट मैच होंगे, उतना बेहतर होगा। उनके अनुसार टेस्ट क्रिकेट खेलने का अनुभव खिलाड़ी को न केवल बेहतर बनाता है, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी उसे परिपक्व करता है।

एसजेएफआई के इस चार दिवसीय स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित पुरस्कार समारोह में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने प्रतिका को 51 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया।

### बीसीसीआई के पुरस्कार से मिली प्रेरणा

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वार्षिक पुरस्कार समारोह 'नमन पुरस्कार 2026' को भी खास अनुभव बताया। उन्होंने कहा यह बीसीसीआई के साथ मेरा पहला पुरस्कार था और पूरी शाम बेहद शानदार रही। इस तरह की पहचान खिलाड़ियों को प्रेरित करती है। बीसीसीआई जिस तरह चैंपियनों को सम्मानित कर रहा है, वह भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ा कदम है। पिछले सत्र में भारत की विभिन्न टीमों ने पांच वैश्विक ट्रॉफियां जीती हैं और देश में क्रिकेट लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्व कप जीत को अपने करियर का सबसे यादगार पल बताते हुए कहा कि उसकी खुमारी अब तक बरकरार है।